वर्ष 72 अंक 124 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 01 फरवरी, 2025
माघ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


इस संसार का नियम यही है कि जो उदय हुआ है, वह अस्त होगा। जो विकसित हुआ है, वह मुरझा जाएगा। जो आया है, वह जाएगा।
- कबीर

## आर्थिक सर्वेक्षण: विकास दर 6.3 से 6.8% रहने का अनुमान, आज पेश होगा बजट

# महंगाई-बेरोजगारी की चुनौती बरकरार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसके अनुसार अगले वित्त वर्ष यानी 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान जीडीपी ग्रोथ 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहेगी। लेकिन 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए अगले दो दशक तक 8 प्रतिशत की दर से आर्थिक विकास करना होगा। साथ ही बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। बजट शनिवार को पेश किया जाएगा।

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि महंगाई नियंत्रण में आ रही है, लेकिन इस मोर्चे पर चिंता लगातार बनी हुई है। रिटेल महंगाई अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत पर आ गई, जिससे जनता को राहत मिली, क्योंकि 2023-2024 में यह दर 5.4 प्रतिशत थी। चौथी तिमाही में महंगाई में और भी कमी की उम्मीद है। लेकिन खराब मौसम, कम उपज के चलते सप्लाई चेन में बाधा आने से खाने-पीने की चीजें महंगी हो सकती हैं। सर्वे में बताया गया है कि महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने-दर-महीने के आधार पर 9.04 से घटकर 8.39 प्रतिशत पर गई है, लेकिन यह स्तर संतोषजनक नहीं है। अगले वित्त वर्ष में महंगाई ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

सर्वे के अनुसार, श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। 2017-18 में यह जहां 23.3 प्रतिशत थी, वहीं पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में यह 41.7 प्रतिशत हो गई थी। ग्रामीण इलाकों में खुद का काम करने वाली या नियोक्ता महिलाओं की संख्या भी 19 से बढ़कर 31.2 प्रतिशत हो गई थी लेकिन विशेषज्ञ इसे न तो आर्थिक मजबूती का नतीजा मानते हैं, और न ही किसी बड़े आर्थिक सुधार का। उनका मानन है कि कोविड के बाद घर चलाने के लिए पुरुषों के साथ महिलाओं को भी काम करना पड़ा है। यह इसी का असर है।

### स्व-रोजगार करने वालों की आय में गिरावट

आर्थिक सर्वे में संगठित और असंगठित क्षेत्रों के रोजगार को लेकर अच्छी खबर नहीं है। पुरुषों की औसत मासिक कमाई 2017-18 में 9,454 थी, लेकिन अब 2023-24 में यह 9 प्रतिशत गिरकर 8,591 पर आ गई है। महिलाओं की हालत और भी खराब रही। उनकी मासिक कमाई में 32 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 4,338 से घटकर 2,950 रह गई। जो लोग कंपनियों में नौकरी करते हैं, उनके लिए भी स्थिति बेहतर नहीं रही। पुरुष सैलरीड की मासिक आय 12,665 से घटकर 11,858 रह गई है। वहीं, महिला सैलरीड को सबसे ज्यादा झटका लगा है, जिनकी आय 10,116 से घटकर 8,855 हो गई। हालांकि, सर्वे में उम्मीद जताई गई है कि अगले वित्त वर्ष में लेबर मार्केट के हालात बेहतर होंगे। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक बेरोजगारी दर गिरकर 3.2 प्रतिशत पर आ गई है, जो अच्छा संकेत है। वित्त वर्ष 2023-2024 में यह दर 6 फीसदी थी।




### 50-60 घंटे से ज्यादा काम जोखिम भरा

आर्थिक सर्वेक्षण में यह चेतावनी दी गई है कि सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करना सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। हालांकि, रोज आठ घंटे से ज्यादा बैठकर काम करना भी नुकसानदायक है। सर्वे में विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि सप्ताह में 50-60 घंटे से अधिक काम करना स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा है। सर्वे में कहा गया है कि सैपियन लैब्स सेंटर फॉर ह्यूमन ब्रेन एंड माइंड के एक अध्ययन के अनुसार, लंबे समय तक बैठने वाले लोग मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का शिकार हो जाते हैं। ज्यादा काम करने से कार्य की गुणवत्ता पर भी बुरा असर होता है।

### ये चुनौतियां गौरतलब

- एआई का तेजी से हो रहा विकास न केवल ग्लोबल लेबर मार्केट में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है, बल्कि महत्वपूर्ण चुनौतियां भी उत्पन्न कर रहा है। इससे रोजगार के अवसरों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।
- भारत को अगले 20 साल में तेज ग्रोथ के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की जरूरत है। पब्लिक फंडिंग यह जरूरत पूरी नहीं होंगी, इसलिए आर्थिक सर्वेक्षण में प्राइवेट भागीदारी और बढ़ाने पर जोर दिया गया है।
- भारतीय बाजारों के सामने सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका से जुड़ा है। सर्वे में अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट की आशंका व्यक्त की गई है, जिसका असर भारतीय शेयर बाजार, खासकर रिटेल निवेशकों पर पड़ेगा।

## महाकुंभ भगदड़ की जांच शुरू

# आयोग ने घटनास्थल और घायलों से जुटाई जानकारी


संगम नोज पर उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा गठित जांच दल।

**प्रयागराज, जेएनएन।** महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज में संगम नोज स्थित घटनास्थल पर पहुंचा और अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद आयोग के सदस्यों ने एसआरएन अस्पताल में भर्ती घायलों से पूछताछ की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा, आयोग दोपहर में संगम नोज पर पहुंचा जहां मंगलवार देर रात भगदड़ मची थी। आयोग के साथ मौजूद मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीआईजी वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने आयोग के सदस्यों को जानकारी दी। आयोग ने भारी सुरक्षा के बीच उस क्षेत्र का भ्रमण किया। आयोग संगम से शहर स्थित स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचा जहां आयोग के सदस्यों ने भगदड़ में घायल लोगों और उनके तीमारदारों से बातचीत करके स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर आयोग के एक सदस्य ने कहा, मैं फिलहाल टिप्पणी नहीं करना चाहता।

## संक्षिप्त खबरें

### कांसोटिया होंगे प्रदेश के नए एसीएस गृह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने शुक्रवार को देर शाम 5 आईएएस अफसरों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए। अपर मुख्य सचिव जेएन कांसोटिया को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, सरकार ने अब तक एसएन मिश्रा के पास रहे जेल और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी किसी दूसरे अधिकारी को नहीं दी है।



वहीं अनिरुद्ध मुकर्जी आवासीय आयुक्त मप्र भवन नई दिल्ली को राजस्व मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। मुकर्जी लोक परिसपंत्ति प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव भी होंगे। सचिन सिन्हा प्रशासकीय सदस्य राजस्व मंडल को वि.क.अ.सह महानिदेशक प्रशासन अकादमी बनाया गया है। श्रीमती रश्मि अरुण शमी प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आवासीय आयुक्त, मप्र भवन नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# भिंड में रेत ट्रॉली छुड़ाने के लिए खनिज टीम पर किया पथराव

### कलेक्टर ने पकड़कर सौंपी थी अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली

**जागरण, भिंड।** अवैध रेत खनन और ढुलाई में जुटे माफिया ने एक बार फिर प्रशासन को सीधी टक्कर दी है। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा पकड़े गए अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर थाने ले जा रही खनिज विभाग की टीम पर माफिया ने पथराव कर दिया। चारों ओर से हुए पथराव से बचने के लिए खनिज विभाग के अमले को छिपना पड़ गया। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने छह अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज कर रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया।

सरकारी अमले और माफिया के बीच यह भिड़ंत गुरुवार- शुक्रवार की दरमियानी रात एक बजे करीब की है, जब अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर नजर रख रहे कलेक्टर श्रीवास्तव ने ऊमरी से रौन मार्ग पर रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया। जांच के दौरान ड्राइवर के पास टीपी (ट्रांजिट पास) और रॉयल्टी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं था। ■ शेष पृष्ठ 7 पर


रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली जिसे कलेक्टर ने जब्त किया। इनसेट में कलेक्टर।

### कलेक्टर बोले-अभियान जारी रहेगा

इस संबंध में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने दैनिक जागरण से चर्चा में कहा कि मुझ पर हमले और फायरिंग की खबर पूरी तरह से फर्जी है। मैंने खनिज की टीम को बुलाकर अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कराई थी। थाने ले जाते समय टीम पर हमला हुआ। अवैध रेत पकड़ने पर पथराव कर वाहन छुड़ाने का यहां रिवाज है। हम इसी रिवाज को खत्म कर रहे हैं। अवैध रेत खनन और परिवहन पर अंकुश लगाया जाएगा। इस तरह की घटनाओं में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# पायल मोदी को आया होश, आज बयान लेगी पुलिस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जयश्री गायत्री फूड के संचालक किशन मोदी की पत्नी पायल मोदी को होश आ गया है। उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती पायल ने शुक्रवार की शाम आंखें खोलीं और अपने परिजनों से कुछ देर बात की। किशन मोदी के मुताबिक इलाज कर रहे डॉक्टरों ने पायल की हालत को खतरे से बाहर बताया है। कंपनी के 9 ठिकानों पर बुधवार को पड़े छापों के अगले दिन पायल ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी।

चूनाभट्टी थाना प्रभारी भूपिंदर कौर संधु के अनुसार शुक्रवार को भी पुलिस टीम बयान के लिए अस्पताल पहुंची थी। इस दौरान डॉक्टरों ने


पायल मोदी

बताया कि पायल फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में पुलिस टीम शनिवार को उसके बयान लेगी। थाना प्रभारी के अनुसार पायल के द्वारा लिखे हुए सुसाइड नोट पर कोई भी कार्रवाई उसके बयान रिकॉर्ड होने के बाद ही तय होगी। इस मामले में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भी ट्वीट कर ईडी की कार्रवाई पर निशाना साधा है।

आत्महत्या का प्रयास करने से पहले पायल ने चार पेज का एक नोट लिखा था। अपने हाथों से लिखे इस पत्र में पायल ने अपने और अपने परिवार पर जांच एजेंसियों के छापों के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, उनके जीजा चंद्रप्रकाश पांडे, चंद्रप्रकाश पांडे के भाई वेद प्रकाश, सुनील त्रिपाठी और आरटीआई एक्टिविस्ट भगवान सिंह मेवाड़ा पर झूठे मामलों में फंसाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

## नीट पीजी: डीएमई का कोर्ट में बयान

# जनरल से भरी जाएंगी 'एनआरआई' की सीटें

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश हाईकोर्ट में शुक्रवार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) की ओर से बयान दिया गया कि मॉप अप राउंड में खाली बचीं एनआरआई कोटे की 48 सीटें जनरल कैटेगरी में मैरिट से भरी जाएंगी। इसके बाद जस्टिस संजीव सचदेवा और देवनारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने एक डॉक्टर की याचिका का निराकरण कर दिया।

भोपाल की रहने वाली डॉ. ख्याति शेखर की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया था कि नीट पीजी परीक्षा 2024 में 936वीं रैंकिंग हासिल करने के बाद भी उसे सीट नहीं मिली। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पहले राउंड की काउंसिलिंग में एनआरआई कोटे की 48 सीटें खाली हैं और उन्हें न भरा गया तो वे सभी लैप्स हो जाएंगी। इस बारे में डीएमई द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर यह याचिका दायर की गई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा।

# सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान

### बुमराह व मंधाना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**मुंबई, जेएनएन।** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को बीसीसीआई के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सचिन इस पुरस्कार को पाने वाले 31वें खिलाड़ी होंगे।



बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस पुरस्कार को शुरू किया था। इसके अतिरिक्त बुमराह को साल 2024 का ओवर आल बेस्ट प्लेयर आफ द ईयर और विमेंस क्रिकेट में स्मृति मंधाना को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला ओडीआई क्रिकेटर अवार्ड के लिये चुना गया है।

(विस्तृत समाचार पेज-10 पर)

भारत ने जीती टी-20 सीरीज, पेज-11

## दिल्ली चुनाव: आप में भड़का असंतोष

# आठ विधायकों ने दिया इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से 5 दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) के 8 मौजूदा विधायकों ने विधायक पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। ये विधायक महरौली, त्रिलोकपुरी, जनकपुरी, बिजवासन, पालम, आदर्श नगर, कस्तूरबा नगर विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि, इनमें से किसी को भी आप ने टिकट नहीं दिया है।

महरौली से 2 बार विधायक रहे नरेश यादव ने अपने इस्तीफे की वजह पार्टी में फैले भ्रष्टाचार को बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में पार्टी छोड़ने की वजह भी बताई। उन्होंने लिखा- आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आप ही भ्रष्टाचार ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## दो टूक | एफबीआई डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति को लेकर सीनेट में सुनवाई में बोले पटेल

# नस्लवाद अमेरिका की सबसे गंभीर समस्या

**वॉशिंगटन जेएनएन।** ट्रंप प्रशासन में एफबीआई डायरेक्टर के लिए चुने गए काश पटेल ने गुरुवार को सीनेट में बताया कि उन्हें नस्लवाद का सामना करना पड़ा था। इस पद पर काश पटेल की नियुक्ति की मंजूरी को लेकर सीनेट में गुरुवार से सुनवाई शुरू हुई है। इसमें वे अपना पक्ष रख रहे थे।

इसी दौरान रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने पटेल से पूछा कि क्या उन्होंने कभी व्यक्तिगत रूप से नस्लवाद का अनुभव किया है। इस पर पटेल ने कहा कि दुर्भाग्य से उन्हें नस्लवाद का सामना करना पड़ा है। नस्लवाद अमेरिका की गंभीर समस्या है, जिसे खत्म करना जरूरी है। पटेल ने बताया कि 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुई हिंसा की जांच के दौरान उन्होंने कमेटी के सामने बयान दिए थे। तब कांग्रेस (अमेरिकी संसद) ने उनकी निजी जानकारियां सार्वजनिक कर दी थीं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### जय श्री कृष्णा से स्पीच की शुरुआत

काश पटेल ने अपने भाषण की शुरुआत जय श्री कृष्णा के नारे से की। वे कलावा पहने हुए भी नजर आए। उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में प्लेन और हेलिकॉप्टर की भिड़ंत में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। सुनवाई के दौरान उनके माता-पिता सीनेट में मौजूद थे। काश पटेल की मां अंजना पटेल और पिता विनोद पटेल भारत से अमेरिका पहुंचे थे। उनकी बहन और परिवार के दूसरे लोग भी वहां मौजूद थे। पटेल ने माता-पिता और परिवार के अन्य लोगों का सीनेट में स्वागत किया। पटेल ने एफबीआई डायरेक्टर के तौर पर नॉमिनेट करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद भी दिया।

### कैपिटल हिंसा के आरोपियों को माफी देने का विरोध

अपने भाषण में पटेल ने कैपिटल हिल हिंसा के आरोपियों को माफी देने के फैसले का भी विरोध किया। पटेल ने कहा, वह ट्रंप के सजा में छूट के फैसले का विरोध करते हैं, जिसके तहत 6 जनवरी के सैकड़ों दंगाइयों को जेल से रिहा कर दिया गया, जिन्होंने पुलिस अधिकारियों पर हमला किया था। पटेल ने कहा कि लॉ एनफोर्समेंट (कानून प्रवर्तन) एजेंसियों के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हिंसा अमेरिकी संस्कृति के खिलाफ है। गौरतलब है कि जांच के दौरान भी पटेल ने कैपिटल हिंसा के विरोध में बयान दिया था, जो कुल मिलाकर ट्रंप के विरोध में था।




भारत ने जीती टी-20 सीरीज, इंग्लैंड को दी शिकस्त (पेज 11)



## आरटीओ कार्यालय की महिला कर्मचारी पर कांग्रेस नेत्री से अभद्रता का आरोप

# पूर्व विधायक सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने दिया धरना, मचा हंगामा

**रुकी हुई फाइल को क्लियर करने लगाया था फोन, तभी बढ़ी तकरार**

**कार्यालय पहुंची तो विवाद और बढ़ा, आरटीओ के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त**



**जागरण, रीवा।** शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय में हंगामा मच गया। महिला कर्मचारी के व्यवहार से दुखी कांग्रेस की पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने धरना दे दिया। घंटों हंगामा मचा रहा। हंगामे की भनक लगते ही मौके पर आरटीओ पहुंचे। कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ही धरना समाप्त हुआ। आपको बता दें कि यह पूरा मामला एक रुकी हुई फाइल से शुरू हुआ। आरटीओ कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मचारी दर्शना बाकड़े के पास ही एक महीने से फाइल रुकी हुई थी। फाइल पास नहीं हुई। इसकी शिकायत लेकर संबंधित व्यक्ति पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बबिता साकेत के पास पहुंचा। बबिता साकेत ने संबंधित महिला कर्मचारी को फोन लगाया। फोन पर ही महिला कर्मचारी ने कांग्रेस की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को तवज्जो नहीं दी। बिना कुछ सुने ही उनको अपशब्द कहते हुए फोन काट दिया। इससे नाराज बबिता साकेत खुद ही आरटीओ कार्यालय पहुंच गईं। यहां भी महिला कर्मचारी ने उनके साथ अभद्रता की। इससे नाराज कांग्रेस नेत्री मौके पर ही धरना पर बैठ गईं। उनके साथ पूर्व विधायक विद्यावती पटेल भी मौजूद रहीं। बात यहीं तक नहीं रुकी। बबिता साकेत का आरोप है कि महिला कर्मचारी ने इसके बाद भी उनके साथ हुज्जतबाजी की। उन्हें पकड़कर उठाने और हटाने की कोशिश की। यहीं से विवाद और बढ़ गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी पहुंच गए। हंगामा होता देख इसकी जानकारी आरटीओ मनीष त्रिपाठी को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर आरटीओ भी पहुंच गए। उन्होंने धरने पर बैठी कांग्रेस नेत्रियों और कांग्रेसियों को मनाने की कोशिश की। काफी देर तक मानमनौव्वल का दौर चलता रहा लेकिन बात नहीं बनी। कांग्रेसी महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई पर अड़े रहे। आरटीओ ने जब महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए कमिश्नर के पास पत्र भेजने की बात कही, तब जाकर कांग्रेसियों का गुस्सा शांत हुआ और धरना समाप्त किया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बबिता साकेत ने आरटीओ में चल रही अव्यवस्था को लेकर भी कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां बाहरी लोग तैनात किए गए हैं। वही सारे काम कर रहे हैं। फाइलें बिना कमीशन लिए पास नहीं की जाती। भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया।

## हवाई अड्डे के हाई जैकिंग मॉक ड्रिल की गई

# रीवा एयरपोर्ट पर पहुंचा हाईजैक प्लेन, मचा हड़कंप

**पुलिस बल के साथ ही एनएसजी कमांडो टीम, बम स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंची**



**जागरण, रीवा।** शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के होश तब उड़ गए जब हवाई जहाज के हाईजैक होने की सूचना पहुंची। रीवा एयरपोर्ट पर एमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी गई। हाईजैक प्लेन के रीवा एयरपोर्ट में एमरजेंसी लैंडिंग की सूचना जैसे ही पहुंची, पूरा परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस बल के साथ ही एनएसजी कमांडो ने मोर्चा सम्हाल लिया। चंद घंटों में ही हाईजैक प्लेन को हाईजैकर के कब्जे से मुक्त करा लिया गया। हालांकि बाद में पता चला कि यह सब कुछ मॉकड्रिल का हिस्सा था। दरअसल रीवा हवाई अड्डे पर वार्षिक एंटी हाईजैकिंग मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस दौरान एक डमी विमान 'फ्लाई हाई' तैयार किया गया। इस विमान का अपहरण कर लिया गया और कम ईंधन की चेतावनी दी गई। जिसे रीवा हवाई अड्डे पर उतरना की अनुमति मांगी गई। ईंधन आपात स्थिति के कारण एटीसी को रीवा एयरपोर्ट पर विमान को उतारने की अनुमति दी गई। एटीसी ने हाईजैक की सूचना तुरंत जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग को भेजी तथा कार्यवाही कर मॉकड्रिल करते हुए विमान को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। माकड्रिल मे रीवा एयरपोर्ट की ऐरोड्रोम समिति, जिसने अपहरणकर्ता से समझौते किए थे, उपस्थित रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एयरपोर्ट निदेशक-नवनीत चौधरी, चीफ एविएशन सिक्योरिटी ऑफिसर, एडिशनल एस.पी विवेक लाल, ए. टी. सी प्रभारी आरती सिन्हा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी-शुभम शर्मा, फ्लाईबिग एयरलाइन प्रभारी केडी सिंह सहित एयरपोर्ट से फायर विभाग ऐश्वर्य मीणा, सीएनएस इंचार्ज अंकुश गौतम उपस्थित रहे। इसके साथ ही बीसीएएस भोपाल के प्रतिनिधि सीताराम मीणा, एनएसजी कमांडो टीम अहमदाबाद उपस्थित रहे। रीवा जिले से मेडिकल टीम एवं फायर टीम मौके पर उपस्थित रही। क्विक रिस्पांस टीम पुलिस और बम डिस्पोजल स्क्वॉड, थाना प्रभारी आशीष मिश्रा का माकड्रिल में सहयोग रहा।

## एसजीएमएच के ब्लड बैंक ने बचाई मरीजों की जान, 12 हजार को दिया जीवनदान

# जान बचाने पहुंचे थे रक्तदाता, खून की जांच हुई तो 104 निकले खुद ही गंभीर बीमारियों के शिकार

**22 डोनर एचआईवी पॉजिटिव मिले, 64 हेपेटाइटिस बी और 18 हेपेटाइटिस सी से पीड़ित मिले**

**1553 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया**

**जागरण, रीवा**

रक्तदान महादान कहा जाता है। यह सच भी है। संजय गांधी अस्पताल में ब्लड बैंक में हुए रक्तदान से सालभर में 12 हजार 57 मरीजों की जान बचाई गई। इतना ही नहीं, यहां पहुंचने वाले 104 डोनरों की जांच ने समय रहते गंभीर बीमारियों से भी परिचय कराया और उनका इलाज शुरू हो गया। 22 डोनर खुद एचआईवी पॉजिटिव मिले। 64 को हेपेटाइटिस बी और 18 को हेपेटाइटिस सी जैसी गंभीर बीमारियों ने जकड़ रखा था। सभी का इलाज शुरू हो गया है।

किसी भी अस्पताल का ब्लड बैंक ही उसकी जान होता है। ब्लड बैंक बैक सपोर्ट का काम करता है। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाता है। संजय गांधी अस्पताल का ब्लड बैंक भी ऐसा है। विंध्य का सबसे बड़ा ब्लड बैंक है। इस ब्लड बैंक के भरोसे ही विंध्य के कई मरीजों की जान बचाई जाती है। यदि बात वर्ष 2024 की करें तो एक साल में यहां 10 हजार 284 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ था। इसमें से 89.69 फीसदी ब्लड स्वैच्छिक रक्तदान से पहुंचा। ब्लड बैंक में पहुंचे कई रक्तदाता रक्तदान शिविर में शामिल हुए तो कइयों ने अस्पताल पहुंच कर रक्तदान दिया। रक्तदान करने वालों की मंशा



स्पष्ट थी। उन्हें सिर्फ मरीजों की जान बचानी थी लेकिन कई रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद ही उनके अंदर पल रही बीमारियों का भी पता चला। इनके ब्लड तो किसी के काम नहीं आए लेकिन अब उनका इलाज जारी है। ब्लड डोनेशन ने उनकी बीमारियों की पहचान कराकर उनका इलाज शुरू करा दिया है।

**लोग जागरूक नहीं हैं, इसलिए परेशानियां उठानी पड़ती है :** रक्तदान को लेकर अभी भी लोग जागरूक नहीं है इसके कारण कई मर्तबा ब्लड बैंक में खून की कमी हो जाती है। रक्तकोष खाली हो जाता है। कई भ्रांतियां लोगों के मन में बसी हुई है, जो दूर नहीं हो पा रही हैं। इसी वजह से लोग अपनों को भी खून देने से कतराते हैं। बेटा पिता को तो पिता बेटे को ब्लड देने से गुरेज करता है। इसके कारण परिजन ब्लड की तलाश में इधर उधर भटकते हैं। लोग रक्तदान से भी दूरी बनाते हैं। देहदान को लेकर तो लोग जागरूक हो गए हैं लेकिन रक्तदान को लेकर जागरुकता अभी पूरी तरह से नहीं आ पाई है।

### किडनी ट्रांसप्लांट, बायपास सर्जरी में अहम भूमिका

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट जैसे ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। ओपन हार्ट सर्जरी की जा रही है। इन सर्जरी में ब्लड बैंक की भूमिका अहम रहती है। सर्जरी में एक साथ कई यूनिट ब्लड लगते हैं। मरीज के ग्रुप के हिसाब से ब्लड की उपब्धता सुनिश्चित करना भी बड़ा चैलेंजिंग वाला काम होता है। किडनी ट्रांसप्लांट में एक आपरेशन में 10 से 12 यूनिट तक ब्लड लगता है। इसी तरह ओपन हार्ट सर्जरी में भी 8 से 10 यूनिट ब्लड लग जाता है। यह भी ब्लड बैंक ही उपलब्ध कराता है। तब जाकर आपरेशन सफल हो पाता है।

### एसजीएमएच के ब्लड बैंक पर एक नजर

| | | |
|---|---|---|
| ब्लड कलेक्शन | - | 10,284 यूनिट |
| स्वैच्छिक रक्तदाता | - | 89.69 फीसदी |
| ब्लड ग्रुपिंग | - | 21027 |
| ब्लड इश्यू हुआ | - | 12057 यूनिट |
| गर्भवती महिलाएं को | - | 1553 यूनिट |
| एक्सीडेंटल मामलों में | - | 1346 यूनिट |
| कैंसर पेसेंट को | - | 1183 यूनिट |

### ब्लड डोनर जांच में मिले बीमार

| | | |
|---|---|---|
| एचआईवी पॉजिटिव | - | 22 |
| हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव | - | 64 |
| हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव | - | 18 |

### मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया गया

संजय गांधी अस्पताल में दिन रात मरीज पहुंचते हैं। यहां की एमरजेंसी हर समय फुल ही रहती है। कई एक्सीडेंट में घायल मरीज भी पहुंचते हैं, जिनके आसपास परिजन भी नहीं होते। ऐसे में इन मरीजों को आपरेशन के दौरान ब्लड की जरूरत होती है। इसकी पूर्ति भी ब्लड बैंक करता है। एक साल में एक्सीडेंट में घायल मरीजों की जान बचाने के लिए 1347 यूनिट ब्लड दिया गया। इसी तरह कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी से जूझ रहे मरीजों को 1183 यूनिट ब्लड दिया गया। गायनी विभाग में कई गर्भवती महिलाएं पहुंचती हैं जिनका हीमोग्लोबिन कम होता है। एनीमिक होती हैं। इन्हें भी निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। 1553 यूनिट ब्लड गर्भवती महिलाओं को दिया गया है। अब इन आंकड़ों से ही ब्लड की कीमतों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

एक साल में एसजीएमएच के ब्लड बैंक में 10 हजार 284 यूनिट ब्लड आया। इसमें स्वैच्छिक रक्तदाता 86 फीसदी से अधिक रहे। जिन रक्तदाताओं के जांच में बीमारियां सामने आती हैं, उन्हें काउंसलिंग के लिए भेज देते हैं। काउंसलिंग के बाद इलाज शुरू कर दिया जाता है।
**डॉ लोकेश त्रिपाठी, प्रभारी ब्लड बैंक, एसजीएमएच रीवा**

## कला मंदिर के आसपास दुकानदारों से वसूला गया 15600 रुपये जुर्माना

**रीवा।** नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा कला मंदिर के आसपास सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों 15600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। शुक्रवार की रात को की गई इस कार्यवाही में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध एवं दुकान के बाहर डस्टबिन ना रखने और गंदगी करने एवं दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वाले समस्त दुकानदारों का चालान किया गया। यह कार्यवाही कला मंदिर रोड से लेकर प्रकाश चौराहा एवं हॉस्पिटल चौराहा तक की गई। इसके साथ ही कार्यवाही में उपस्थित आईईसी टीम द्वारा समस्त दुकानदारों को प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं अपने दुकान के बाहर डस्टबिन का उपयोग करने के साथ-साथ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा, अतिक्रमण दल एवं आईईसी टीम उपस्थिति रही।

## पीएम आवास में 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस-2018 की सूची को अपडेट करने जिले में आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें ऐसे सभी पात्र परिवारों के नाम स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़े जाएँगे जो पूर्व में हुए सर्वे से छूट गए थे। आवास प्लस की स्थाई प्रतीक्षा सूची में शामिल होने वाले सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस सर्वे 2024 की यह कार्यवाही 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। केंद्र शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को आगामी पाँच वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास प्लस-2018 की सूची को अपडेट करने और स्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार करने आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

## नागेंद्र गहरवार बने सपा शहर अध्यक्ष



**रीवा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव द्वारा राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह एवं जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल की अनुशंसा पर एड. नागेन्द्र सिंह गहरवार को रीवा शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिस पर सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह, सपा नेता एमडी खान, अशोक यादव, प्रमोद शुक्ला, राकेश कुमार, रामचंद्र यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष केदारनाथ यादव, एड. बसंत कुमार पाण्डेय, एड. रामकृपाल यादव, एड. अजय चौरसिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गुप्त नवरात्र: मंदिरों में शुरू हुए अनुष्ठान

**शुभ मुहूर्त में हुई कलश स्थापना, नौ दिन चलेगा पूजन अर्चन**

**जागरण,रीवा।** नवरात्रि के पर्व को नारी शक्ति और देवी दुर्गा का प्रतीक माना जाता है। हिंदू धर्म में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, जिनमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा भी दो गुप्त नवरात्र हैं। गुप्त नवरात्र पर्व आषाढ़ और माघ माह में मनाया जाता है। 30 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्र का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही मंदिरों में 10 महाविद्याओं का पूजन भी प्रारंभ हुआ। ज्योतिषचार्यों के अनुसार माघ शुक्ल प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 जनवरी को हुई, लेकिन उदया तिथि के अनुसार माघ गुप्त नवरात्र का शुभारंभ 30 जनवरी को हुआ। इस दौरान माता के विभिन्न रूपों का पूजन किया जाता है। इस पर्व को तंत्र साधना और गुप्त विद्याओं में रुचि रखने वालों के लिए खास माना गया है।

## विंध्य आउटसोर्स कर्मचारियों को मिला तार मिस्त्री प्रमाण पत्र



**रीवा।** विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को लंबे समय बाद सफलता मिली है। आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से तार मिस्त्री प्रमाण पत्र की लड़ाई लड़ रहे थे। विभाग ने 64 आउटसोर्स कर्मचारियों को तार मिस्त्री प्रमाण पत्र वितरित कर दिए गए हैं। तार मिस्त्री प्रमाण पत्र मिलने के बाद आउटसोर्स कर्मचारियों के चेहरे खिल गए हैं। तार मिस्त्री प्रमाण पत्र मिलने के बाद आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, प्रदेश सचिव सतीश चौबे, उपाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा सहित अन्य ने शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र मिश्रा का सम्मान किया है। साथ ही मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी और अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला के प्रति आभार जताया है।

# टीआरएस कॉलेज के सामने से अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई नूराकुश्ती

**नगर निगम की उड़नदस्ता टीम से भिड़ गये अतिक्रमणकारी**



**जागरण, रीवा।** कॉलेज चौराहे से अतिक्रमण हटा दिया गया है लेकिन कुछ अतिक्रमणकारी चौराहे से हटाये जाने के बाद टीआरएस कॉलेज के मुख्य गेट के सामने सड़क की पटरी पर ही दोपहिया वाहन में कंप्यूटर रखकर दुकानें खोल लेते हैं जिससे कॉलेज छूटने एवं लगने के समय अव्यवस्था फैल जाती है। ये अतिक्रमणकारी इतने दबंग हैं कि नगर निगम के उड़नदस्ता टीम से भी भिड़ जाते हैं। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को दोपहर उस समय देखने को मिला जब नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंच गई। गेट के सामने दोपहिया वाहन में कंप्यूटर की कई दुकानें खुली हुई थी। निगम की उड़नदस्ता टीम ने उन्हें यहां से हटने के कहा कि तो वे उनसे ही विवाद करने लगे। जब नगर निगम के कर्मचारियों ने सामान जब्त करने का प्रयास किया तो उनके हाथ से सामान छीन लिया और विवाद करने लगे। यह स्थिति शहर में आये दिन निर्मित होती है। अंततः निगम की उड़नदस्ता टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा, लेकिन जब तक अतिक्रमणकारी वहां से चले नहीं गये, कर्मचारी उनसे संघर्ष करते रहे।

**3000 रु. की चालानी कार्यवाही की गई :** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्र. 10 जनता कॉलेज मोड़ से वृंदावन कॉलोनी मोड़ तक रोड पटरी दोनों साइड खाली कराते हुये अतिक्रमण हटवाया गया। निरंजन मेडिकल के सामने से रोड पटरी पर ठेले, गुमटी द्वारा किये गये अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुये हटाया गया। नए बस स्टैंड में ओवर ब्रिज के नीचे सरदार पटेल तिराहा के पास से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही में कुल 3000रु. की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही समझाइश दी गई कि दोबारा पाये जाने पर चलानी के साथ जब्ती की भी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी रावेन्द्र शुक्ला, अतिक्रमण सहायक सुखेन्द्र चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द द्विवेदी एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## मानस भवन में जागरुकता कार्यक्रम आज, शामिल होंगे न्यायाधिपति

**रीवा।** समाज में बढ़ते हुए अपराध और नशा की लत अत्यंत घातक है। समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का यह प्रथम दायित्व है कि शिक्षा और विशेष रूप से विधक जागरुकता के लिए आम लोगों को प्रेरित करें और अपराध की प्रवृति से समाज को बचने की प्रेरणा दी जाए। इस उद्देश्य के साथ प्रांतीय कलाकार संघ रीवा द्वारा 'अपराध के नियंत्रण में विधिक जागरुकता' विषय पर आयोजन मानस भवन में आज 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। आयोजन में हाईकोर्ट जबलपुर के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की उपस्थिति के साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश, आयुक्त रीवा संभाग, आई. जी. रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा, स्टेट बार काउंसिल के सह अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश ए.के. सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा समाजसेवियों की उपस्थिति उल्लेखनीय होगी।

# संभागीय अधिकारियों के परिवार से दो आधार स्तंभ विदा हो रहे हैं: कमिश्नर



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में दो सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई। शासकीय सेवा में अधिवार्षिकी आयु पूरी करने पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मनोज द्विवेदी तथा उप संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक को विदाई दी गई। कमिश्नर बीएस जामोद ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि आज संभागीय अधिकारियों के परिवार के दो प्रमुख आधार स्तंभ विदा हो रहे हैं। कमिश्नर ने दोनों अधिकारियों के स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता संजय खाण्डे, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम उमेश सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मछलीपालन अंजना सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला।

## पावर लिफ्टिंग एवं आर्म रेसलिंग में रीवा के युवाओं ने जीते चार मेडल



**रीवा ।** दमखम एवं शारीरिक सौष्ठता में रुचि का ध्यान रखते हुए प्रदेश के युवाओं के लिये उचेहरा में पावर लिफ्टिंग एवं पावर रेसलिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रीवा जिले के कोच व बॉडी बिल्डर अभिनव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रीवा टीम ने लाजवाब प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल, एक सिल्वर एवं एक कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। सुगठित शरीर एवं ताकत बढ़ाने के लिये युवाओं में लोकप्रिय होते जा रहे जिम कल्चर के साथ लगातार प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होता जा रहा है। विंध्य क्षेत्र के उचेहरा जैसे कस्बाई इलाके भी इससे अछूते नहीं रहे और वहां बाबा क्लासिक ग्रुप द्वारा पावर लिफ्टिंग एवं आर्म रेसलिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। रीवा मे बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में यूथ आईकॉन बन चुके फ्यूल फिट फूड कैफे के मुखिया युवा अभिनव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रीवा की टीम ने मध्यप्रदेश के सैकड़ों युवा प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए चार महत्वपूर्ण मेडल हासिल किये। टीम में अलंकृत शर्मा, अमन द्विवेदी, हर्षित पाण्डेय एवं सुनील पटेल शामिल रहे। टीम की सफलता पर रिएक्ट संस्था एडवोकेट अमित पाण्डेय, जयदीप सिंह, दीपक शर्मा, डॉ मुकेश येंगल एवं अशोक सिंह गहरवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को चुस्त दुरूस्त रहने के हर संभव प्रयास करने चाहिये।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय भवन का किया निरीक्षण

**आईटी पार्क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश**




**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कॉलेज चौराहे के समीप निर्माणाधीन एसडीएम तथा तहसील हुजूर कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग पीआईयू के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भवन का शेष निर्माण कार्य तेजी से पूरा करें। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। भवन का निर्माण पूरा होने के साथ-साथ इसके बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कराकर इसे सुरक्षित बनाएं। भवन परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। इसमें वाहनों की पार्किंग के लिए भी समुचित व्यवस्था करें। उल्लेखनीय है कि 7 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत से बनाये जाने वाले संयुक्त अनुविभागीय राजस्व कार्यालय भवन में एसडीएम कार्याल, उप कोषालय, पटवारी कक्षों तथा कांफ्रेंस हाल सहित अन्य कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद कलेक्टर ने कॉलेज चौराहे के समीप आईटी पार्क निर्माण के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि आईटी पार्क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार भवन का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। आईटी पार्क के निर्माण से तकनीकी कौशल के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। विदित हो कि 54 करोड़ रूपये की लागत से 10 मंजिल आईटी पार्क में बेसमेंट व पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री केके तिवारी, सहायक यंत्री पीआईयू संजीव कालरा, नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अतुल सिंह का कार्यव्यवहार भी अतुल था, सीख लेने की जरूरत: गोखले



**रीवा।** कलेक्ट्रेट की नजूल शाख मे कार्यरत सहायक वर्ग तीन अतुल सिंह बघेल 31 जनवरी को अपनी अर्धवार्षिकी सेवा पूर्णकर शुक्रवार को सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। हालांकि अपने ही अधीनस्थ के विदाई समारोह में वरिष्ठ अधिकारी पहुंचना उचित नहीं समझे। लेकिन संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले व तहसीलदार शिवशंकर शुक्ल पहुंचे और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सुयक्त कलेक्अर श्रेयस गोखले ने कहा कि उन्हें दो साल अतुल सिंह के साथ काम करने का आवसर प्राप्त हुआ जिसमें उनका कार्य भी अतुल था। श्री गोखले ने कहा कि युवा कर्मचारियों को अतुल सिंह के कार्यव्यवहार से सीख लेना चाहिए। वहीं तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने कहा कि नजूल विभाग कठिन विभाग है है जिसका बारीक ज्ञान अतुल सिंह को है हम लोगों ने उनसे सीखा है। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोहन सभागार में कलेक्ट्रेट की हर शाखा के साथ ही अधिवक्ताओं व अन्य लोगों का सैकड़ों की तादात में पहुंचना उनकी लोक प्रियता का प्रमाण है। इस पर श्री सिंह पारिवारिक जनों के साथ ही आयोजक कलेक्टर रीडर बृजेश सिंह, प्रदीप पांडेय, डब्बू सिंह, कलेक्ट्रेट-एसडीएम कोर्ट व तहसील के सभी शाखाओं कर्मचारी मौजूद रहे।




## Kia Syros

Evolved by the future

The new Kia Syros is light years ahead of its contemporary SUVs. Right from an evolved design language with upright squared shoulders, to the future-forward autonomous safety tech and future-ready connected car tech with Over-the-Air (OTA) updates, everything about the Kia Syros is a giant leap in automotive thinking. Settle into the first-in-segment 2nd row ventilated, reclining & sliding seats, and you'll agree that the future itself has evolved it. Experience the Syros today!

**Innovative Technology** Future, reimagined



Dual Pane Panoramic Sunroof




2nd Row Seat Reclining & Sliding with Seat Ventilation




76.20 cm (30") Trinity Panoramic Display Panel




Kia Connect 2.0** with Over-the-Air (OTA) Software Updates and Other 80+ Connected Car Features



Harman Kardon Premium 8 Speakers Sound System



ADAS Level 2~ with 16 Smart Autonomous & Robust 20 Standard Safety Features



**Kia Service**
Connected • Adaptive • Responsive • Engage

**Introducing My Convenience Secure#**: Option to cover your car's wear and tear parts for up to 3 years from date of delivery.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3 Years Unlimited** km Warranty | **Extended Warranty^** Up to 5 Years | **Scratch Care** Program^^ | **IoT Based** Smart Services`` | **24x7 \| 3 Years** Nationwide RSA° |

**Kia Connect Diagnosis##** Enables vehicle diagnosis remotely

Terms & Conditions Apply. *Ex-showroom price all India. Segment is defined as vehicle with length between 3 990 mm – 3 999 mm and height - 1 680 mm. **Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 features may vary depending on the variant, device compatibility, software and network availability in vehicle. ~Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. #My Convenience Secure available with My Convenience/ My Convenience Plus at the time of sales at additional cost, covers wear and tear of selected parts only. ^3 Years standard warranty and 2 years extended warranty. ^^Scratch Care Program coverage includes repair of 1 scratch free of cost in an ownership period of 12 months from the date of sale, applicable on the new Syros retailed up to 30th June 2025. ``IoT based workshops for live vehicle tracking for digital experience. °Upto 6 years extendable RSA coverage. Applicable across India except Andaman & Nicobar Islands and Lakshadweep. ##Kia Connect Diagnosis has limited set of functionalities. Customers may be required to visit Kia workshop for issue resolution. The product & feature images shown in this brochure is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown in this brochure. The specifications and features may vary depending on models/ variants. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, Kia Connect 2.0 features and other details of any model as mentioned or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.

FOR INFORMATION CONTACT: MADHYA PRADESH: REWA: BADERIYA KIA, PH: 073-146-26701, BALAGHAT: ABHISHEK KIA, PH: 8817404821, BHOPAL: SOMYA KIA, HOSHANGABAD ROAD, PH: 9111809777, SNR KIA, J.K.ROAD, PH: 9171151313, CHHATARPUR: SETH KIA, PH: 9201969643, CHHINDWARA: ABHISHEK KIA, PH: 8817404820, GUNA: ROYAL KIA, PH: 9893926555, GWALIOR: ROYAL KIA, PH: 9109179280, INDORE: SHRI KIA, DEWAS NAKA, PH: 9285288888, BHAGIRATH KIA, BHANWARKUA, PH: 6269611000, JABALPUR: KHATWANI KIA, PH: 9516648888, KHARGONE: BHAGIRATH KIA, SANAWAD ROAD, PH: 7354911000, RATLAM: SHRI KIA, PH: 9522201718, SAGAR: SETH KIA, PH: 9201969641, SATNA: BADERIYA KIA, PH: 073-146-26700, SHAHDOL: SARVAGYA KIA, PH: 9303782595, UJJAIN: SHRI KIA, PH: 9171605000, WAIDHAN: BADERIYA KIA, PH: 07314626702, CHHATTISGARH: BILASPUR: MAOSAJI KIA, PH: 8815103906, BHILAI: SAIRAM KIA, PH: 6262020333, JAGDALPUR: MAHADEVA KIA, PH: 7880144315, JANJGIR: MAOSAJI KIA, PH: 9343604981, KORBA: KRISHNA KIA, PH: 8815104502, RAIPUR: SAIRAM KIA, TATIBANDH, PH: 1800-889-5001, INTARA KIA, LABHANDI, PH: 7880006086, MAHADEVA KIA, MOWA, PH: 7880144216, RAIGARH: MAOSAJI KIA, PH: 9343604983

INNOCEAN-006/25

# महाकुंभ से लौट रही यात्री बस बहेरा डाबर के पास पलटी, महिला की मौत, दो दर्जन यात्री घायल



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के बहेरा डाबर मार्ग में पचपहरा गांव के समीप एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस प्रयागराज महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर वापस सिंगरौली की ओर जा रही थी, तभी शुक्रवार की अलसुबह बस पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों की चीख पुकार मच गई। घटना में एक महिला की मौत हो जबकि दो दर्जन यात्री घायल हुए हैं। घायलों में सात की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना पर तत्काल मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर मौके पर पहुंची जिसके बाद बचाव और राहत कार्य करते हुए सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकला गया। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बस में 61 यात्री सवार थे, जिसमें 22 घायल हुए जबकि एक महिला की मौत हुई है, वहीं शेष यात्री सुरक्षित बताए गये हैं। बताया गया कि मऊगंज पुलिस ने घटना के बाद घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय सीधी भिजवाया, वहीं 7 घायलों को मऊगंज हॉस्पिटल में शिफ्ट कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

**ये हुए घायल :** बस दुर्घटना में महिला सोनकौवा पति चंद्रभान उम्र 55 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं घायल यात्रियों में रामखेलावन साहू पिता तनगू साहू उम्र 60 वर्ष, वासुदेव पनिका पिता धर्मजीत पनिका 60 वर्ष, सुशीला साहू पति हरिवंश साहू 45 वर्ष, हरिशंकर साहू पिता शेषमणि साहू 50 वर्ष, कलावती साहू पिता रमेश साहू उम्र 45 वर्ष, अभय साहू पिता रमेश साहू उम्र 5 वर्ष, अनीता साहू पति रमेश साहू 32 वर्ष, बुटली साहू रामखेलावन साहू 62 वर्ष, रमेश साहू पिता देवी दिन साहू 50 वर्ष, सनम साहू पिता अमृतलाल साहू 16 वर्ष, रामकली साहू पती राम दयाल साहू 45वर्ष, अनीता साहू पति राजकुमार साहू 40 वर्ष, राजमतिया सिंह पति सुरजन सिंह 45 वर्ष, रामदयाल साहू पिता बंजारी साहू 46 वर्ष घायल हुए हैं। इन घायलों को उपचार सीधी के जिला चिकित्सालय में चल रहा है, वहीं संजय गांधी अस्पताल में आए घायलों में राम मनोहर साहू पिता छोटई साहू उम्र 55 वर्ष, गुलाब कली यादव पति शेषवंत यादव 59 वर्ष, शेतवंत यादव बिजाखान यादव 61 वर्ष, फुलेश्वर साहू पति पुरुषोत्तम साहू 50 वर्ष, अनुज साहू पिता महेश साहू 9 वर्ष, पुरुषोत्तम साहू, देवराज साहू उम्र 60 वर्ष, कलस्वा साहू, राम मनोहर साहू 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# कलवारी में पलटा श्रद्धालुओं से भरा टैक्टर,10 घायल



**जागरण, रीवा।** प्रयागराज से गंगा स्नान कर ट्रैक्टर से लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। एनएच 30 में गढ़ के कलवारी के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना मनगवां थाना क्षेत्र में बीती रात लगभग ढाई बजे की है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में श्रद्धालुओं के साथ बच्चे भी सवार थे। घायलों में 10 की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रात तकरीबन 10 बजे वह प्रयागराज से निकले थे, कलवारी गांव के समीप अचानक बस आ जाने से ट्रैक्टर आनियंत्रित होकर पलट गया , सभी घायल चोरहटा थाना क्षेत्र के बिहरा निवासी बताए जा रहे हैं। घटना में घायल हुए लोगों में शोभा द्विवेदी, शकुंतला द्विवेदी, मोनू द्विवेदी, पिंकी शर्मा, कीर्ती द्विवेदी, रामजी शर्मा, सुशीला पाठक, विमलेंद्र द्विवेदी, हिमांशु पाठक प्रमोद मिश्रा शामिल हैं। प्रमोद मिश्रा, रामजी द्विवेदी, कान्हा द्विवेदी, शोभा द्विवेदी, पिंकी मिश्रा सहित कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका उपचार जारी है।

# घायल महिला को डायल-100 पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**जागरण, रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र के सर गांव में लकड़ी की सीढ़ी टूटने से घायल की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कण्ट्रोल रूम डायल112/100 भोपाल में शुक्रवार को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मनगवां थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112/100 को मदद के लिए रवाना किया। स्टाफ सैनिक राजेन्द्र शर्मा एव पायलेट उमेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर घायल 45 वर्षीय महिला को गंगेव अस्पताल में भर्ती करवाया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री(भवन),लोक निर्माण विभाग, रीवा (म.प्र.)

कला रोड, स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

E-mail – dpepiurewa@gmail.com Phone- 07672-406740

### घोष विक्रय विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण एवं अपलेखन की अनुमति कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भ/स) लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा के पत्र क्र. 6161/तक/कार्य.यं. (भ/स)/ 2024-25 रीवा दिनांक 09.12.2024 के द्वारा प्राप्त कर निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवनों के पूर्वनिर्मित पुराने भवन की नाप कर ध्वस्तीकरण कार्य का प्रस्ताव तैयार किया गया है। ध्वस्तीकरण किये जाने वाले भवनों का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | विवरण | सरकारी बोली (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन त्योंथर की नाप कर ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी | 5895550.40 | 589555.04 |
| 2 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन सिरमौर की नाप कर ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी | 5505600.00 | 550560.00 |
| 3 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन मनगवाँ की नाप कर ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी | 4639600.00 | 463960.00 |
| 4 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन देवतालाब की नाप कर ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी | 248582.40 | 24858.00 |

1. बोली की राशि लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक से दिनांक 11.02.2025 को दोपहर 05.30 बजे तक कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा में पहुँचना अनिवार्य है। जिसके अंदर 2 लिफाफे होंगे। पहला लिफाफा में धरोहर राशि तथा दूसरे लिफाफा में बोली की राशि शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा। हर कार्य के लिए अलग-अलग लिफाफा स्वीकार्य होंगे।
2. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोली का लिफाफा दिनांक 12.02.2025 को सायं 4 बजे खोला जावेगा।
3. उच्चतम बोली की राशि कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली उसी दिनांक को निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी।
4. चयनित संविदाकार को कार्यादेश के पश्चात् 7 दिवस के अन्दर स्वीकृत भवनों का ध्वस्तीकरण करना एवं ध्वस्तीकरण से प्राप्त सामग्री को निर्माण स्थल परिसर की सीमा से बाहर किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत उच्चतम बोली का प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूल की जावेगी।

G-22433/24

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग रीवा (म.प्र.)



## उत्तर मध्य रेलवे

झाँसी_एम_25_02 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांक 29.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / यॉत्रिक, झाँसी, उत्तर मध्य रेल निर्धारित निविदा प्रारूप में निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाईन निविदायें (ई-टेण्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी_एम_25_02

**कार्य का उसके स्थान सहित नामः** 'झाँसी मंडल के झाँसी, ग्वालियर एवं खजुराहो डिपो से चलने वाली नामित ट्रेनों में 156 सप्ताह (03 वर्ष) की अवधि के लिए ओबीएचएस का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 13,19,05,558.08/- **धरोहर राशिः** ₹ 8,09,500/-

**कार्य समापन की अवधिः** 03 वर्ष , **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय :** 20.02.2025 बंद होने का समय 15:00 बजें।, • निविदा दिनांक 20.02.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध कराया गया है। 202/25 (D)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0- मुख्यालय-2025-15 — दिनांकः 29.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी- परौना सेक्शनः रिहैबिलिटेशन एंड अदर मिसलेनियस वर्क्स ऑफ वैरियस ब्रिज अंडर एडीईन/एचक्यू-I/झाँसी ज्यूरिस्डिक्शन।

**अनुमानित लागत :** ₹ 10261909.43 **अमानत राशि :** ₹ 201300.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 21/02/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

निविदा दिनांक 21.02.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 198/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0 एन-2025-11

**कार्य का नाम :** प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग 'डब्लू' मेटल कैटल बैरियर एलोंग दी ट्रैक टू प्रिवेंट सीआरओ इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी धौलपुर सेक्शन अंडर सीनियर/डीईएन/नार्थ/झाँसी।

**अनुमानित लागत रू.:** 194369581.45 **अमानत राशि :** 1121900.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह**

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0 एन -2025-12

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न : प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग 'डब्लू ' मेटल कैटल बैरियर एलोंग दी ट्रैक इन सीआरओ प्रोन लोकेशन टू प्रिवेंट सीआरओ इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-ग्वालियर-धौलपुर सेक्शन अंडर सीनियर/डीईएन/नार्थ/झाँसी।

**अनुमानित लागत रू.:** 234108684.00 **अमानत राशि :** 1320600.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह**

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0 एन -2025-13

**कार्य का नाम :** सिथौली- धौलपुर सेक्शनः प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग 'डब्लू' मेटल कैटल वैरियर एलोंग दी ट्रैक टू प्रिवेंट सीआरओ इन रेमैनिंग पोर्सन अंडर एडीईएन/ग्वालियर सब डिवीज़न ।

**अनुमानित लागत रू.:** 424517888.90 **अमानत राशि :** 2272600.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह**

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0 एन -2025-14

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़नः वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-सिथौली सेक्शनः प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग 'डब्लू ' मेटल कैटल बैरियर एलोंग दी ट्रैक टू प्रिवेंट सीआरओ इन रेमैनिंग पोर्सन अंडर एडीईएन/लाइन/झाँसी सब डिवीज़न ।

**अनुमानित लागत रू.:** 429038046.00 **अमानत राशि :** 2295200.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह**

**निविदा बन्द होने की तिथि : 21.02.2025** at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक **21.02.2025** को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 194/25 (D)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं- 07662-241655 ई.मेल - deanmcrewa@rediffmail.com
वेबसाईट- www.ssmcrewa.ac.in

क्रमांक 2751 /स्था/राज/एमसी/विज्ञप्त/2025 रीवा, दिनांक 30.01.2025

**//विज्ञप्ति//**

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2–53/2017/1/55, भोपाल, दिनांक 12.01.2018 द्वारा जारी "मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम, 2018" तथा म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 1105–एफ 2–45/2010/1/55, भोपाल, दिनांक 24.07.2024 में किए गए प्रावधानों अंतर्गत श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के अधीन निम्नानुसार **सहायक प्राध्यापक** के **सीधी भर्ती (बैकलॉग सहित)** के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र **(संलग्न)** में भरकर **दिनांक 01.03.2025, सायं 05:00 बजे** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्र. | विषय | कुल रिक्त पद | रोस्टर अनुसार वर्गीकरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अपिव | अजजा | अजा | ई.डब्ल्यू. एस. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | एनेस्थेसिया | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 2. | एनाटॉमी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 3. | बायोकेमेस्ट्री | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 4. | कम्युनिटी मेडिसिन | 01 | 00 | 00 | 01 (BL) | 00 | 00 |
| 5. | जनरल मेडिसिन | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 6. | फार्माकोलॉजी | 01 | 00 | 00 | 01 (BL) | 00 | 00 |
| 7. | फिजियोलॉजी | 01 | 00 | 00 | 01 (BL) | 00 | 00 |
| 8. | मेडिकल ऑन्कोलॉजी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 9. | इमरजेंसी मेडिसिन | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | कुल योग | 09 | 04 | 00 | 05 | 00 | 00 |

BL= Backlog

टीपः–
1. पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है। *कृपया गैर–चिकित्सा स्नातक/स्नातकोत्तर आवेदन न करें।*
2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा की वेब साइट www.ssmcrewa.ac.in पर उपलब्ध है।
3. साक्षात्कार की तिथि पृथक से प्रकाशित की जावेगी।
4. आवेदन शुल्कः– अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु रू. 1000/– एवं आरक्षित श्रेणी (अपिव, अजजा, अजा एवं ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों हेतु रू. 750 का ड्राफ्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) [CEO & Dean, S.S. Medical College, Rewa (M.P.)] के नाम से देय होगा। (आवेदन के साथ ड्राफ्ट की मूल प्रति संलग्न करें)

(कार्यकारिणी समिति, चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा द्वारा अनुमोदित)

G-22474/24

(डॉ. सुनील अग्रवाल)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)


## महाकुंभः जिला प्रशासन रीवा ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ को लेकर जिला प्रशासन रीवा ने विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की है। श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आवाजाही को देखते हुए किसी श्रद्धालु को किसी प्रकार की समस्या न हो न इसके लिए समन्वय स्थापित करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना के साथ ही अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें लोकसेवा गारंटी के जिला प्रबंधक रविकांत पांडेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि टीम में स्मिता खरे जिला पंचायत, गिरीश साकेत जिला पंचायत, प्रकाश चंद पयासी जिला पंचायत, अजय सूर्यवंशी जिला पंचायत, दुर्गेश शुक्ला जिला पंचायत को रखा गया है। जारी कंट्रोल रूम नंबर 6260270937 में संपर्क करने के साथ ही संबंधितों को 24गुणा 7 की स्थिति में रहकर दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए गए हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्करः पत्नी की मौत, पति घायल

**जागरण, रीवा।** सड़क हादसों का ग्राफ इन दिनों बढ़ गया है। दूरदराज से लोग अपने निजी वाहन से महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। बीती रात प्रयागराज से वापस अपनी कार से लौट रहे गुजरात के अहमदाबाद के निवासी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। तेज रफ्तार ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। घटना में कार चला रहे धर्मेश पटेल पिता अमृत भाई पटेल 50 वर्ष निवासी अहमदाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं उनकी पत्नी जयश्री पटेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके अलावा कार में सवार कल्पना पटेल पत्नी प्रदीप भाई पटेल घायल हैं, जिसका उपचार अस्पताल चल रहा है। बताया गया कि कार सवार सीटीएम एरिया अहमदाबाद गुजरात के निवासी हैं, प्रयागराज से बनारस होते हुए अहमदाबाद जाने के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में वो हादसे का शिकार हो गए।


### न्यायालयः- चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, मऊगंज, जिला-रीवा (म.प्र.)
(पीठासीन-युवराज दीक्षित)

जावक क्रमांक – 13/2025
मऊगंज दिनांक– 29.01.2025

इस न्यायालय में लंबित आर.सी. एस.ए. 72/2023 राजवती साकेत वगैरह विरूद्ध रामाधार वगैरह में प्रतिवादीगण क्रमांक–1 रामाधार तनय बडका साकेत उम्र लगभग 65 वर्ष पेशा कृषि, प्रतिवादी क्रमांक–2 इन्द्रपति तनय बडका साकेत उम्र 60 वर्ष पेशा कृषि एवं प्रतिवादी क्रमांक–03 मोतीलाल साकेत तनय बडका साकेत उम्र लगभग 58 वर्ष पेशा कृषि सभी निवासी ग्राम पनिगवां पो.आ. सगरा, थाना लौर तहसील मउगंज जिला रीवा म.प्र.।

(युवराज दीक्षित)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ट खंड, मऊगंज, जिला–मऊगंज (म.प्र.)

RN-80729



### न्यायालयीन आम सूचना
### न्यायालय साजिद मोहम्मद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज

प्रो.क्र. Q/2025
प्रकरण क्र.– MJCSUC/02/2025
तारीख पेशी – 07.06.2025

दीपक मिश्र पिता स्व. गया प्रसाद मिश्रा, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम मडना, पोस्ट फुलहा, थाना व तहसील नईगढ़ी, जिला मऊगंज (म.प्र.) ......... आवेदक

बनाम

1. आम जनता जिला मऊगंज (म.प्र.) 2. रत्ना शर्मा पत्नी विनय शर्मा, उम्र 45 वर्ष, पुत्री स्व0 श्री गया प्रसाद मिश्रा, निवासी ग्राम मेथौरी (मनगवां), पोस्ट मनगवां, थाना व तहसील मनगवां, जिला रीवा (म0प्र0) 3. शिवानी शुक्ला पत्नी कृष्ण कुमार शुक्ला, उम्र 40 वर्ष, निवासी काँच घर जबलपुर, (म0प्र0) .........अनावेदकगण

आवेदन पत्र बावत् प्रदान किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम 1925 ई. ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उन्मान का आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 ई0 इस न्यायालय में आवेदक दीपक मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें कहा गया है कि आवेदक के पिता गया प्रसाद मिश्रा शासकीय सेवा सेना से वर्ष 2012 मे सेवा निवृत्त हो गये थे, बीमारी की वजह से दिनांक 11.02.2023 को उनकी मृत्यु हो चुकी है, मृतक गया प्रसाद के उत्तराधिकारी प्रथम श्रेणी के वारिस पुत्र आवेदक एवं दो पुत्रियां अनावेदक क्रमांक 02, 03 हैं, मृतक गया प्रसाद मिश्र पिता हरिवंश प्रसाद मिश्र ने अपने जीवनकाल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा चाकघाट जिला रीवा म.प्र. में खाता संचालन किये थे, जिस खाते में दो अलग अलग फिक्स डिपॉजिट का खाता संचालित था, जिसमें आवेदक के पिता द्वारा नॉमिनी का नाम उल्लेख न किये जाने से उनकी मृत्यु पश्चात बैंक द्वारा भुगतान नही किया जा रहा है, तथा उक्त राशि के भुगतान हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिस कारण आवेदक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। मृतक गया प्रसाद मिश्र के आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 02, 03 के अलावा कोई अन्य उत्तराधिकारी नही हैं। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से अनावेदक क्रमांक 02, 03 आम जनता एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त विषयांकित के सम्बन्ध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता / अधिवक्ता के माध्यम से जो उक्त विषय से सम्बन्धित जबाव / आपत्ति प्रस्तुत करने में सक्षम हो नियत तारीख पेशी दिनांक 07.03.2025 को समय 11:00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जबाव /आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त प्रकरण में एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो अगले कार्य दिवस पर सुनवाई की जावेगी।

यह नोटिस आज दिनांक 31.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी की गई है।

साजिद मोहम्मद
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड मऊगंज
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-80731



### पश्चिम मध्य रेल
विद्युत शाखा
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरुद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल/एल/टी. नं./56/2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर डिपो - ट्रेन नंबर 02187/88, 22189/90, 11703/04, 11754/53/55/56 & 11751/52, के नॉन एसी कोचों का प्राथमिक अनुरक्षण और रखरखाव (टॉप पोर्शन और बैटरी रखरखाव), ट्रेन नंबर 11703/04, 18247/48, 11751/52 & 12185/86 का सेकेंडरी अनुरक्षण रखरखाव, रीवा और सतना में पासिंग ट्रेन अटेंशन दो साल की अवधि के लिए। निविदा का अनुमानित मूल्यः ₹ 86,33,164.97. निविदा फार्म की कीमतः** Nil. **कार्यालय का पताः** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, द्वितीय फ्लोर, डीआरएम बिल्डिंग, जबलपुर–482001. **बयाना राशिः** ₹ 1,72,700/-. **समापन अवधिः** 24 महीने। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 20.02.2025. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 20.02.2025. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## बसंत उत्सव कार्यक्रम 2 फरवरी को अटल पार्क में

**रीवा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा बसंत उत्सव का का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम शहर के ऐतिहासिक अटल पार्क में बसंत उत्सव का कार्यक्रम रविवार 2 फरवरी को धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू व मुख्य संरक्षक नारायण डिगवानी, सुनील अग्रवाल के मार्गदर्शन में धर्म परिवार की महिला इकाई के संयोजन में होगा। उक्त आशय की जानकारी धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा, संस्कृति सचिव राजीव वर्मा गुड्डू ने दी व बताया कि 2 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर धर्म परिवार की महिला शाखा द्वारा बसंत उत्सव कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा आराधना के उपरांत संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, साथ ही शहर के उदीयमान बाल कलाकारों द्वारा नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।


### पश्चिम मध्य रेल
जबलपुर मंडल
पुनःनियोजन
Re-employment

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक पमरे/का. जबल/इंजी/947/Re-employment/ भाग–II दिनांक 29.01.2025 के संदर्भ में यातायात विभाग के प्वांइटसमेन संवर्ग में रिक्त कुल 198 पदों के विरुद्ध इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी/दिनांक 30.09.2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले अराजपत्रित रेल कर्मचारियों से कार्य कराने जाने (पुनःनियोजन) का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत आवेदन आमंत्रित किये गये है। 65 वर्ष की आयु तक पुनः नियोजन का प्रावधान है।

इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (www.wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (का.), जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



### आम सूचना

मैं मुकेश कुमार सोनी उम्र 45 वर्ष पिता रोहित लाल सोनी निवासी वार्ड न0 7 एन.एच. 27 ग्राम /पो. कटरा तह. त्योंथर जिला रीवा म.प्र. आधार न 5396 7549 2510 मोबाइल नं 9179826001 का हूं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि उक्त पते का निवासी हूँ। मेरी स्थिति कोरोना के पहले अच्छी थी फिर कोरोना के समय कर्ज लेकर घर की गृहस्थी को सम्भाले रखा ब्याज चुकाने के लिए और कर्ज लेना पड़ा जिससे हालात खराब होने लगा और कई जगह से कर्ज लेकर दुकान को मेन्टिनेस करता रहा लेकिन ब्याज चुकाने के चक्कर मे और कर्जदान होता रहा फिर मैने ज्वेलरी की दुकान खोली उसमे भी उधार होने लगा जिससे मैं और आहत होकर कई बार आत्म हत्या का प्रयास भी किया सल्फास की 2 पुडिया भी खाई लेकिन उससे भी कुछ नही हुआ। और कर्जदार अब ज्यादा परेशान करने लगे है और घर की परेशानी से परेशान होकर मैं घर छोड़ कर भागा लेकिन परिवार की याददास्त से घर मेही रहना चाहता हूँ और मैं रो–रोकर 9 दिन बिताया हूँ लेकिन मुझे घर की फिकर होने के कारण मै घर जा रहा हूँ। दी गई जानकारी सही व सत्य है।

रीवा, दिनांकः 21.01.2025

RN- 80730 मुकेश कुमार सोनी



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## किराए से देना है

शॉप/ शोरूम- ऑफिस, कोचिंग, लायब्रेरी, डॉक्टर्स चैंबर्स, पैथोलॉजी क्लिनिक हेतु, 5 हाल, स्टोर रूम, वाशरूम उपलब्ध है। तुरंत संपर्क करें: मो. 9892729044

जी.एम. सर (06/2)

## बेचना है

29×35 का प्लाट जिसमें 4 कमरे एवं किचन 3 लैटबाथ, बोर सप्लाई नल कनेक्शन सहित पोर्च मकान शीघ्र बेचना है।

पता-राइस मील के सामने कैलाशपुरी, अनन्तपुर रीवा मो. 8982143608

आर-80817(11/2)

## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज। 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिड़चिड़ाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।

डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव
9827355156

पता - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदड़िया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।

आर-80809(6/2)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944



# कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/761 से 770/स्टोर शाखा/2025 विदिशा, दिनॉक : 28/01/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–निविदाओं का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 761 | 2025_UAD_399336_1 | supply of Haar Mala, Bukke, flower and decoration work | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 2 | 762 | 2025_UAD_399351_1 | Supply of Printing Samagri | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 3 | 763 | 2025_UAD_399361_1 | Flex fram, hoarding etc printing Works | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 4 | 764 | 2025_UAD_399373_1 | Supply of Different item of Furniture samagri. | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 5 | 765 | 2025_UAD_399381_1 | Hiring of LED, DTH, and sound system rent par liye jane baabat. | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 6 | 766 | 2025_UAD_399392_1 | Supply of Different type of General Samagri | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 7 | 767 | 2025_UAD_399411_1 | Supply of Food packet, swalpahar, etc. | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 8 | 768 | 2025_UAD_399414_1 | Supply and repair/maintenance of Computer samagri | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 9 | 769 | 2025_UAD_399421_1 | Tent Samagri kiraye par liye jane baabat. | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |
| 10 | 770 | 2025_UAD_399426_1 | Supply of Stationery samagri. | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | Financial Year 2025-26 | 15/02/2025 |

1–निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

# पूरा शिक्षा सत्र समाप्त होने को, लेकिन अब तक नहीं मिल पाया होनहारों को लैपटॉप



## जिम्मेदार अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं लेटलतीफी की वजह

**जागरण,रीवा।** प्रदेश सरकार प्रति वर्ष ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं, उन्हें 25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए प्रदान करती है। लेकिन इस वर्ष अब तक यानी 30 जनवरी तक यह राशि विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई है। पूरा शिक्षण सत्र समाप्त होने को कगार पर है, लेकिन होनहार विद्यार्थियों के हाथ खाली हैं। उनकी उच्च शिक्षा में बाधा पड़ रही है, अभिभावक कर्ज लेकर लैपटॉप खरीदने मजबूर हैं। ऐसे में पूरी योजना सवालों के घेरे में है। जिले के करीब एक हजार से ज्यादा मेधावी छात्र और उनके पेरेंट्स परेशान हैं। जानकारों का कहना है कि प्रदेश में लाखों विद्यार्थी इस महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से वंचित हैं।

**कॉलेज में जरूरी होता है लैपटॉप :** स्कूल पास कर कॉलेज जाने वालों के लिए लैपटॉप जरूरी होता है। सरकार की मदद नहीं मिलने से परेशान कमजोर आय वर्ग के अभिभावक कर्ज लेकर बच्चों के लिए लैपटॉप खरीद रहे हैं। जिनके पास लैपटॉप नहीं है, उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

### फंड की कमी की चर्चा

कुछ अधिकारी दबी जुबान से फंड की कमी को लेटलतीफी की वजह बता रहे हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई पत्र नहीं आया है, लेकिन दिन भर में सैकड़ों अभिभावकों के फोन आते हैं, जिनके जवाब देते नहीं बनता है। लेकिन हम लोग कुछ करने की स्थिति में नहीं हैं।

> लैपटॉप की राशि कब तक छात्रों के खातों में आ पाएगी यह कहना मुश्किल है। अभी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को दिया जाता है। फिलहाल कोई आदेश नहीं आए।
> **सुदामालाल गुप्ता, डीईओ रीवा**

## प्रो.अजय सक्सेना हुए सेवानिवृत्त



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय सक्सेना 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में प्रो.अजय सक्सेना का विधिवत स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष जाने माने भौतिकविद् प्रो.ए पी मिश्रा रहे। वहीं अध्यक्षता विभाग प्रमुख प्रोफेसर अजय सक्सेना ने किया। मंच संचालन डॉ वंदना निगम ने किया। भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ एस एम तिवारी ने इस अवसर प्रो.ए पी मिश्रा,प्रो.अजय सक्सेना का शॉल श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह से देकर सम्मानित किया वहीं प्रो.सक्सेना के जीवन परिचय का मंच से सबको अवगत करवाया। प्रो.सक्सेना ने भावुकता के साथ मंच से कहा कि हमारे सभी वरिष्ठ आचार्यों ने भरपूर सहयोग किया एवं अपने पुराने दिनों की याद की। भौतिकविद् प्रो.ए पी मिश्रा ने बताया कि प्रोफेसर सक्सेना का एकेडमिक सर्वश्रेष्ठ रहा। प्रोफेसर सक्सेना ने लगभग 14 से 15 भौतिक विज्ञान की पुस्तकों का लेखन किया। इनकी पुस्तकें देश के जाने माने विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही हैं। प्रोफेसर मिश्रा ने डॉ सक्सेना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ अतुल तिवारी,डॉ अनुराग मिश्र,डॉ श्रवण पांडेय,डॉ सुनील पांडेय एवं डॉ आशीष पांडेय ने भी मंच से अपनी बात रखी। इसी कड़ी में डॉ मुक्ता त्रिपाठी ने प्रोफेसर सक्सेना के परिवार से आए संबंधितों का स्वागत किया तो डॉ सुभाष चौहान ने सबका आभार प्रदर्शन किया। कई शोधार्थी छात्र छात्रा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सावी मदर ने मनाया 22 वां वार्षिकोत्सव

## कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में हुए रगारंग कार्यक्रम




**जागरण, रीवा।** सावी मदर इंटर स्कूल ने अपना 22 वां वार्षिकोत्सव कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में रीवा जोन के आई जी साकेत प्रकाश पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीकांत मिश्रा विभागाध्यक्ष फिलासफी डिपार्टमेंट अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, डॉ रजनीश पांडेय शिक्षक केंदीय विद्यालय क्रमांक 2 एवं जिला बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रीवा रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों के रूप में पूर्व सैन्य अधिकारियों सहित अन्य प्रोफेसर, शासकीय विद्यालय के प्राचार्य,निजी विद्यालयों के संचालक, और विंध्य की जानी-मानी हस्तियां और बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ विनोद शर्मा (फाउंडर ब्रेनी वुड साइंस लैब) ने ब्रेन साइंस की प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सभी अतिथियों का सम्मान बच्चों द्वारा निर्मित रोबोट के माध्यम से करवाया गया। अतिथियों के स्वागत में विद्यालय के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह अध्यक्ष प्रेस क्लब, सेवी ग्रुप के चेयर पर्सन डॉ. सुजय सिंह ,दीपेंद्र सिंह, अजीत सिंह, रश्मि सिंह, सुधा सिंह, सुरक्षा सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अत्यंत भव्य प्रदर्शन गायन, वादन, नृत्य, कविता व भाषण के माध्यम से किया। आई.पी.एस साकेत पांडे ने विद्यालय के अनुशासन, व्यवस्था और बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बहुत प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रश्मि सिंह परिहार, सुधा सिंह परिहार,सुरक्षा सिंह गहरवार, शालिनी सिंह परिहार, कुसुम सिंह, रूबी पाण्डेय, स्वतंत्रता त्रिपाठी, दीपशिखा गुप्ता, तनु सिंह, अनन्या दुबे, आकाश नापित,अनिल पाण्डेय, अभिषेक श्रीवास्तव, डी.एल पटेल, श्रेयांश मिश्रा, प्रतीक गौतम, रमेश विश्वकर्मा, मनोज बैरिहा, अनुपमा मिश्रा,सीता तिवारी, शिल्पी सिंह, सीमा सिंह,रोली मिश्रा,अंजना पटेल,भानु त्रिपाठी आदि सभी शिक्षक और विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. चावला की पुण्यतिथि आज



**पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में होगा आयोजन**

**जागरण, रीवा।** कल्पना कल्याण समिति द्वारा शनिवार को भारत की प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. कल्पना चावला की 12 वीं पुण्यतिथि पुण्य स्मरण के रूप में कल्पना चावला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल करेंगे। प्रमुख अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद लोकसभा देवराज सिंह, ईश्वरीय विवि प्रमुख बीके निर्मला बहन, प्राचार्य सैनिक स्कूल कर्नल अविनाश रावल व सेवानिवृत्त आईएएस केपी राही रहेंगे। इस दौरान ककस की पत्रिका 'ककस की उड़ान' की तीसरी वार्षिक प्रति का विमोचन किया जाएगा। पॉलीटेक्निक महावि प्रांगण में 10 से 11 बजे तक चित्रकला स्पर्धा का आयोजन कर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी भेंट की जाएगी।

## अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न




50 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ।

**रीवा।** अपोलो ग्रुप के प्रतिष्ठित चिकित्सा केंद्र की रीवा शाखा, अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल रतहरा में आज एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रीवा शहर के लायंस क्लब के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और अपनी सहभागिता दी। शिविर के माध्यम से मरीजों की कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें मुफ्त में की गईं, जिनमें ब्लड शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी, बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड प्रेशर जैसी जांचें शामिल थीं। इसके अलावा, विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को परामर्श भी दिया गया। इस शिविर से 50 से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल का मानना है कि इस तरह की पहलें लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें समय पर उपचार देने में मदद करती हैं। अस्पताल का यह उद्देश्य है कि वे भविष्य में भी इस तरह की सेवाओं का आयोजन करते रहें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। अस्पताल ने अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे हमेशा लोगों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं और इस प्रकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## दीप ज्योति स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**रीवा।** दीप ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरा समान न्यू बस स्टैंड के पीछे गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरपी सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बृजेन्द्र कुमार मिश्रा, गगन परसाई, विजय मिश्रा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## अपराध के नियंत्रण में विधिक जागरुकता की भूमिका पर व्याख्यान आज

**रीवा।** देश की सर्वाधिक गंभीर एवं ज्वलंत समस्या समाज में तीव्र गति से बढ़ रहे अनियंत्रित अपराध को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना के माध्यम से नियंत्रित करने तथा नैतिकता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रांतीय कलाकार संघ मप्र द्वारा शनिवार दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मानस भवन में अपराध के नियंत्रण में विधिक जागरुकता की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी रहेंगे। अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश जिला न्यायालय राकेश मोहन प्रधान करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा निर्धारित विषय पर प्रेरक एवं उद्देश्यपूर्ण व्याख्यान दिए जाएंगे।

## भाजयुमो के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ने की रेल मंत्री से सुविधाएं बढ़ाने की मांग



**जागरण, रीवा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री गौरव तिवारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित रेल मंत्रालय में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आवेदन सौंपकर रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस के रैक तत्काल बदलने की मांग के साथ ही विभिन्न रेलें चलाए जाने एवं कुछ ट्रेनों को नियमित किए जाने की मांग की। रेल मंत्री ने शीघ्र ही उनकी मांगों के निराकरण के लिए आश्वस्त किया है। आवेदन में बताया कि विंध्य क्षेत्र पर्यटन की अनंत संभावनाएं हैं। रीवा एवं उसके समीपस्थ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज, छात्र, कर्मचारी, व्यापारी व अन्य नागरिक मुंबई यात्रा करते हैं। विंध्य से बड़ी संख्या में कैंसर के मरीज उपचार के लिए मुंबई एवं पीजीआई लखनऊ जाते हैं, किन्तु उनके लिए रेल मार्ग से नियमित सेवा उपलब्ध नहीं है। जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में उपलब्ध रेलगाड़ियों की संख्या एवं उनकी अनियमितता के चलते यात्रियों को टिकट की अनुपलब्धता, अधिक किराए वाले निजी परिवहन साधनों पर निर्भरता व अतिरिक्त यात्रा समय जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान रीवा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस को नियमित करने, रीवा से लखनऊ ओवरनाइट अथवा इंटरसिटी एक्सप्रेस का शुभारंभ करने, रीवा-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू करने, रीवा-राजकोट जो महज सोमवार को संचालित है, को नियमित अथवा सप्ताह में तीन दिवस करने व रीवा-बिलासपुर को दुर्ग तक बढ़ाने की मांग रखी गई है।


## दो वरिष्ठ प्राध्यापकों का विदाई समारोह सम्पन्न



**जागरण,रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय सभागार में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ.शालिनी दुबे ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.संध्या शुक्ला सेनि.विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, एवं संस्कृत विभाग के सेनि अध्यक्ष व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ.आरपी चतुर्वेदी उपस्थित रहें, उनके परिवार के सदस्यगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने इस अवसर पर महाविद्यालय से संबंधित अपनी यादें साझा की और कहां कि इस महाविद्यालय में उन्हें मिला स्नेह और सम्मान, स्मृति रूप में सदा उनके साथ रहेगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ.शालिनी दुबे ने उनके स्वस्थ्य व सुदीर्घ जीवन हेतु शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में डॉ.अजय शंकर पाण्डेय, डॉ. महेश शुक्ल, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ.एसपी शुक्ल, डॉ.कुमुद श्रीवास्तव, डॉ.मुकेश शाह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष जुलॉजी डॉ.अमित तिवारी, डॉ.महानन्द द्विवेदी, डॉ.बीपी सिंह, डॉ.सुशील दुबे, डॉ.रावेन्द्र, डॉ.शाहिदा, डॉ.मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ.आरपी ओझा, डॉ.अखिलेश शुक्ल, डॉ.कल्पना अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।




## रीवा के टेक्नोक्रेट्स को किया गया पुरस्कृत



**रीवा।** देश की सबसे बड़ी तकनीकी संस्था इंडियन कॉक्रीट इंस्टीट्यूट जबलपुर सेंटर व जे के सीमेंट के तत्वावधान में कॉंक्रीट डे एवं संपूर्ण महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र में किए गये आउट स्टेडिंग कंस्ट्रक्शन को सम्मानित करने हेतु अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इंजी. ए. के. डेहरिया चीफ इंजीनियर वेन गंगा बेसिन डब्ल्यूआर डी मध्य प्रदेश, इंजी. शकुन वैद्य नेशनल हेड तकनीकी सेवा प्रकोष्ठ जेके सीमेंट एवं इंजी. सिद्धार्थ कोथिया क्लस्टर हेड जेके सीमेंट विशेष अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। अपने स्वागत उद्बोधन में जबलपुर सेंटर के अध्यक्ष डॉ राजीव चांडक ने संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अवार्ड हेतु चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार में मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के क्वालिटी कंट्रोल प्रमुख इंजीनियर दीपक अनंत गायकवाड़ ने कोंकण रेलवे से लेकर बुलेट ट्रेन तक के प्रतिष्ठित मेगा प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता नियंत्रण में व्यापक अनुभव से प्राप्त अंतर्दृष्टि साझा करने पर एक तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया।

## प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ विनीत तिवारी के द्वारा OPD प्रतिदिन रीवा में



रीवा। विंध्य क्षेत्र के प्रथम मान्यता प्राप्त प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ विनीत कुमार तिवारी MBBS, MS (Surgery) मेडिकल कालेज जबलपुर, FALS, FIAGES, DrNB सुपर स्पेशलिटी (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) नई दिल्ली, रोबोटिक एवं मिनिमल सर्जरी में फेलोशिप, इंडियन एसोशिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन की फेलोशिप कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 05 बजे साल से 07 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर प्रतिदिन इलाज किया जाता है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। - ADVT

## भोपाल के प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन मिश्रा 02 फरवरी रविवार को रीवा में



रीवा। भोपाल के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार मिश्रा, MBBS, DNB (ऑर्थोपेडिक) हड्डी एवं जो ? रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोस्कोपिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, सहायक प्राध्यापक चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल, पूर्व सहायक प्राध्यापक शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर, पूर्व चिकित्सक AIIMS नई दिल्ली के द्वारा दिनाँक 02 फरवरी रविवार ( प्रत्येक रविवार रीवा में ) को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित सभी प्रकार के रोगीयों का जैसे घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जक ?ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मु ?ना,चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, लिगामेंट से सम्बंधित समस्याएं, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया,पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना, समस्त प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित रोग, घुटने व कंधे का दूरबीन विधि द्वारा इलाज/आपरेशन आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ मिश्रा को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है डॉ मिश्रा अब तक लगभग 05 (पाँच) हजार से ऊपर आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके है, डॉ मिश्रा के द्वारा कामता क्लीनिक रीवा में प्रत्येक रविवार को नियमित OPD परामर्श दिया जाता है।क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। - ADVT

## भोपाल के गैस्ट्रो विशेषज्ञ डॉ सौरभ दुबे 02 फरवरी रविवार को रीवा में



रीवा। रीवा के एकमात्र गैस्ट्रो सर्जन, अपोलो हॉस्पिटल भोपाल एवं मेदांता हॉस्पिटल नई दिल्ली के पूर्व गैस्ट्रो विशेषज्ञ, पेट एवं लिवर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ दुबे MBBS , MS (GENERAL SURGERY), Dr NB (Surgical Gastroenterology) सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलोजिस्ट, पेट एवं लीवर रोग सुपरस्पेशलिस्ट गैस्ट्रो. सर्जन पूर्व कंसल्टेंट मेदांता द मेडिसिटी हॉस्पिटल गुड़गांव नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 02 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, पेट व लिवर से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, पीलिया, पेट का फूलना, पैंक्रियाज की बीमारी, गैस का बनना, आँतो की बीमारी, एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी,पेट का कैंसर की सर्जरी, पैंक्रियाज की दूरबीन द्वारा सर्जरी, अपेंडिक्स हर्निया और गॉल ब्लैडर की दूरबीन द्वारा सर्जरी, पाईल्स, फिसचुला, एवं फिसर की सर्जरी आदि संबंधित सभी प्रकार के पेट से संबंधित रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। डॉ दुबे के द्वारा अभी तक लगभग 5000 से ऊपर पेट से संबंधित सफल सर्जरी की जा चुकी है डॉ सौरभ को पेट रोग से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सौरव दुबे के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत तीन वर्षों से कमाता क्लीनिक रीवा में नियमित परामर्श देकर उपचार किया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। - ADVT

**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-27012025-260501
CG-UP-E-27012025-260501
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 420] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 23, 2025/माघ 3, 1946
No. 420] NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 23, 2025/MAGHA 3, 1946

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 22 जनवरी, 2024

**का.आ. 424(अ).**-केन्द्रीय सरकार रेलवे (संसोधन) अधिनियम, 2008 (2008 का 11वाँ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 क की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-।। खण्ड 3, उप-खण्ड (ii), दिनांक 22 नवम्बर 2024 में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय [उत्तर मध्य रेलवे) निर्माण विभाग] की अधिसूचना संख्या-का.आ. 5005 (अ), दिनांक 22 नवम्बर 2024 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है), द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को मध्य प्रदेश राज्य के सागर जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात् "झाँसी-बीना तृतीय लाइन" के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा की गई थी; और, उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20अ के उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों अर्थात् "दैनिक भास्कर एवं पत्रिका" में दिनांक 27 नवम्बर 2024 को प्रकाशित किया गया था ;

और कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुआ, सक्षम प्रधिकारी द्वारा तद्नुसार आदेश पारित कर दिए गए हैं,

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इसमें उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी ;

और यह कि केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विलंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**मध्य प्रदेश राज्य के सागर जिले में बीना तहसील के अन्तर्गत ग्राम बेलई का सक्षम प्राधिकारी अर्थात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (बीना) के अधीन विशेष रेल परियोजना अर्थात "झाँसी-बीना तृतीय लाइन" के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि का संरचना सहित या उसके रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

| क्र. सं. | खसरा संख्या | कुल रकबा हे0 | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भू-स्वामी/वाल्दियत का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 7/2 | 0.7300 | 0.0433 | निजी | सिंचित | शेरसिंह पिता खलकसिंह, पता-बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 2 | 7/5 | 0.2000 | 0.0211 | निजी | सिंचित | शरद नाबालिक पिता कडोरी, संरक्षक मां पुष्पा बाई, पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 3 | 7/1 | 0.2000 | 0.0192 | निजी | सिंचित | धीरजसीग पिता प्रहलादसिंह, पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी । |
| 4 | 7/3 | 0.4000 | 0.0128 | निजी | सिंचित | सतेन्द्र सिंह पिता रामभाऊ, पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 5 | 8 | 2.4000 | 0.0538 | निजी | सिंचित | गुलाबसीग पिता निरपतसीग, पता-बेलई, बीना, सागर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 6 | 17 | 0.3300 | 0.3300 | निजी | सिंचित | विशम्भरनाथ पिता रामेश्वरप्रसाद पता-बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | | | | | | महेशकुमार पिता रामेश्वरप्रसाद पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | | | | | | प्रकाश पिता रामेश्वरप्रसाद पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | | | | | | नारायण पिता रामेश्वरप्रसाद पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | | | | | | मोहनप्रसाद पिता रामेश्वरप्रसाद पता - बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| | | | | | | अशोककुमार पिता रामेश्वरप्रसाद पता-बेलई, बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 7 | 18 | 0.3300 | 0.3300 | निजी | सिंचित | श्यामा पिता नथू पता-बेलई, बीना, सागर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी । |
| 8 | 19 | 2.7300 | 0.4054 | निजी | सिंचित | श्यामा पिता नथू पता-बेलई, बीना, सागर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी । |
| 9 | 22 | 4.0400 | 0.5586 | निजी | सिंचित | मंदिर श्री जानकीरमण मुह0 नर्वदाप्रसाद पिता तुलसी राम, प्रबं0कले0महो0सागर, पता-सा0 देहरी भूमि स्वामी। |
| 10 | 23/1 | 1.0600 | 0.3784 | निजी | सिंचित | मुन्नालाल पिता मोहनप्रसाद, सुधा, मीरा, शिवकुमारी, रामसखी पिता मोहनप्रसाद, सावित्रीबाई बेवा मोहनप्रसाद, प्रेमनारायण पिता नाथूराम |
| | | | | | | सत्यनारायण, कैलाश, प्रमोद पिता नर्मदा प्रसाद, गायत्रीबाई, मुन्नीबाई, सुशीलाबाई पुत्री नर्मदा प्रसाद, ज्ञानबाई बेवा नर्मदा प्रसाद, भूमि स्वामी। |
| | | | | | | नारायण मु0प्रभा बाई पि. जमनाप्रसाद, हरिशंकर पि. हरदास, पार्वती बेवा हरदास, सुनीता बाई बेवा रामकिशोर, धुर्व ना.बा. पिता रामकिशोर वली माँ सुनीताबाई, पता सा0 देहरी भूमि स्वामी। |
| 11 | 559 | 0.7700 | 0.0282 | निजी | पड़ती | राजेन्द्रकुमार पिता ग्यारसी लाल, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी। |
| | | | | | | महेन्द्रकुमार पिता रोशनलाल पता बीना सागर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी। |
| 12 | 560/2 | 0.4100 | 0.0317 | निजी | सिंचित | सौभाग्यसिंह, शिवराजसिंह, लक्ष्मीबाई ना. बा. पिता कोमलसींग वली दादा मुलायमसींग, निवासी-ग्राम भूमि स्वामी। |
| 13 | 561 | 1.4300 | 0.0925 | निजी | सिंचित | कोमलबाई पिता भागीरथ पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/8) |
| | | | | | | प्रेमबाई पिता भागीरथ पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/8) |
| | | | | | | श्यामरानी बेवा देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | रामदास पिता देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | घनश्याम पिता देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | मायाबाई पिता भागीरथ पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/8) |
| | | | | | | ललिताबाई पिता देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | धनबाई पिता देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | राजकुमारी पिता देशराज, पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | गौरीशंकर पिता नारान पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/24) |
| | | | | | | खिलान पिता नारान पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/24) |
| | | | | | | भरत पिता नारान पता-बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/24) |
| 14 | 563/2 | 0.9000 | 0.0116 | निजी | सिंचित | मुन्नीबाई बेवा चित्तरसिंह पता-बीना बीना, सागर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/4) |
| | | | | | | गीताबाई पुत्री चित्तरसिंह पता-बीना बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/4) |
| | | | | | | रीताबाई पुत्री चित्तरसिंह पता-बीना बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/4) |
| | | | | | | मायाबाई बेवा गनेशसिंह, पता-बीना बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | वैष्णवी नाबालिक पुत्री गनेशसिंह संरक्षक वली खुद माँ मायाबाई, पता-बीना बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | | | | | | हर्षिता नाबालिक पुत्री गनेशसिंह संरक्षक वली खुद माँ मायाबाई, पता-बीना बीना, सागर, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी (भाग 1/12) |
| | योग | 15.9300 | 2.3166 | | | |

[फा. सं. एन.सी.आर.-एच.क्यू.शून्य. सी.ई.एन.जी. (लैंड)/1/2024-ओ/ओ डी.वाई.सी.ई./सी.-।। जे.एच.एस. (कम्पुटर क्र. 108242)]

193/25 (C) विपिन कुमार : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 1 फरवरी 2025 माघ शुक्ल 03 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



॥गीता॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत॥

भावार्थ : आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न आग उसे जला सकती है। न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है। (यहां भगवान श्रीकृष्ण ने आत्मा के अजर-अमर और शाश्वत होने की बात की है।)

# बातचीत से द्विपक्षीय रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद जिस तरह से खुद ट्रंप ने पीएम मोदी के अगले महीने वॉशिंगटन आने की घोषणा की, उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। कहीं न कहीं इससे इस संभावित यात्रा की अहमियत रेखांकित होती है। अच्छी बात यह भी है कि ट्रंप के खुलेपन के चलते द्विपक्षीय रिश्तों के अगले दौर को लेकर होने वाली बातचीत का अजेंडा काफी हद तक स्पष्ट हो गया है। ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है और सही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है। इसलिए इस पर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति है। यानी अब व्यावहारिक पहलुओं पर ही कुछ स्पष्टता लाने की जरूरत होगी।
ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि वह चाहते हैं भारत अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए। फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने पर भी उनका जोर है। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने चीन और ब्राजील के साथ ही भारत का नाम लेते हुए टैरिफ लगाने की धमकी दी। ये सभी ऐसे मसले हैं, जिन पर पॉजिटिव नजरिए से बातचीत के जरिए सहमति बनाना मुश्किल नहीं होगा। ट्रंप की बातों से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग की जरूरत को महसूस करते हैं। अगर ट्रंप चाहते हैं कि भारत, अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए तो जाहिर है कि उससे होने वाले फायदे उनकी नजरों से छुपे हुए नहीं हैं। भारत ने भी फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने और खरीद बढ़ाने को लेकर खुलापन दिखाया है। ये संकेत काफी पॉजिटिव हैं। खुद ट्रंप भी यह समझते हैं और उन्होंने कहा भी है कि हर देश ये बातें अपने राष्ट्रहित के आधार पर ही तय करता है। साफ है कि आने वाले दिनों में दोनों पक्षों की बातचीत काफी महत्वपूर्ण होगी। इस बातचीत से पॉजिटिव नतीजों की उम्मीद ना करने की कोई वजह नहीं है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी वॉशिंगटन यात्रा महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने कई मुद्दों पर बातचीत की दिशा स्पष्ट की है। दोनों देशों के बीच सहयोग की भावना उभर रही है, जिससे सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी-ट्रंप की बातचीत से दोनों देशों के रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद भी बढ़ी है।**

प्रसंगवश

## भारी पड़ी ट्रूडो को भारत के खिलाफ बयानबाजी

कनाडाई आयोग की रिपोर्ट ने आखिरकार दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। मंगलवार को आई इस रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया कि कनाडा में जून 2023 में हुई खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का कोई सबूत नहीं है। जाहिर है, इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप मुंह के बल गिरे नजर आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया था, तब भी उनके उस कृत्य को गैरजिम्मेदाराना माना गया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए उनसे सबूत मांगे थे जो वह कभी दे



नहीं पाए। और अब उनके ही देश के आयोग की रिपोर्ट बताती है कि उनका वह बयान सफेद झूठ पर आधारित था। कनाडा की सत्ता पर काबिज रहने की हसरत में ट्रूडो अपनी गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से भारत की सरेआम मुखालफत कर बैठे। कनाडा की खुफिया एजेंसियों तथा विदेशी ताकतों के इशारे पर बिना किसी पुख्ता सबूत के भारत पर कई बेतुके इल्जाम लगा दिए थे। कनाडा में शरण ले चुके आतंकियों की हलाकत के लिए भी भारत को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। कनाडा की खुफिया एजेंसी 'कम्युनिकेशन सिक्योरिटी एस्टैब्लिशमेंट' ने अपने मुल्क को खतरा पैदा करने वाले ईरान, चीन, रूस व उत्तर कोरिया जैसे देशों की फेहरिस्त में भारत को भी शामिल कर लिया। लेकिन ट्रूडो को जब भारत की कूटनीतिक हैसियत का एहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी। वैश्विक मंचों पर भारत की मुखालफत का नतीजा यह हुआ कि ट्रूडो को कनाडा के वजीरे आजम पद से इस्तीफा देना पड़ा। दरअसल जस्टिन ट्रूडो को भारत विरोधी हिकारत भरा नजरिया अपने वालिद व कनाडा के साबिक वजीरे आजम 'पियरे ट्रूडो' से विरासत में मिला है। स्मरण रहे कि अपनी सियासी पकड़ मजबूत करके सत्ता हासिल करने के लिए मालदीव के सदर मोहम्मद मुइज्जु ने भी 'इंडिया आउट' का नारा देकर भारत विरोधी राग अलापा था, मालदीव का सदर बनने के बाद मोहम्मद मुइज्जु हिंदोस्तान की शरण में आ गए ताकि भारत व मालदीव के रिश्ते बेहतर रहें। सितंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति बनते ही वामपंथी 'अनुरा कुमारा दिसानायके' भी भारत की शरण में पहुंचे।
कनाडा की मइशत को वहां के लाखों भारतीय प्रवासी लोग अपनी मेहनत से मजबूत कर रहे हैं। मगर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार भारत कनाडा की किसी भी चीज पर निर्भर नहीं है। हालांकि ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों से कनाडा की आवाम भी खफा थी। भारत विरोधी अलगाववादी ताकतों से ट्रूडो की रफाकत ने कनाडा की सियासी हरारत को इस हद तक बढ़ा दिया जिसका विकल्प ट्रूडो का इस्तीफा ही था। खुद को कनाडा की सियासत का चतुर खिलाड़ी समझने वाले जस्टिन ट्रूडो भारत की डिप्लोमेटिक स्ट्राइक के आगे अनाड़ी साबित हुए। भारत विरोधी विचारधारा कनाडा की सियासत में गहरी पैठ बना चुकी है। दोनों मुल्कों के बिगड़े ताल्लुकात एक मुद्दत तक खुशहाल नहीं हो सकते।

**खुद को कनाडा की सियासत का चतुर खिलाड़ी समझने वाले ट्रूडो भारत की डिप्लोमेटिक स्ट्राइक के आगे अनाड़ी साबित हुए। कनाडाई आयोग की रिपोर्ट में भारत को क्लीनचिट मिलने से ट्रूडो को मुंह की खानी पड़ी है। भारत को अस्थिर करने का ख्वाब देखने वाली देशी व विदेशी ताकतों को भारत की कूटनीति से पस्त हुए कनाडा व मालदीव जैसे मुल्कों से सबक लेना होगा।**

**- प्रताप सिंह पटियाल -**

# कई बार घाटे के बजट से उबार कर उम्मीदें जगाईं

बजट चर्चा

**भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, और प्रत्येक वित्तीय संकट के दौरान सरकार को राजकोषीय घाटे को पाटने और विकास को बनाए रखने के लिए उधारी पर निर्भर रहना पड़ा है। नये बजट की उम्मीदों के साथ ही उन पुराने बजटों की याद भी आ जाती है जो कि असाधारण वित्तीय परिस्थितियों में तैयार हुये थे और जिन्होंने आर्थिक तंगी के बावजूद देश के चहुंमुखी विकास की उम्मीदों को धूमिल होने नहीं दिया।**

**- जयसिंह रावत -**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2025 को लगातार अपना आठवां बजट प्रस्तुत करेंगी। इससे पहले, उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक सात बजट पेश किए हैं। जाहिर है कि सारा देश वित्त मंत्री के बजट के पिटारे के खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। भारत के इतिहास में कई ऐसे बजट पेश किए गए हैं, जिनमें सरकार को भारी कर्ज लेना पड़ा। आमतौर पर यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब देश किसी बड़े आर्थिक संकट, वैश्विक मंदी, या अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना कर रहा हो। कर्ज वाला बजट लाना सरकार की एक मजबूरी होती है, क्योंकि जब देश किसी वित्तीय संकट में होता है, तो सरकार के पास सीमित संसाधन होते हैं और उसे उधारी लेकर अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना पड़ता है। हालांकि, अत्यधिक कर्ज लेने के अपने जोखिम भी होते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है।

**सबसे अधिक कर्ज वाला बजट :** भारत में सबसे अधिक कर्ज वाला बजट 1991-92 में पेश किया गया था। उस समय भारत गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो गया था और आयात के लिए भी धन की भारी कमी थी। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया। इसके लिए सरकार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण लेना पड़ा। इस बजट का मुख्य उद्देश्य था भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर करना और उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना।

**वैश्विक आर्थिक मंदी के चरम का बजट**
इसके बाद 2008-09 में भी सरकार को भारी कर्ज लेना पड़ा। यह वह समय था जब वैश्विक आर्थिक मंदी अपने चरम पर थी। अमेरिका में आई वित्तीय गिरावट का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ा, और भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। इस दौरान सरकार को विभिन्न योजनाओं और आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए भारी उधारी लेनी पड़ी।

**बजट पर पड़ी कोरोना की मार :** हाल ही में, 2020-21 का बजट भी सबसे अधिक कर्ज वाले बजटों में शामिल माना जा सकता है। इस समय पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी। लॉकडाउन




से आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं। इस दौरान सरकार को अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए भारी उधारी लेनी पड़ी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में कई राहत पैकेजों की घोषणा की, जिससे सरकार का राजकोषीय घाटा 9.5ः तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक था।

**आर्थिक संकट से निपटने वाले बजट :** अगर हम इन तीनों बजटों की तुलना करें, तो यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक बजट एक विशेष आर्थिक संकट से निपटने के लिए लाया गया था। 1991-92 का बजट आर्थिक सुधारों की नींव रखने के लिए बनाया गया था, जबकि 2008-09 का बजट वैश्विक मंदी के प्रभाव को कम करने के लिए था। वहीं, 2020-21 का बजट महामारी से उत्पन्न वित्तीय संकट को संभालने के लिए बनाया गया था। इन तीनों ही बजटों में सरकार को अत्यधिक उधारी लेनी पड़ी, जिससे देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा। इन तीनों बजटों से हमें यह सीख मिलती है कि सरकार को वित्तीय संकट के समय संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कर्ज लेना एक आवश्यक उपाय हो सकता है, लेकिन इसे जिम्मेदारी से प्रबंधित करना भी उतना ही जरूरी है।

**दो काले बजट भी झेले भारत ने :** इनके अलावा, भारत में कुछ बजट अत्यधिक घाटे और बढ़ते कर्ज के कारण 'काला बजट' के रूप में भी जाने जाते हैं। सबसे प्रसिद्ध "काला बजट" 1973-74 में पेश किया गया था, जिसे तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंतराव चव्हाण ने प्रस्तुत किया था। इस बजट में भारत का वित्तीय घाटा 550 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, इसी तरह, 1986-87 में वी.पी. सिंह द्वारा पेश किया गया बजट भी "काला बजट" कहा गया, क्योंकि इसमें भारी वित्तीय घाटा था और सरकार को बड़े पैमाने पर उधारी लेनी पड़ी थी।

**घाटे के बजटों की आलोचना**
कई बार घाटे के बजटों की आलोचना भी की जाती है, क्योंकि वे भविष्य के वित्तीय संकटों का कारण बन सकते हैं। उदाहरण के लिए, 1991-92 के बजट ने भारत को आर्थिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ाया, लेकिन इसके कारण सरकारी उपक्रमों का निजीकरण बढ़ा, जिससे कुछ लोगों को रोजगार सुरक्षा की चिंता सताने लगी। इसी तरह, 2008-09 के बजट ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मंदी से बचा लिया, लेकिन इसके कारण सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ गया। 2020-21 का बजट भी महामारी के प्रभावों को कम करने में सहायक रहा, लेकिन इससे सरकारी उधारी अत्यधिक बढ़ गई, जिससे भविष्य में आर्थिक संतुलन बनाए रखना एक चुनौती बन सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था अब अधिक विकसित और आत्मनिर्भर हो रही है, जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचने की संभावना बढ़ रही है। हालांकि, वैश्विक और राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार को हमेशा एक दीर्घकालिक आर्थिक नीति बनानी चाहिए, ताकि देश को कर्ज के बोझ से बचाया जा सके और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

**वित्तमंत्री सीतारमण के सामने चुनौतियां**
देश के सामने मौजूदा परिस्थितियों और खास कर वित्तीय स्थिति तथा विकास की जरूरतों को देखते हुये निर्मला सीतारमण के सामने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने और कर्ज के बढ़ते बोझ को कम करने की चुनौती है। उनके लिये वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू महंगाई को संतुलित रखते हुए खर्चों को सीमित करना आवश्यक होगा।
सरकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे पर निवेश बनाए रखते हुए राजस्व बढ़ाने की रणनीति अपनानी होगी।

वन्यजीव संरक्षण

# विलुप्त हो रहे प्राणियों के पुनर्वास के लिए ऐतिहासिक प्रयास

**साल 2000 में विलुप्त घोषित किए गए स्पिक्स मैकॉ तोते को उनके प्राकृतिक आवास में फिर से बसाने के लिए अनंत अंबानी का वनतारा और एसीटीपी मिलकर ऐतिहासिक प्रयास कर रहे हैं। वनतारा और एसीटीपी ने मिलकर 41 स्पिक्स मैकॉ तोतों को ब्राजील के जंगलों में फिर से बसाया है। 29 जनवरी को 41 स्पिक्स मैकॉ को ब्राजील भेजा गया, जहां उनका पुनर्वास और प्रजनन कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है।**

**- राम किशोर -**

साल 2000 में जंगलों से विलुप्त घोषित किए गए स्पिक्स मैकॉ तोतों (साइनोप्सिट्टा स्पिक्साई) को अब उनके प्राकृतिक आवास में फिर से बसाने के लिए एक ऐतिहासिक प्रयास किया जा रहा है। अनंत अंबानी के वनतारा से जुड़े ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर ने एसोसिएशन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ थ्रेटन्ड पैरट्स (एसीटीपी) के साथ मिलकर इन विलुप्त पक्षियों को नया जीवन देने के लिए काम करना शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के लिए 29 जनवरी का दिन बेहद खास रहा। इस दिन 41 स्पिक्स मैकॉ तोतों को सफलतापूर्वक जर्मनी के बर्लिन स्थित एसीटीपी के ब्रीडिंग सेंटर से ब्राजील के बाहिया में उनके नए घर पहुंचाया गया। अनंत अंबानी का वनतारा इस वैश्विक पुनर्वास कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही, विशेषज्ञ सलाह और संसाधन प्रदान कर रहा है, ताकि यह विलुप्त प्रजाति ब्राजील के कटिंगा जंगल में दोबारा बस सके। इस प्रोग्राम को पहले भी कई कामयाबियां मिली हैं। साल 2022 में 20 स्पिक्स मैकॉ को जंगल में छोड़ा गया था, जिसके बाद करीब दो दशकों में पहली बार जंगल में इनके चूजों का जन्म हुआ। यह प्रोग्राम की सफलता और इसके भविष्य की संभावनाओं को दर्शाता है। आप स्पिक्स मैकॉ को हॉलीवुड फिल्म रियो के मुख्य किरदार के रूप में पहचान सकते हैं।
ब्राजील भेजे जाने के लिए 41 स्पिक्स मैकॉ चुने गए थे।
यह चुनाव उनकी सेहत और वंश परंपरा (पेडिग्री) के आधार पर सावधानी से किया गया था। इस ग्रुप में 23 मादा, 15 नर और 3 ऐसे चूजे थे जिनका लिंग निर्धारित नहीं था। इनमें से कुछ को जल्द ही जंगल में छोड़ दिया जाएगा, जबकि बाकी को प्रजनन कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा ताकि इनकी संख्या बढ़ाई जा सके। 28



जनवरी को इन पक्षियों को बर्लिन से विशेष चार्टर्ड फ्लाइट में ब्राजील के पेट्रोलिना एयरपोर्ट लाया गया। ब्राजील पहुंचने के बाद इन्हें सीधे एक क्वारंटीन सेंटर में भेजा गया, जहां पूरी प्रक्रिया की निगरानी एसीटीपी के दो अनुभवी डॉक्टरों, एक कीपर और वनतारा के एक्सपर्ट टीम ने की। इन तोतों को आसानी से ब्राजील लाने के लिए सीमा पुलिस और कस्टम अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर एक अस्थायी कार्यालय बनाया, जिसके चलते सभी जरूरी काम जल्दी हो गए। इतना ही नहीं, तोतों और उनके साथ आए कर्मचारियों के लिए खास गाड़ियों का भी इंतजाम किया गया था।
एसीटीपी के संस्थापक मार्टिन गुथ ने कहा, हम एसीटीपीकी ओर से अनंत अंबानी और वनतारा का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने स्पिक्स मैकॉ पुनर्वास प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उदार वित्तीय सहायता के अलावा, वनतारा की विशेषज्ञता ने इस विलुप्त हो चुकी प्रजाति के सफल प्रजनन में अहम भूमिका निभाई है।
वनतारा की जैव विविधता संरक्षण और विलुप्त होती प्रजातियों की रक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, उनके संसाधन, जुनून और सहयोगी दृष्टिकोण इस पहल की सफलता में महत्वपूर्ण रही है। यह साझेदारी साझा दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता की ताकत को दर्शाती है और हमें उम्मीद है कि यह दुनिया भर में संरक्षण प्रयासों को प्रेरित करेगी। हम वनतारा के साथ मिलकर और भी कई विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।
साल 2019 में ब्राजील में एक विशेष रिलीज सेंटर स्थापित किया गया था, जिसके बाद 2020 में जर्मनी और बेल्जियम से 52 पक्षियों को वहां लाया गया। 2022 में एक बड़ी सफलता मिली, जब 20 स्पिक्स मैकॉ तोतों को जंगल में छोड़ा गया। ये पक्षी जंगल में अच्छी तरह से रह पाए। जहां इनके सात चूजे भी पैदा हुए, जो दशकों बाद पहली बार हुआ था।
वनतारा भारत और दुनिया के समृद्ध वन्यजीव विरासत को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसके तहत कई संरक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें कैद में पले गैंडों को सुरक्षित प्राकृतिक आवासों में बसाना, एशियाई शेरों की आबादी को बढ़ाने के लिए प्रजनन और उनके आवासों का संरक्षण व सफल प्रजनन कार्यक्रम के बाद भारतीय जंगलों में चीतों की वापसी सुनिश्चित करना शामिल है। स्पिक्स मैकॉ तोते की पुनर्वापसी वनतारा के प्रयासों का एक बड़ा उदाहरण है। यह दुनिया भर में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

## SUDOKU 30

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | | 5 | 8 | | |
| | | | | 8 | | | | 1 |
| | | | 7 | | | 3 | | 5 |
| | | | 8 | | 2 | | | 9 |
| 2 | | | | 4 | | | | 3 |
| 1 | | | 3 | | 9 | | | |
| 3 | | 6 | | | 8 | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | |
| | | 2 | 5 | | | 9 | 8 | 4 |

## SOLUTIONS 29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आर्थिक मामलों में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। धन हानि हो सकता है। यह स्टॉक में निवेश करने का अच्छा समय नहीं है।

**वृषभ :** नई जॉब मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। अप्रत्याशित स्त्रोतों से धन लाभ होगा। आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता पाने के लिए मेहनत करना होगा।

**मिथुन :** व्यापार में मुनाफा होगा। ऑफिस में आपको अतिरिक्त कार्यों की जिम्मेदारी मिल सकती है। शैक्षिक कार्यों की चुनौतियों को दूर करने का प्रयास करें।

**कर्क :** स्टूडेंट्स को शैक्षिक कार्यों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात संभव है। परिजनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मकान बेचने या किराए से धन लाभ हो सकता है।

**सिंह :** धन-संपत्ति में वृद्धि के योग बनेंगे। रुके हुए कार्य चल पड़ेंगे। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में वृद्दि होगी। करियर में छोटी-मोटी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** नौकरी-कारोबार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर मन चिंतित रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की बातों को नजरअंदाज न करें और उनके विचारों का सम्मान करें।

**तुला :** कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजयी मिलेगी। व्यापार में विस्तार होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव संभव है। लव लाइफ बढ़िया रहेगी। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ दिन है।

**वृश्चिक :** भौतिक सुख-सुविधाओं में जीवन गुजारेंगे, लेकिन कुछ कार्यों में अवरोध उत्पन्न रहेंगे। आज क्रोध पर काबू रखें। व्यर्थ के वाद-विवाद से दूरी बनाएं।

**धनु :** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। करियर में मनचाही सफलता मिलेगी। क्रोध पर काबू रखें और समझदारी से फैसले लें।

**मकर :** करियर में तरक्की के कई मौके मिलेंगे। जीवन में जो चाहेंगे, उसकी उपलब्धता होगी। समाज में सराहे जाएंगे। धन का आवक बढ़ेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कुंभ :** सुखद यात्रा के योग बनेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी।। जीवनसाथी से अनबन हो सकता है। प्रेमी से विचार मेल नहीं खाएंगे। जिससे दूरियां बढ़ सकती हैं। खर्च पर नियंत्रण रखें और फालतू के खर्चों से बचें।

**मीन :** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक जीवन में शुभ समाचार मिलेंगे। करियर से जुड़े फैसले बहुत सोच-समझकर लें। विद्यार्थियों को शैक्षिक कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** ०१ फरवरी 2025 दिन शनिवार माघ मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**
सूर्य मकर राशि में चंद्र कुंभ राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध मकर राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**
सुबह प्रातः काल कुंभ राशि का नक्षत्र पूर्वा भाद्रपद का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा प्रातः 10.30 बजे कुंभ राशि का नक्षत्र पूर्वा भद्र पद का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा विश्व का नक्षत्र पाया तांबा रहेगा दोपहर 4.30 बजे कुंभ राशि का नक्शा तो पूर्व भाद्रपद का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 11.00 बजे मीन राशि का नक्षत्र पूर्वा भाद्रपद का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा।
**योग :** परिघ। **करण :** गर।

**चौघड़िया, शनिवार**
सुबह 6.00 से 7.30............काल
सुबह 7.30 से 9.00............लाभ
सुबह 9.00 से 10.30............रोग
सुबह 10.30 से 12.00............उद्वेग
दोपहर 12.00 से 1.30............चर
दोपहर 1.30 से 3.00............लाभ
दोपहर 3.00 से 4.30............अमृत
शाम 4.30 से 6.00............काल

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | पूर्वा भ्रदपद | प्रथम | तांबा | कुंभ | से |
| प्रातः 10.30 | पूर्वा भ्रदपद | द्वितीय | तांबा | कुंभ | सो |
| दोपहर 4.30 | पूर्वा भ्रदपद | तृतीय | तांबा | कुंभ | दा |
| रात्रि 11.00 | पूर्वा भ्रदपद | चतुर्थ | तांबा | मीन | दी |

**राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊँ शनैश्चराय विदमहे छायापुत्राय धीमहि, ऊँ नीलांजन समाभासं रवि पुत्रं यमाग्रजम।। **पं. अरविंद तिवारी**

जीवन दर्शन

## संतुलन जरुरी है मन और जीवन में

स्वामी विवेकानंद ने संतुलित मन की शक्ति को जीवन में सफलता की कुंजी बताया है। उनका मानना था कि एक शांत और नियंत्रित मन असाधारण कार्य कर सकता है। लेकिन एक अशांत और संदेह से भरा मन सबसे बड़ा बाधक बनता है। 1893 में शिकागो में विश्व धर्म महासभा में उनका ऐतिहासिक भाषण इसी मानसिक संतुलन का परिणाम था। उन्होंने कहा था, हम जितना शांत रहेंगे, उतना ही हम प्यार करेंगे और हमारे कार्य उतने ही अच्छे होंगे। असल में संतुलित मन के जरिए हम अपने व्यावहारिक रोजमर्रा के जीवन को बेहतर साध सकते हैं। हम सही फैसले ले सकते हैं। गुस्से में और अशांत मन से लिए गए फैसले हमेशा गलत साबित होते हैं। संतुलित मन से हम मुश्किल स्थितियों का बेहतर सामना कर सकते हैं। हम मन के भटकावों को रोक सकते हैं क्योंकि संतुलित मन हमें हमेशा ऊर्जावान बनाए रखता है और इस ऊर्जा की मदद से हम खुद को कमजोर नहीं पड़ने देते।
अब सवाल उठता है कि संतुलित मन पाया कैसे जाए। तो पतंजलि कहते हैं कि नियमित ध्यान मन की नकारात्मकता को कम करता है। बुद्ध वर्तमान क्षण में जीने पर जोर देते हैं।
स्वामी विवेकानंद अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण बनाए रखना जरूरी मानते हैं। जबकि भगवद्गीता परिणामों से वास्ता छोड़ कर्म में डूबने की शिक्षा देती है। इतना अगर कर पाएंगे तो संतुलन आपकी चेतना में स्थिर होने लगेगा।
इस बात को मन में गांठ बांधकर रख लें कि संतुलन ही जीवन की समस्याओं का निराकरण है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के रूप में जीवन के चार पुरुषार्थों को साधने का एक ही उपया है- संतुलन।
संतुलन में मन को और जीवन को स्थिर करें।

**हम सही फैसले ले सकते हैं। गुस्से में और अशांत मन से लिए गए फैसले हमेशा गलत साबित होते हैं। संतुलित मन से हम मुश्किल स्थितियों का बेहतर सामना कर सकते हैं।**

**-सुंदर चंद ठाकुर**

## संक्षिप्त खबरें

# इन्वेस्टर मीट में की जाए भोपाल शहर की ब्रांडिंग

**जीआईएस की तैयारियों को लेकर मंत्री ने ली बैठक**

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि भोपाल में आगामी 24 एवं 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर समिट आयोजित की जा रही है। इसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। यह आयोजन भोपाल के लिए एक अद्वितीय अवसर है। उन्होंने भोपाल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिशन मोड पर काम करने और समिट की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने ग्लोबल इनवेस्टर समिट की तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर पंकज श्रीवास्तव सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देश दिए गए कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में समिट के आयोजन को लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, भोपाल के सौंदर्यीकरण के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भोपाल शहर की ब्रांडिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भोपाल आ रहे सभी गणमान्य व्यक्तियों को विश्व धरोहर स्थल सांची, भीमबेटका गुफाओं, रातापानी वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व, और भोपाल के ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराने पर जोर दिया है।

# परिवीक्षा खत्म करने प्रोफेसरों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग में 2019 से पदस्थ सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीडा अधिकारी की परिवीक्षा समाप्त नहीं हुई है। इस संबंध में प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ के राजमल राव और राम गुप्ता सहित अन्य प्रोफेसरों ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संघ ने बताया है कि परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं होने से उन्हें मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्हें आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया विभाग धीमी गति से कार्य कर रहा है। दो वर्ष में खत्म होने वाली परिवीक्षा को पांच साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। इसलिए विभाग को अपने कार्य में तेजी दिखाते हुए उनकी परिवीक्षा अवधि जल्द से जल्द समाप्त करने की मांग की गई है। बार बार विभाग में अधिकारियों बदलाव के कारण इनकी परिवीक्षा का कार्य प्रभावित होता रहा है। सहायक प्राध्यापक को परिवीक्षा समाप्त नही होने के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ नही मिलता है, जिसके कारण प्रतिमाह दस से बारह हजार का नुकसान हो रहा है। यही नही इनके साथ ही लगे कुछ साथियों को वरिष्ठ वेतनमान का लाभ भी दिया गया है। विभाग ने आश्वासन दिया है कि दस्तावेजों की पूर्ति नहीं होने के कारण विलंब हो रहा है, लेकिन एक दो माह में उनकी पूर्ति हो जाएगी और परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की कर्रवाई पूर्ण की जाएगी।

# अनूपपुर कलेक्टर चिड़चिड़े राजा की तरह : बादल सरोज

**विसं, भोपाल।** सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा के बादल सरोज ने अनूपपुर कलेक्टर पर आरोप लगाया है कि वो सनकी और चिड़चिड़े राजा की तरह बर्ताब कर रहे हैं। कलेक्टर ने आदिवासियों की बात नहीं सुनी और उन्हें जेल भेजने की धमकी दे डाली। उन्होंने कहा कि यदि कलेक्टर ने माफी नहीं मांगी, तो आंदोलन किया जाएगा। सीपीएम नेता बादल सरोज ने बताया कि अपनी समस्याओं को लेकर आदिवासियों का एक छोटा से प्रतिनिधिमंडल अमरकंटक से चलकर अनूपपुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां उनके द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपने का आग्रह किया गया, मगर उनका कागज लेने और उनसे बात करने की बजाय कलेक्टर बिफर पड़े और उनसे न केवल तू-तड़ाक की अभद्र भाषा में बात की, बल्कि कहा कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई यहां आने की। इतना ही नहीं उन्हें धारा 151 में गिरफ्तार करवा कर जेल भेज देने की धमकी भी दे डाली और पुलिस को बुलवाकर उन्हें पकड़वा भी दिया। बादल सरोज ने कलेक्टर के इस बर्ताब की भर्त्सना करते हुए कहा कि कलेक्टर को माफी मांगनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरे जिले में आंदोलनों की एक श्रृंखला शुरू की जायेगी।

## मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने की संभावना

# चार लाख करोड़ का हो सकता है बजट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार का अगला बजट चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है। इसके लिए वित्त विभाग अपनी अंतिम तैयारी पर है। लेकिन यह 16वें वित्त आयोग की बैठक पर निर्भर रहेगा। बैठक 4 और 5 मार्च को भोपाल में प्रस्ताति है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश का बजट सत्र अगले माह के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है। पिछले दो माह से वर्ष 2025-26 का बजट तैयार करने में जुटे वित्त विभाग ने जनभागेदारी और विशेषज्ञों की सलाह ली है, जिसके आधार पर विभाग द्वारा बजट का प्रारूप तैयार किया गया है। लेकिन इस पर 16वें वित्त आयोग की बैठक के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जानकारों की माने तो आयोग के समक्ष सरकार पूंजीगत मद सहित सहित अन्य संभावनाओं के लिए अपनी दलील प्रस्तुत करेगी। जिस पर आयोग की सहमति मिलने के बाद ही वर्ष 2025-26 के बजट के प्रारुप पर मुहर लगेगी,जिसे सत्र के दौरान सदन में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा,जिस पर चर्चा के उपरांत सदन पारित कराया जाएगा। जानकारों का कहना है कि प्रदेश का वर्ष 2024-25 का बजट 3 लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। 22 हजार करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट के माध्यम से भी विभागों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई गई है। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट चार लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है।



### जीआईएस की वजह से बढ़ा बजट सत्र

गौरतलब है कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24 और 25 फरवरी को आयोजित होनी है,जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश विदेश के बड़े उद्योगपति और निवेशकों की मौजूदगी रहेगी। इसके चलते प्रदेश का बजट अगले माह यानि कि मार्च में आहुत करने का निर्णय लिया गया है। जीआईएस की वजह से इस बार 16वें वित्त आयोग ने भी अब तक प्रदेश का दौरा नहीं किया है। आयोग के दौरे के बाद ही प्रदेश सरकार अपना बजट सदन में पेश करेगी। बताया गया है कि वित्त आयोग का भोपाल दौरा 4 और 5 मार्च को हो सकता है। इसके बाद ही सत्र बजट सत्र शुरु हो गया।

### जापान से लौटने के बाद तय होगी तारीख

इधर मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय ने बजट सत्र को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जापान से लौटने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की उनसे बजट सत्र को लेकर चर्चा हो सकती है। इसके बाद ही सचिवालय बजट सत्र को लेकर राजभवन पत्र भेज सकता है,जहां से अनुमोदन होने के बाद सत्र की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। विधायकों को प्रश्न तथा अन्य प्रस्ताव देने के लिए 25 दिन का समय मिलेगा।

## जीसीसी नीति लागू करने वाला मप्र पहला राज्य

**विसं भोपाल।** राज्य सरकार ने देश में पहली समर्पित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति (जीसीसी) को लागू कर दिया है। इस मामले में मप्र देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भारत की पहली समर्पित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति 2025 लागू की है। इससे राज्य नवाचार व तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर हो गया है। यह नीति भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे टियर-2 शहरों को वैश्विक परिचालन केंद्रों के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे भारत में विस्तार की चाह रखने वाले व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी लाभ मिलेगा। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी-2023 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए यह नई नीति मप्र को एक सशक्त जीसीसी ईको सिस्टम प्रदान करने और राज्य को भारत के तकनीकी विकास में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नीति को कैबिनेट की स्वीकृति मिल चुकी है, जो इसके रणनीतिक महत्व और प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है।

# सहकारिता वर्ष में हर माह होगा भव्य आयोजन: सारंग

**जागरण, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता वर्ष-2025 में राज्य स्तर पर हर माह सहकारिता संबंधी एक भव्य आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और सहकारिता विभाग से जुड़े संबंधित विभागों के केन्द्रीय मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हर माह कार्यक्रम होंगे।



**राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों पर अफसरों से की चर्चा**

सारंग मंत्रालय में सहकारिता वर्ष-2025 के लिए राज्य स्तर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। सारंग ने कहा कि इन कार्यक्रमों में देशभर के सहकारी आंदोलन से प्रख्यात जुड़े लोगों को भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान अन्य राज्य के दलों को आमंत्रित कर मध्यप्रदेश में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य वाली संस्थाओं का भ्रमण एवं प्रदर्शन करवाया जाए। इसके लिए जो स्टडी ग्रुप आयें, तो उनके साथ मध्यप्रदेश का एक दल उन्हें प्रदेश में किए गए नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के बारे में बखूबी जानकारी दे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तर के साथ हर जिले और ग्राम पंचायतों में भी सहकारिता से जुड़ी गतिविधियां संचालित हों। हर जिले में ग्रुप बनाये जाएं और ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाए। साथ ही सहकार और सहकारिता के बारे में हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों को जानकारी दी जाए। हर गांव में सहकार सभा जैसे कार्यक्रम हों। इसमें सरपंच और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जन-जागरण किया जाए। बैंक का बिजनेस बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाए। कृषक और आमजन सहकारी बैंक से जुड़े, इस पर फोकस हो।

# एमसीयू लोकपाल पर कार्रवाई करने नेता प्रतिपक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

## सुनरया के खिलाफ रातीबड़ थाने में की गई थी शिकायत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के लोकपाल का मामला तेजी से गरमाता जा रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर लोकपाल ओमप्रकाश सुनराया के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।



उमंग सिंघार ने पत्र में कहा है कि ओमप्रकाश सुनरया के खिलाफ भोपाल के रातीबड़ थाने में शिकायत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर जनप्रतिनिधियों और धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है। सिंघार का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियां लोकपाल जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अनुचित हैं और यह निश्चित रूप से कदाचरण की श्रेणी में आता है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि मंडल ने भी पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी।

### सामाजिक और संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा मामला

कई दिनों पहले एनएसयूआई ने इस मामले की शिकायत रातीबड़ पुलिस थाने में की थी। विश्वविद्यालय एनएसयूआई प्रभारी तनय शर्मा ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि सामाजिक और संवैधानिक मूल्यों से भी जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि लोकपाल जैसे पद पर बैठे व्यक्ति से निष्पक्षता और जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में दोषी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और प्रशासन को उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। एनएसयूआई के प्रदेश सह सचिव अमन पठान ने कहा कि लोकपाल जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए इस तरह की टिप्पणियां करना पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हमला है।

# ९० हजार टॉपर्स को नहीं मिले लैपटाप और स्कूटी

## मुख्यमंत्री बदलते ही अटकने लगी स्कूलों की योजनाएं

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश सरकार के पास सवा दो सौ करोड़ की राशि नहीं होने से 90 हजार बारहवीं के टॉपर्स को लैपटाप के लिए राशि नहीं मिल सकी है। इसके अलावा निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को स्कूटी भी नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल से बारहवीं में 75 या उससे ऊपर अंक लाने वाले मेघावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाती है। वर्ष 2023-24 में माशिमं की बारहवीं परीक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 90 हजार है। यह संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग 12 हजार ज्यादा है। विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सवा दो सौ करोड़ का बजट चाहिए। विद्यार्थियों को पूर्व में यह राशि दिसंबर के अंत तक मिल जाती थी, लेकिन वर्ष 2023-24 के बारहवीं के मेघावी विद्यार्थियों को यह राशि अब तक नहीं मिली है। इसका प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया था, लेकिन बजट के अभाव में राशि नहीं मिल सकी है। इससे विद्यार्थियों को लैपटाप की राशि नहीं दी गई है। उक्त राशि का आवंटन नहीं होने से वर्ष 2024-25 की माशिमं के बारहवीं के टॉपरों को मिलने वाली राशि पर भी संकट दिखाई दे रहा है।



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माशिमं के मेघावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि देने करीब डेढ़ साल पहले 20 जुलाई को लाल परेड ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एमपी बोर्ड के बारहवीं में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 78 हजार 641 विद्यार्थियों के खाते में लैपटाप खरीदने के लिए 196 करोड़ की राशि ट्रांसफर की थी।

### क्राइटेरिया बढ़ाने घटाए गए अंक

माशिमं बारहवीं के मेघावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए राशि देने की योजना मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2009-10 में शुरु की गई थी। योजना के प्रारंभ में मेघावी विद्यार्थियों का क्राइटेरिया 85 फीसदी अंकों तक रखा गया था। इस दौरान विद्यार्थियों की संख्या भी 20 से 25 हजार के आसपास होती थी। धीरे-धीरे विद्यार्थियों के पासिंग मार्कस भी कम किए गए। एक बार 70 फीसदी तक मार्कस किए गए थे। वर्तमान में बारहवीं में 75 फीसदी का क्राइटेरिया है। इसके साथ ही शासकीय स्कूलों के बारहवी में एक टॉपर को स्कूटी भी देने की योजना शुरु की है। वह सिर्फ स्कूल में टॉपर होना चाहिए। इससे कोइ फर्क नहीं पडेगा कि वह बारहवी में सेकंड डिविजन में पास हुआ है।

### निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी स्कूटी नहीं मिली

भाजपा सरकार की घोषणा के अनुसार सवा साल पहले बारहवीं के सभी स्कूलों के एक-एक टॉपर को मुफ्त स्कूटी देने का निर्णय लिया था। दो साल पहले सरकारी स्कूल के हर एक टॉपर को स्कूटी दी गई थी। साथ ही तत्कालीन मुख्यमंत्री चौहान ने कहा था कि इसे अगले साल (2024) से प्रायवेट स्कूलों के टॉपरों के लिए भी लागू किया जाएगा, लेकिन इस बार सरकारी व प्रायवेट स्कूलों के विद्यार्थियों को स्कूटी नहीं मिल सकी है।

# सरकार ने सात सीएमओ के तबादला आदेश किए जारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अपने 7 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी कर दिए है। इनमें कई मुख्य नगरपालिका अधिकारी भी शामिल है। आदेश के मुताबिक ओम त्रयंब्केश्वर मिश्रा को ककरहटी जिला पन्ना से चाचौड़ा नगर पालिका का सीएमओ बनाया गया है। औबेदुल्लागंज रायसेन की सीएमओ सोनाली शर्मा को नगरपालिका बड़बानी पदस्थ किया गया है। कुशल सिंह डोडवे को बड़वानी से परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण खरगौन,प्रशांत जैन कार्यालय अधीक्षक नर्मदापुरम से सीएमओ मंडीदीप, सुधीर उपाध्याय को मंडीदीप से गैरतगंज, गिरीश शर्मा रतनगढ़ जिला नीमच से मंदसौर के भैंलोदा और खेमचंद मुसले को भैंसोदा से रतनगढ़ का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रुप में पदस्थ किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि नगररीय विकास एवं आवास द्वारा जल्द ही सीएमओ और संचालनालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों की सूची जल्द जारी की जा सकती हैं। इसमें वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारी प्रभावित होंगे।

# एसएन मिश्रा की हुई विदाई, नियामक आयोग के बन सकते हैं चेयरमैन

## मुख्यमंत्री के भोपाल लौटने के बाद लिया जा सकता है निर्णय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपर मुख्य सचिव शिवनारायण मिश्रा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इधर, सेवानिवृत के बाद ही मिश्रा के पुर्नवास की खबरें जरूर आ रही हैं। जानकारों की मानें तो राज्य के मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल रहे एसएन मिश्रा का पुनर्वास संभावित माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जापान दौरे से लौटने के बाद निर्णय लिया जा सकता है। हालांकि इस पर गठित समिति को ही निर्णय लेना है। मध्य प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष का पद 3 जनवरी से रिक्त है, जिस पर नई नियुक्ति की जानी है। इसके लिए तीन सदस्यीय समिति का भी गठन कर दिया गया है। जिसमें केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद, राज्य शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन व जज आरसी वार्ष्णेय शामिल है। यही समिति नए अध्यक्ष के बारे में फैसला लेगी। जानकारों की मानें तो इस पद के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। 32 लोगों ने इस पद के लिए अपने आवेदन दिए हैं, इनमें 8 आईएएस अधिकारी भी शामिल है। इनमें शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए शिवनारायण मिश्रा, मलय श्रीवास्तव, विनोद कुमार, अजीत केसरी और कल्पना श्रीवास्तव के नाम बताए जा रहे है।



### रोचक किस्से सुनाए

इधर शुक्रवार को अपना सेवाकाल पूरा होने पर आईएएस शिवनारायण मिश्रा को सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें मंत्रालय के कक्ष क्रंमाक 506 में समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर मिश्रा ने अपने सेवाकाल के की रोचक किस्से सुनाए, तो उनके समकक्ष व अधीनिस्थ अधिकारियों ने उनकी कार्यशैली की तारीफ की। इसी तरह भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अन्य अधिकारी रामराव भोंसले भी अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए।

# स्कूलों में खरीदी सामग्री बच्चों के हित में हो उपयोग : सीएस

**विसं, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में लिये गये निर्णय को अनिवार्य रूप से समय पर पूरा किया जाए। सरकारी स्कूलों में खरीदी गई सामग्री का शत प्रतिशत बच्चों के हित में उपयोग होना चाहिए। सीएस जैन मंत्रालय में मध्यप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान के स्ट्रेंथनिंग टीचिंग लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स (स्टार्स) और पीएमश्री योजना की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक ले रहे थे। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग और वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिन भवनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है, उन्हें प्राथमिकता के साथ उपयोग में लाया जाए। स्कूल शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग आपस में समन्वय कर उपलब्ध मानव संसाधन का बेहतर उपयोग सुनिश्चत करें। बैठक में मध्यप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान वर्ष 2025-26 की करीब 5,624 करोड़ रूपये की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन भी किया। स्टार्स परियोजना में कार्यकारिणी में करीब 269 करोड़ रूपये की कार्य योजना का मंजूरी दी गयी। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग की पीएमश्री योजना में 274 करोड़ रूपये की कार्य योजना का भी अनुमोदन किया। कार्यकारिणी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 8 करोड़ 68 लाख रूपये की आईटीसी लैब की कंम्प्यूटर व्यवस्था की कार्योत्तर स्वीकृति दी। प्रदेश में 201 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

## यात्रा | सीएम ने कई उद्योगपतियों व औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात, स्वदेश लौटे

# जापान की बड़ी कंपनियां मध्यप्रदेश में निवेश करने को तैयार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपनी चार दिवसीय जापान यात्रा से स्वदेश लौट आए हैं। अपने प्रवास के दौरान सीएम ने कई उद्योगपतियों,औद्योगिक संस्थानओं के प्रतिनिधियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया है। जिससे उम्मीद बढ़ी है कि राज्य में जापान की बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी। सीएम ने भी कहा है कि वहां की बड़ी कम्पनियां मध्यप्रदेश में आकर अपने व्यवसाय और व्यापार को बढ़ाने के लिये तैयार हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी यात्रा के दौरान वहां व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। सीएम ने कहा कि जापान के उद्योग, संस्कृति और तकनीक को करीब से समझने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहाँ से उत्पादों को न केवल भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक भी आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इसका लाभ जापानी कंपनियों को मिलेगा और प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि पैनासोनिक और ब्रिजस्टोन जैसी कंपनियों सहित जापानी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिये सहमति जताई है। डॉ. यादव ने कहा कि जापानी कंपनियां निवेश के फैसले लेने में बेहद सतर्क रहती हैं और गहन अध्ययन एवं शोध के बाद ही आगे बढ़ती हैं। जापान यात्रा के दौरान हमने जिन



प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात कि सभी ने सकरात्मक रुख दिखाते हुए निवेश करने की बात कही। रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़े उद्यमियों से भी चर्चा हुई, जिन्होंने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावना को लेकर रुचि दिखाई है। सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ गए अधिकारियों ने भी अलग-अलग विषयों के प्रेजेंटेशन देकर निवेशकों को मप्र की खूबियों के बारे में जानकारी दी।

### सीएम ने जापान में कई बौद्ध धार्मिक स्थलों के किए दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में कई बौद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां धार्मिक स्थलों की यात्रा करने की परंपरा है। जापान की बौद्ध संस्कृति भगवान सूर्य और गौतम बुद्ध से भी जुड़ी हुई है, जिससे हमें अपनी साझा विरासत के समझने का अवसर मिला।

### विकसित होंगी रेल परियोजनाएं

सीएम ने अपने परिवार सहित जापान में बुलेट ट्रेन से यात्रा की और इसकी उन्नत तकनीक की सराहना की। उन्होंने कहा कि जापान की सहायता से भारत में भी भविष्य में इसी तरह की अत्याधुनिक रेल परियोजनाओं को साकार किया जा सकता है।

### स्वर्ण मंदिर का किया भ्रमण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान यात्रा के चौथे दिन क्योटो स्थित विश्व प्रसिद्ध किंकाकूजी (स्वर्ण मंदिर) का भ्रमण किया। पारंपरिक जापानी स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का प्रतीक यह मंदिर अपनी सोने की परतों से ढंकी भव्य संरचना और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया और जापानी संस्कृति में इसकी ऐतिहासिक महत्ता को करीब से समझा।

### टेम्पल्स-कैसल का किया भ्रमण

मुख्यमंत्री ने जापान दौरे के चौथे दिन क्योटो में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने निजो-जो कैसल, शेंजुशेंगेंडो और टोजी टेम्पल का भ्रमण कर दर्शन किये। क्योटो स्थित निजो-जो कैसल का अवलोकन किया, जो जापान की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर और स्थापत्य कला का प्रतीक है। डॉ. यादव ने कहा कि जापान की ऐतिहासिक संरचनाओं और उनके संरक्षण के अनुभव से सीखकर मध्यप्रदेश के पर्यटन और धरोहर स्थलों के विकास में नवाचार लाया जा सकता है।

### सीएम के साथ ये रहे यात्रा पर

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पेज एक की खबरों का शेष

### महंगाई-बेरोजगारी की...

पर नियंत्रण के उपाय किए जाएंगे। बता दें कि आर्थिक सर्वेक्षण बजट से एक दिन पहले पेश किया जाता है। इसमें देश की जीडीपी का अनुमान और महंगाई समेत कई जानकारियां होती हैं। इससे पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत कैसी है। केंद्र सरकार का आर्थिक मामलों का विभाग इसे तैयार करता है।

### आठ विधायकों ने दिया...

के दलदल में धंस चुकी है। मैंने ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ही आप जॉइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है। मैंने महरौली विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 सालों से लगातार 100 फीसदी ईमानदारी से काम किया है। महरौली के लोग जानते हैं कि मैंने ईमानदारी, अच्छे व्यवहार और काम की राजनीति की है। यादव ने लिखा कि मैंने महरौली के बहुत से लोगों से चर्चा की। सभी ने यही कहा कि आप अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। आपको इस पार्टी को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि इन्होंने लोगों के साथ धोखा किया है। दिल्ली की जनता जानती है कि आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचारियों को ही पार्टी में शामिल कर लिया है।

**5 फरवरी को वोटिंग, 8 को रिजल्ट:** दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इससे पहले इन विधायकों का इस्तीफा आप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### भिंड में रेत ट्रॉली ...

कलेक्टर ने तत्काल खनिज टीम को बुलाया और ट्रैक्टर-ट्राली जब्त करने के निर्देश दिए। टीम ट्रैक्टर ट्राली को ऊमरी थाने ले जा रही थी, तभी अचानक रेत माफिया से जुड़े लोगों ने टीम को घेरकर पथराव कर दिया। खनिज टीम ने जैसे-तैसे बचते हुए कलेक्टर और पुलिस थाने को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर स्थिति को संभाला मगर पथराव करने वाले फरार हो गए। थोड़ी देर बाद कलेक्टर भी मौके पर पहुंच गए। अवैध रेत जब्त कर पुलिस ने खनिज अधिकारी की शिकायत पर 6 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### नस्लवाद अमेरिका की...

सार्वजनिक कर दी थीं। इसके बाद जान से मारने की धमकियां मिलीं। साथ ही उन्हें डिटेस्टेबल सेंड निगर कहा गया। यह एक नस्लभेदी गाली है जिसका इस्तेमाल मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अफ्रीका और साउथ एशिया के लोगों को अपमानित करने के लिए किया जाता है। मेरे साथ यह बर्ताव इसलिए हुआ, क्योंकि मैं श्वेत समुदाय का नहीं हूं।



## वंदे भारत ट्रेन कराएगी स्विट्जरलैंड जैसा एहसास

### इसी हफ्ते शुरू हो सकती हैं ट्रेनें: बर्फ, ऊंचे पहाड़ के बीच से पहली बार ट्रेन में सफर

**जम्मू।** कश्मीर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस आपको स्विट्जरलैंड जैसा एहसास कराएगी। बर्फ से ढके ऊंचे पहाड़, मनोरम दृश्य आपका मन मोह लेंगे। उन नजारों को देखकर ऐसा लगेगा मानो स्विट्जरलैंड घूम रहे हो। चारों ओर बर्फ और स्टेशन के पार बर्फीले ऊंचे पहाड़। सर्दियों में तो पर्यटकों के लिए ये अनुभव बिल्कुल पैसा वसूल होगा। वहीं, गर्मियों के मौसम में भी ट्रेन का सफर काफी रमणीय और दिलचस्प होने वाला है।

रास्ते में रियासी संगलदान बनिहाल काजीगुंड अनंतनाग, श्रीनगर जैसे खूबसूरत स्टेशनों पर ट्रेन रुकेगी। काजीगुंड और अनंतनाग स्टेशन सर्दियों में पूरी तरह से बर्फ से ढंक जाते हैं जो पर्यटकों के लिए अनोखा अनुभव होगा। कश्मीर तक ट्रेन का सपना पूरा हो चुका है। इंस्पेक्शन से जुड़ी औपचारिकताएं भी पूरी हो गई हैं। अब बस श्रीनगर तक यात्रियों के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाने की देर है। पहले जनवरी तक कश्मीर तक ट्रेन चलाने की तैयारी थी। वहीं, फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में लोगों के लिए कश्मीर तक वंदे भारत व अन्य ट्रेनें चलना शुरू होने की उम्मीद है। निरीक्षण से जुड़े सभी काम हो चुके हैं तो संभावना है कि ट्रेन का कश्मीर तक सफर कुछ समय में पूरा हो जाएगा।

### कश्मीर के इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

कश्मीर तक जाने वाली वंदेभारत कई स्टेशनों पर रुकेगी। दिल्ली से चलने वाली वंदे भारत अभी अंबाला कैंट, लुधियाना, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी रुकती है, जिसके बाद ट्रेन सीधे श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा स्टेशन में रुकती है। यहां से ट्रेन का अगला पड़ाव कश्मीर के लिए शुरू होगा। इस दौरान ट्रेन रियासी, संगलदान, बनिहाल, काजीगुंड और अनंतनाग व श्रीनगर जैसे स्टेशनों पर रुकेगी। काजीगुंड स्टेशन में पर्यटकों को एक अलग अनुभव देखने को मिलेगा। सर्दियों में यह स्टेशन पूरी तरह बर्फ से ढंक जाता है। रेलवे ट्रैक पर बर्फ हटाने के लिए मशीनों की मदद ली जाती है। श्रीनगर स्टेशन का नजारा भी देखने वाला होगा। सर्दियों में बर्फ स्टेशनों के ऊपर जम जाती है। अनंतनाग रेलवे स्टेशन पर भी पर्यटक बर्फ का लुत्फ उठा सकते हैं।

**संसद के संयुक्त सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया संबोधित, गिनाईं प्राथमिकताएं**

# दलित, पिछड़े और आदिवासियों को मिल रहा सर्वाधिक लाभ: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को १८वीं लोकसभा के संयुक्त बैठक को संबोधित किया। अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा, उनकी सरकार के प्रयासों का सबसे अधिक लाभ देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को मिल रहा है। आजादी के दशकों बाद भी हमारे जिस जनजातीय एवं आदिवासी समाज की उपेक्षा होती रही, मेरी सरकार ने उसके कल्याण को पहली प्राथमिकता दी है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम-जनमन योजना प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। देशभर में 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से सवा लाख आदिवासी बच्चों को स्कूली शिक्षा दी जा रही है। पिछले 10 वर्षों में आदिवासी बहुल इलाकों में 30 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। विशेष राष्ट्रीय मिशन चलाकर आदिवासी समुदाय की सिकल सेल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस मिशन के अंतर्गत लगभग पांच करोड़ व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।



### राष्ट्रपति ने कहा-

राष्ट्रपति ने कहा, जनजातीय विरासत को सहेजने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का पर्व पूरे देश में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। समाज के पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों को आसान लोन मुहैया कराने पीएम सूरज योजना का विस्तार किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांग जनों तक पहुंचाने के लिए एक करोड़ से अधिक दिव्यांग पहचान पत्र जारी किये गए हैं। स्वच्छता सैनिकों के लिए चलायी जा रही 'नमस्ते योजना' का विस्तार कर अब स्वच्छता का बीड़ा उठाने वाले भाई-बहनों को भी इसमें शामिल किया गया है।

### मोदी बोले- कई ऐतिहासिक बिल पेश होंगे

राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर मीडिया को संबोधित किया था। पीएम ने कहा, इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे। हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करेंगे।

**पेपरलीक रोकने नया कानून**

छात्रों को उच्च शिक्षा में सहायता के लिए योजना। 500 कंपनियों में इन्हें इंटर्नशिप भी दी जाएगी। पेपर लीक रोकने नया कानून लागू किया गया है। ग्राम सड़क योजना के लिए 26 हजार करोड़ की स्वीकृति दी है। पिछले 6 माह में 17 वंदे भारत को जोड़ा गया है।

**25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर:** देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है। सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है।

## सोनिया बोलीं-पुअर लेडी, पीएम बोले-ये आदिवासियों का अपमान



18वीं लोकसभा के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त बैठक में 59 मिनट का अभिभाषण दिया। उनके अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर विवाद हो गया। सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू के लिए पुअर लेडी कहा। वहीं राहुल ने भाषण को बोरिंग बताया। भाजपा ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया और माफी की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि राष्ट्रपति के लिए ऐसे बयान गरीबों और आदिवासियों का अपमान है।



टिप्पणी को लेकर माफी की मांग करने वाली भाजपा को पहले 'देश को डुबोने' के लिए माफी मांगनी चाहिए। मेरी मां 70-80 साल की महिला हैं, उन्होंने इतना कहा है कि राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा कि वह थक गई होंगी, बेचारी..वह पूरा सम्मान करती हैं।

- **प्रियंका वाड्रा**, कांग्रेस सांसद



मैं और भाजपा का हर कार्यकर्ता भारतीय की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी के लिए सोनिया गांधी द्वारा 'बेचारी' शब्द के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करता हूं।


- **जेपी नड्डा**, बीजेपी अध्यक्ष

### सोनिया के बयान से मर्यादा खत्म हुई: राष्ट्रपति भवन

इधर, सोनिया की राष्ट्रपति के अभिभाषण पर टिप्पणी को लेकर विवाद के बीच परंपरा से हटकर सीधे राष्ट्रपति भवन ने सवाल उठाया। राष्ट्रपति भवन ने कहा, सोनिया के बयान से मर्यादा खत्म हुई है। ऐसे खराब बयान से बचा जा सकता था। इससे राष्ट्रपति भवन की गरिमा तार-तार हुई है।

## फिर बजी आमिर के दिल की घंटी

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को कथित तौर पर एक बार फिर प्यार हो गया है। रिपोर्ट्स की



मानें तो एक्टर बेंगलुरु की एक महिला के साथ सीरियस रिलेशनशिप में हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, 59 वर्षीय अभिनेता मिस्ट्री वुमन के साथ रिलेशन में हैं और इसके लिए वो सीरियस भी दिख रहे हैं। पोर्टल ने लिखा, आमिर खान की मिस्ट्री पार्टनर बेंगलुरु से है। उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन आमिर ने हाल ही में महिला को पूरे परिवार से मिलवाया था। इनकी मीटिंग काफी अच्छी रही। हालांकि, आमिर ने इस रिलेशनशिप के बारे में कुछ भी नहीं बोला। वो इसे सीक्रेट रखना चाहते हैं, लेकिन अगर ये बात सच है तो एक्टर की लाइफ का ये नया चैप्टर फैंस के लिए काफी सरप्राइजिंग है। आमिर खान की पहली शादी रीना दत्ता से 1986 में हुई थी। उनके दो बच्चे इरा और जुनैद हैं।

## बेटी के पिता का कारोबार संभालने पर कम नहीं कर सकते क्लेम

### सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसले में कहा, अगर किसी मृतक के आश्रितों (बेटे या बेटियों) ने उसके कारोबार को संभाल लिया तो इस आधार पर मोटर दुर्घटना मुआवजे को कम नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया और मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) द्वारा निर्धारित बीमा राशि का भुगतान करने का आदेश दिया।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने जोर दिया कि मुआवजे के दावों का आकलन करते समय मृतक के व्यवसाय में योगदान पर विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने एक मृतक दंपत्ति की बेटियों को बड़ी राहत दी है, जिन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। मामले में मृतक दंपत्ति एक व्यवसाय चलाते थे और सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। उनकी बेटियों ने दोनों (माता-पिता) के लिए एक-एक करोड़ के मुआवजे की मांग की थी।

लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमएसीटी ने उनके आवेदन पर विचार करने के बाद मृतक पिता के लिए 58.24 लाख और माता के लिए 93.61 लाख रुपए का मुआवजा तय किया और कहा कि 7.5 फीसदी वार्षिक ब्याज के साथ इस राशि का बुगतान किया जाए। फैसले खिलाफ ओरिएंटल इंश्योरेंस से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और तर्क दिया कि चूंकि मृतकों की बेटियों ने कारोबार संभाल लिया है, इसलिए उनकी क्षति का आंकलन कम करके आंका जाए। इस पर मद्रास हाईकोर्ट ने बेटियों द्वारा व्यवसाय को अपने हाथ में लेने के कारण न्यूनतम वित्तीय नुकसान का हवाला देते हुए एमएसीटी द्वारा तय क्लेम राशि को घटाकर 26.68 लाख और 19.22 लाख रुपए कर दिया।

## महामंडलेश्वर पद से कुलकर्णी को हटाया

**प्रयागराज।** महाकुंभ में किन्नर अखाड़े ने बड़ा ऐक्शन लिया है। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। बताया जा रहा है कि सिर न मुंडाने पर ऐक्शन लिया गया है। अजय दास ने खुद को किन्नर अखाड़े का संस्थापक बताया। उन्होंने अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी निकाल दिया। त्रिपाठी ने देशद्रोह की आरोपी ममता कुलकर्णी को अखाड़े में शामिल किया था और उनकी जानकारी के बिना महामंडलेश्वर बना दिया था। दास ने कहा, नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन होगा। उधर, लक्ष्मी खुद को संस्थापक बता रहीं हैं। लक्ष्मी ने कहा, अजय को 2017 में अखाड़े से निकाल दिया था। दरअसल, अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद से विवाद बढ़ा है। दास ने कहा, ममता का बिना किसी धार्मिक व अखाड़े की परंपरा को मानते हुए वैराग्य की दिशा के बजाय सीधे महामंडलेश्वर की उपाधि व पट्टा अभिषेक कर दिया।

## मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर रोक से कोर्ट का इनकार, कहा-माफ करें...

### सुप्रीम कोर्ट ने दायर याचिका की खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उच्चतम न्यायालय ने देशभर के मंदिरों में वीआईपी यानी अति विशिष्ट लोगों को विशेष दर्शन की अनुमति देने की बढ़ती प्रथा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विजय किशोर गोस्वामी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अदालत इस मुद्दे पर निर्देश जारी नहीं कर सकती। हालांकि, पीठ ने कहा कि उसका यह भी मानना है कि इस तरह का विशेष व्यवहार (वीआईपी के लिए विशेष दर्शन की सुविधा) नहीं किया जाना चाहिए।



पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, माफ करें। हम इस पर विचार नहीं करेंगे। हमारी राय हो सकती है कि कोई विशेष वरीयता नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन यह अदालत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने 27 अक्टूबर, 2024 को कहा था कि वह देशभर के प्रमुख मंदिरों में 'वीआईपी प्रवेश शुल्क' लगाने को चुनौती देने वाली रिट याचिका की जांच करेगी। उस याचिका में कहा गया है कि देवताओं के शीघ्र दर्शन करने के एवज में लोगों से शुल्क लेने का चलन आर्थिक रूप से वंचित भक्तों के वर्ग के साथ भेदभाव करती है। साथ ही ये प्रथा संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (सम्मान का अधिकार) का उल्लंघन करती है।

### ढहाई गई दरगाह पर उर्स की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में ढहाई गई विवादित दरगाह पर एक से तीन फरवरी तक उर्स उत्सव की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आवेदन पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, मुख्य मामले पर सुनवाई किए बिना इसे (उर्स उत्सव) मंजूरी नहीं दी जा सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुजरात के संबंधित अधिकारियों का पक्ष रखते हुए कहा कि हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों सहित किसी भी गतिविधि की अनुमति उस भूमि पर नहीं दी जा रही है, जिस पर पहले अतिक्रमण था। हालांकि, आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने बताया कि सरकार की अधिसूचना है कि यह एक संरक्षित स्मारक है।

## स्वरा का एक्स अकाउंट हमेशा के लिए बंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। स्वरा ने खुद इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है।



उन्होंने बताया कि एक्स से उन्हें कॉपीराइट उल्लंघन के मैसेज आए थे। उनकी दो अलग-अलग पोस्टों पर कॉपीराइट की वॉर्निंग आई थी। उन्होंने 26 और 30 जनवरी को एक्स पर पोस्ट शेयर की थी। 26 जनवरी की पोस्ट में उन्होंने लोकतंत्र पर संकट की बात कही थी, जबकि 30 जनवरी को उन्होंने लिखा था-बापू हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों पोस्टों के कारण स्वरा का अकाउंट एक्स ने प्रतिबंधित किया है।

## 5 महिलाओं सहित 15 लोगों ने महिला को निर्वस्त्र कर पीटा, बांधकर घुमाया

### गुजरात के दाहोद में अमानवीयता की हद पार, सभी आरोपी गिरफ्तार

**दाहोद, जेएनएन।** गुजरात में दाहोद जिले के एक गांव में 35 वर्षीय विवाहित महिला के साथ 15 लोगों द्वारा अमानवीय यातनाएं देने का मामला सामने आया है। महिला पर गांव के ही युवक के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाते हुए आरोपियों ने उसे अर्धनग्न कर पिटाई की। इसके बाद बाइक से बांधकर पूरे गांव में घुमाया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना 28 जनवरी की है। पीड़ित महिला गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर मौजूद थी। इसी दौरान लाठी-डंडों से लैस 15 लोगों की भीड़ ने घर पर धावा बोल दिया। महिला को पीटते हुए घर के बाहर लाए और उसके कपड़े फाड़ दिए। उसे बाइक से बांधकर पूरे गांव में घुमाया। आरोपियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया।

### अर्धनग्न महिला का वीडियो बनाते रहे लोग

महिला को यातना देने वाली 15 लोगों की भीड़ में 5 महिलाएं भी थीं। आरोपी महिलाएं पीड़ित को पकड़े थीं और डंडे से पीट रही थीं। महिला उनसे गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी महिलाएं गालियां देते हुए पीटती रहती हैं। भीड़ महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाती रही। कुछ लोग उसका वीडियो बनाते रहे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गांव के ही हैं सभी आरोपी**

दरिंदगी करने वाले आरोपियों में बहादुर कांति डामोर, संजय बहादुर, दियार कीर्तन बहादुर, राजू कांति, धर्मेंद्र राजू, गोविंद भारत, हिमंत गेदल, पप्पू कल्याण, गोपाल पप्पू, विक्रम बहादुर पगी। महिलाओं में हंसाबेन राजू डामोर, चंपाबेन बहादुर, सीताबेन विनोद सिसोदिया, वर्षाबेन पप्पू कल्याण डामोर और रमीलाबेन हिमंत डामोर शामिल हैं।

## शंभू बॉर्डर पर एक और किसान की मौत

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के बीच एक और किसान की मौत हो गई है। किसान की जान हॉर्टअटैक आने से गई है। किसान का नाम प्रगट सिंह है, जो अमृतसर के गांव कक्कड़ तहसील लोपोके का रहने वाला था। किसान 2 एकड़ जमीन का मालिक था। वह 2 बच्चों का पिता था। पंजाब और हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन-2 को 13 फरवरी को एक साल पूरा होने जा रहा है। ऐसे में दोनों मोर्चों पर किसानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। 11 से 13 फरवरी तक होने वाली तीन किसान महापंचायतों को सफल बनाने के लिए किसान नेता पूरी रणनीति में जुटे हुए हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन शुक्रवार को 66वें दिन भी जारी रहा। हालांकि, भूख हड़ताल से डल्लेवाल का शरीर कमजोर हो गया है।

## महाकुंभ-2025 में सफाई, सुरक्षा के कड़े प्रबंध, श्रद्धालुओं में उत्साह

### बोले-पुलिस, जवान लोगों की मदद कर रहे

**महाकुंभ नगर, जेएनएन।** महाकुंभ-2025 में सीएम योगी ने महाकुंभ नगरी में सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को लेकर कड़े प्रबंध किए हैं। इससे देश-दुनियाभर से आने वाले श्रद्धालु खुश नजर आ रहे हैं। व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार की भी तारीफ हो रही है। देशभर से पहुंचे श्रद्धालु सरकार की व्यवस्थाओं से गदगद हैं। इंदौर की श्रद्धालु नीलू ने कहा, योगी जी की मेहनत यहां साफ झलक रही है। पूरी व्यवस्था शानदार है, जिससे हमें कोई परेशानी नहीं हो रही। जयपुर की शकुंतला शर्मा ने कहा, मोदी-योगी की जोड़ी ने बेहतरीन काम किया है। स्नान के दौरान कोई कठिनाई नहीं हुई। व्यवस्थाएं काबिले-तारीफ हैं। जयपुर की ही अलका शर्मा ने कहा कि



कुछ लोग कह रहे हैं कि 20-25 किमी पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। यहां हर जगह सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जो हरसंभव मदद कर रहे हैं। थोड़ी-थोड़ी दूर पर ई-रिक्शा की भी व्यवस्था है। राजस्थान की कंचन ने कहा, महाकुंभ में सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था उम्दा है। सरकार ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है। राजस्थान के मुरारीलाल शर्मा का कहना है कि इस बार महाकुंभ पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित है। सफाई से लेकर कानून व्यवस्था तक हर चीज में सुधार है।

**विस्थापन का दर्द** | झारखंड के घाटशिला में अब एक भी पुरुष नहीं, अब सिर्फ महिलाओं से आबाद

## इकलौते सबर को महिलाओं ने दिया कंधा, बेटियों ने दफनाया

**घाटशिला, जेएनएन।** विस्थापन एक ऐसा दर्द है, जिसका सामना दुनिया के हर इंसान को कभी ना कभी, किसी ना किसी रूप में करना ही पड़ता है। लेकिन भारत में यह समस्या और बड़ी है। जब बात भारत के पूर्वी राज्यों की हो तो विस्थापन का दर्द और तीखा हो जाता है। विस्थापन के दर्द की कहानी बयां करता झारखंड का एक गांव है। यहां के घाटशिला की कालचिती पंचायत के रामचंद्रपुर गांव में 28 सबर परिवार रहते हैं। आबादी महज 80 लोगों की है। जंगल के बीच बसे इस गांव के सभी पुरुष तमिलनाडु और केरल में किसी कंपनी में मजदूरी करते हैं। गांव में रह रहे एकमात्र पुरुष जुंआ सबर (40 वर्ष) की भी बुधवार की रात मौत हो गई। अब यह शायद जिले का ऐसा पहला गांव होगा, जहां अभी एक भी पुरुष नहीं है।

### अर्थी बनाने से लेकर दफनाने तक महिलाओं ने निभाई जिम्मेदारी

मजबूरी में ही सही, सबर की मौत के बाद महिलाओं ने जो उदाहरण पेश किया, वह चर्चा का विषय बना हुआ है। अर्थी बनाने से शव को दफनाने तक की जिम्मेदारी महिलाओं ने निभाई। जुंआ सबर की पहली पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। उसका एक बेटा श्यामल सबर (17) तमिलनाडु गया हुआ है। दूसरी पत्नी गुलापी सबर को एक पुत्र 10 वर्ष का है, जो रिश्तेदार के यहां गया है। ऐसे में



गुरुवार को जुंआ की बेटी और गांव की अन्य महिलाओं ने अपने हाथों से अर्थी तैयार की। इसके बाद अंतिम यात्रा निकाली। इस यात्रा के दौरान गांव की अन्य महिलाएं भी साथ होती गईं। सभी ने मिलकर शव को कंधा देकर श्मशान तक पहुंचाया। अंतिम यात्रा में पत्नी भी शामिल थीं। 14 साल की बेटी ने संतान होने का फर्ज निभाया और जुंआ सबर को गड्ढा खोदकर दफन संस्कार पूरा किया।

### रामचंद्रपुर के सभी पुरुष दूसरे राज्य में करते हैं काम

विलुप्त हो रही सबर जनजाति के गांव रामचंद्रपुर में रोजी-रोजगार के लिए सभी पुरुष तमिलनाडु और केरल जैसे सुदूरवर्ती राज्यों में हैं। जहां से तत्काल पहुंच पाना संभव नहीं है। गांव में 28 सबर परिवार रहते हैं, यहां लगभग 80 से 85 लोग रहते हैं। यहां के 20 युवक और अधेड़ तमिलनाडु गए हैं। बाकी यहां महिला हैं या फिर छोटी बच्चियां।

## पीएचडी की 67 फीसदी खाली सीटों के लिए फिर होगी परीक्षा

### पास हुए 218 विद्यार्थियों के साक्षात्कार लेगा आरजीपीवी

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए एफडीआर घोटाले का असर एक साल बाद तक दिखाई दे रहा है। इसके चलते आरजीपीवी की 17 ब्रांचों में 645 पीएचडी की सीटों में से 218 विद्यार्थी चयनित हो सके हैं। जबकि परीक्षा के लिए एक हजार 140 विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। उक्त सभी सीटों पर प्रवेश देने के बाद शेष 427 सीटों पर छह माह बाद दोबारा प्रवेश परीक्षा की मशक्कत करनी होगी। आरजीपीवी परीक्षा में पास हुए 218 विद्यार्थियों के साक्षात्कार अगले सप्ताह से लेना शुरू कर देगा। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आरजीपीवी में गत वर्ष हुए एफडीआर घोटाले का असर अब पीएचडी पर दिखाई देने लगा है। जहां विद्यार्थी आरजीपीवी से पीएचडी करने के लिए कतार लगाए खड़े रहते थे अब प्रवेश देने इंतजार करना पड़ रहा है। क्योंकि आरजीपीवी को साल में दो बार प्रवेश परीक्षा कराना होती है।

### एफडीआर घोटाले का दिख रहा असर

पिछले साल आरजीपीवी ने आनलाइन प्रवेश परीक्षा कराने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। परीक्षा शुरू होने वाली थी कि इसी दौरान आरजीपीवी के तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत और वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा एफडरीआर का फर्जीवाड़ा सामने आ गया और तत्कालीन कुलगुरु सुनील कुमार गुप्ता को पद से इस्तीफा देना पड़ा और रजिस्ट्रार आरएस राजपूत को फरारी काटनी पड़ी।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

77,500

+740

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| TATA Cons. Prod | 1,031.20 | 5.99% |
| Bharat Elec | 294.20 | 4.99% |
| Trent | 5,817.65 | 4.39% |
| Nestle | 2,387.00 | 4.32% |
| Larsen | 3,590.00 | 4.28% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Bharti Airtel | 1,574.25 | -0.88% |
| JSW Steel | 940.55 | -0.62% |
| Bajaj Finserv | 1,698.20 | -0.52% |
| ICICI Bank | 1,239.10 | -0.22% |
| Apollo Hospital | \6,789.15 | -0.21% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 86.61 |
| € यूरो | 89.95 |
| ¥ येन | 05.59 |
| £ पौंड | 107.59 |

# केंद्रीय बजट में आज मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में मिल सकती है बड़ी राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बजट सत्र की शुरुआत में मीडिया को संबोधित किया। इसमें उन्होंने संकेत दिया कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत मिल सकती है। पीएम मोदी ने इसके लिए धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का आह्वान भी किया।



**क्या इनकम टैक्स में मिलेगी राहत ?:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। उनके बजट भाषण से ठीक एक दिन पहले पीएम मोदी ने खासतौर पर मिडिल क्लास का जिक्र करके अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या बजट 2025 आम आदमी को इनकम टैक्स में राहत देगा, जिसकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है।

वेतनभोगी करदाताओं को उम्मीद है कि बजट में इनकम टैक्स में कटौती, दरों में बदलाव और कर के बोझ को कम करने जैसी राहत मिल सकती है। टैक्स एक्सपर्ट और अर्थशास्त्री भी नई आयकर व्यवस्था के तहत आयकर स्लैब को और अधिक युक्तिसंगत बनाने और मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक डिस्पोजेबल आय देने के लिए मानक कटौती में बढ़ोतरी की वकालत कर रहे हैं।

**किस टैक्स रिजीम में मिल सकती है छूट ?:** सरकार का पूरा फोकस अब न्यू टैक्स रिजीम पर है। इसलिए अगर कोई राहत मिलती है, तो वो नई टैक्स व्यवस्था में ही मिलेगी। वहीं, सरकार ओल्ड टैक्स रिजीम को खत्म करने पर भी विचार कर सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 72 फीसदी टैक्सपेयर्स ने नई आयकर व्यवस्था को अपना लिया है।

**क्यों मिल सकती है टैक्स में राहत ?:** केंद्रीय बजट 2025 ऐसे समय में पेश हो रहा है, जब जीडीपी ग्रोथ दो साल के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई है। यही वजह है कि सरकार अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा देने के लिए इनकम टैक्स रेट में कटौती कर सकती है। इससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बचेगा, जिसके खर्च से खपत को बढ़ावा मिलेगा।

## बजट से पहले सेंसेक्स में 740 अंक की तेजी

**मुंबई, जेएनएन।** बजट से एक दिन पहले आज यानी 31 जनवरी को सेंसेक्स 740 अंक की तेजी के साथ 77,500 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 258 अंक की तेजी रही, ये 23,508 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 899 अंक की तेजी के साथ 49,958 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 25 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों से 44 में तेजी और 7 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत की तेजी रही।

## सोना पहली बार 82 हजार रुपए के पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम बजट पेश होने से एक दिन पहले शुक्रवार को सोना अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 862 बढ़कर 82,165 रुपए हो गया है। गुरुवार को 10 ग्राम सोने का दाम 81,303 रुपए था। वहीं, चांदी की कीमत में भी शुक्रवार को बढ़त रही। ये 993 रुपए बढ़कर 93,177 रुपए प्रतिग्राम किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 92,184 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था।

## 'आओ दीन सीखें' का आयोजन 16 फरवरी को

**रीवा।** इंतजामिया कमेटी कुदरत जामा मस्जिद बाणसागर के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जानकारी देते हुये बताया कि आगामी 16 फरवरी इतवार को 'आओ दीन सीखें-2025' का आयोजन इंतजामिया कमेटी कुदरत जामा मस्जिद बाणसागर के बैनर तले किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम मे बाणसागर कॉलोनी एवं अम्बेडकर नगर पोखरी टोला अन्तर्गत आने वाले मुस्लिम समाज के बच्चे व बच्चियां भाग लेंगे, जिन बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेना है, उनके परिजनों के द्वारा बच्चों का नाम 02 फरवरी तक कमेटी के पास दर्ज करा दें, क्योकि इसके बाद कार्यक्रम मे भाग लेने वाले बच्चों को तैयारी करने हेतु समय मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील कमेटी के सदस्य हाफिज मो. इस्लाम रजा, हाफिज मो. शरीफ रजा, इंजी.अनवारुल हक, दाउद अंसारी, मो. फिरोज अंसारी, हाजी मुख्तार अंसारी, हाजी यामीन खान, मास्टर मो. शरीफ, मो. आबिद अंसारी, मो. आदिल, इंजी. अजहर खान, मो. आरिफ अंसारी, मो. अजीज अंसारी, मो. आरिफ सिद्दीकी, लाली, महमूद उर्फ गोलू, मो. फारूख, मो. शाहिद अंसारी ने की है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति

# आपूर्ति को जोखिम मुक्त करने की आवश्यकता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्थिक समीक्षा 2024-25 में शुक्रवार को कहा गया कि भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति में बदलाव करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाए। समीक्षा में यह भी कहा गया कि भारत को अन्य देशों के साथ मिलकर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते करने चाहिए, ताकि वह अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को और मजबूत कर सके और साथ ही अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति को बेहतर बना सके।



भारत ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में प्रभावशाली प्रगति की है, लेकिन वृद्धी की गति को बनाए रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना होगा। समीक्षा में एक उदाहरण देते हुए कहा गया है कि पारंपरिक कार की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के लिए छह गुना अधिक खनिजों की आवश्यकता है। समीक्षा में कहा गया है कि भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नीति का ध्यान इस पर केंद्रित होना चाहिए कि बैटरी प्रौद्योगिकियों में सुधार हो, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाओं का जोखिम कम हो तथा देश अधिक आत्मनिर्भर बन सके। समीक्षा में आगे कहा गया, इस क्षेत्र में बौद्धिक संपदा को सुरक्षित करना अत्यधिक महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इसके अलावा बैटरी पुनर्चक्रण में निवेश को बढ़ावा देना भारतीय वाहन क्षेत्र को भविष्य में काफी फायदा दे सकता है। ईवी आपूर्ति श्रृंखला के जोखिम को कम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समीक्षा में कहा गया कि कई खनिज जो ईवी निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं, वे भारत में बहुत कम उपलब्ध हैं या उनका प्रसंस्करण नहीं होता जबकि ये खनिज कुछ दूसरे देशों में ज्यादा पाए जाते हैं। समीक्षा में बताया गया कि चीन वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण और उत्पादन में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है। निकेल, कोबाल्ट और लिथियम जैसे खनिजों में चीन वैश्विक उत्पादन का क्रमशः 65 प्रतिशत, 68 प्रतिशत और 60 प्रतिशत प्रसंस्करण करता है।

# डॉ. विजय, डॉ. रेखा, दीपा एवं मोहनलाल को मिला अग्रविभूति सम्मान



## 75वर्ष पूर्ण कर चुके 30 बुजुर्गों को दिया गया वरिष्ठतम अग्रसम्मान

**जागरण, रीवा।** अग्रवाल समाज रीवा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय अग्रवाल समाज भवन फोर्ट रोड में किया गया। अग्रवाल समाज रीवा के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड. के मार्गदर्शन में बालक-बालिकाओं ने देश-भक्ति संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति सुनयना अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया। तदुपरांत राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि व समाजसेवा में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने पर डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. रेखा सिंहल, दीपा अग्रवाल एवं मोहनलाल अग्रवाल को अग्र विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी तारतम्य पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 30 बुजुर्गों का शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले बुजुर्गों में ललिता देवी अग्रवाल, हीरालाल अग्रवाल, मोतीलाल अग्रवाल, मास्टर सीता प्रसाद अग्रवाल, चम्पा देवी अग्रवाल, वीना अग्रवाल, देवमणि अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, बद्री प्रसाद अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल, जवाहरलाल अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सखनलाल अग्रवाल, प्रेमप्यारी अग्रवाल, सोनीबाई अग्रवाल, पद्मा अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, दुर्गा देवी अग्रवाल, कलावती अग्रवाल, गुलाबरानी अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल इत्यादि हैं। समारोह में समाज के अध्यक्ष ने मंत्रिमण्डल की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से मंत्री नूतन अग्रवाल एड. एवं नम्रता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महिला मण्डल की अध्यक्ष शोभा अग्रवाल, समाज के उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, मंत्री नूतन अग्रवाल, सह-मंत्री उत्तमचन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचन्द्र अग्रवाल, कार्यसमिति के दिलीप अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, बसन्त अग्रवाल एवं रामजी अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, जवाहरलाल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, साधना अग्रवाल, जयन्ती अग्रवाल, ममता अग्रवाल, विनीता, अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल सहित सैकड़ों अग्रवाल बन्धु उपस्थित रहे।

## गीतांजलि पब्लिक स्कूल में हुआ फेयरवेल का आयोजन

**रीवा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की फेयरवेल पार्टी मनाई गई। इस रंगारंगमय कार्यक्रम का प्रारंभ सभी विद्यार्थियों को स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के सभी संकाय के विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार के साथ-साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति दी गई। 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के अपने अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान एवं अरुणा प्रधान व विशिष्ट अतिथि विद्यालय संचालक वरुण प्रधान एवं रितिका प्रधान रहीं । शिव प्रसाद प्रधान ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़कर अपने परिवार माता-पिता व गीतांजलि विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी गयी। विद्यालय संचालक वरुण प्रधान एवं रितिका प्रधान ने समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी को मनभावन मध्यान्ह भोजन कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आर्थिक सर्वेक्षण में भारतीय रेलवे अव्वल

**प्रयागराज।** वित्त वर्ष 2025 के दौरान, अब तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार की प्रगति पिछले वर्ष के बराबर स्तर पर रही जबकि रोलिंग स्टॉक की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई। अप्रैल और अक्टूबर 2024 के बीच, 17 जोड़ी नई वंदे भारत रेल गाड़ियां नेटवर्क में शामिल की गईं और 228 कोच तैयार किए गए।

**रेल प्रणाली पर हुई हालिया पहल**
गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) 31 अक्टूबर, 2024 तक 91 जीसीटी शुरू किए गए और 234 स्थानों को मंजूरी दी गई।

**शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन** - भारतीय रेलवे ने 2029-30 तक 30 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा है जिसमें अक्टूबर, 2024 तक 375 मेगावाट सौर और 103 मेगावाट पवन ऊर्जा चालू की जाएगी।

**प्रमुख आर्थिक गलियारे** - तीन रेलवे गलियारों के अंतर्गत 11.17 लाख करोड़ रुपए मूल्य की 434 परियोजनाओं की पहचान की गई है जिन्हें प्रधानमंत्री गति शक्ति पोर्टल पर मैप किया गया है।

**सार्वजनिक निजी भागीदारी** - इसके अंतर्गत 17 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं 16,434 करोड़ रुपए और 8 परियोजनाएं 16614 (करोड़ रुपए) चल रही हैं।

**प्रमुख परियोजनाएं** - मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना दिसंबर, 2015 में मंजूर की गई तथा जापान के सहयोग से चलाई जा रही इस 508 किलोमीटर लंबी परियोजना की संशोधित लागत 1. 08 लाख करोड़ रुपए हो गई है। अक्टूबर 2024 तक इस पर 67,486 करोड़ रुपए के व्यय के साथ इसका 47.17 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

**डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर** - नवंबर 2024 तक 2843 किलोमीटर के डीएफसी नेटवर्क का 2741 किलोमीटर 96.4 प्रतिशत पूरा हो गया है। डीएफसी ने यात्री रेलगाड़ी के हस्तक्षेप के बिना माल ढुलाई की मात्रा में वृद्धि करके भारत में लॉजिस्टिक का स्वरूप बदल दिया है।

यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए उठाए जाने वाले कदम
भारतीय रेलवे यात्री अनुभव और स्टेशन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अनेक पहल कर रहा है। स्टेशन पुनर्विकास, किफायती स्वास्थ्य सेवा, खानपान सेवाओं में सुधार और स्थानीय कारीगरों को समर्थन देने जैसी प्रमुख परियोजनाएं इसमें शामिल हैं।

**अमृत भारत स्टेशन योजना** - इस पहल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से पुनर्विकास के लिए 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है इसमें से 1197 पर काम शुरू हो गया है।

**प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र** - रेलवे स्टेशनों से गुजरने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य और कल्याण हेतु रेलवे स्टेशन परिसरों में 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र पार्टी खोले गए हैं। इसके अलावा 13 नंबर 2024 को ऐसे 18 नए केंद्र खोले गए जो रेलवे स्टेशन पर सस्ती दवाइयां और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

**भोजन और खानपान सेवाएं** - मोबाइल खानपान के प्रबंधन के लिए एक नई नीति 14 नवंबर 2023 को शुरू की गई थी इसके परिणाम स्वरूप 23 नवंबर 2024 तक 557 बेस किचन खोले गए हैं जो 468 जोड़ी रेलगाड़ियों को सेवा प्रदान करेंगे।

**एक स्टेशन एक उत्पाद** - यह योजना 1900 स्टेशनों पर लागू है जिसमें 2163 आउटलेट है जो 79,380 स्थानीय कारीगरों को उनके उत्पादों की बिक्री में अवसर प्रदान करके लाभान्वित करते हैं।

**यात्री सुविधाएं** - यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए 1351 स्टेशनों पर ट्रेन सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, 886 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस प्रणाली और 6112 स्टेशनों पर वाई-फाई उपलब्ध कराया गया है।

**रेलवे में सिग्नल प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए पहल** - भारतीय रेलवे अपने विशाल नेटवर्क में परिचालन दक्षता और संरक्षा बढ़ाने के लिए अपनी सिग्नलिंग और संरक्षा प्रणालियों का आधुनिकीकरण कर रही है। कुछ प्रमुख अपडेट निम्नानुसार हैं-

**मैकेनिकल सिग्नल प्रणाली को हटाना** - भारतीय रेलवे में मैकेनिकल सिग्नल के स्थान पर इलेक्ट्रिक/ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली लग रही है। वित्त वर्ष 2025 में 62 लंबित स्टेशनों में से 25 को इलेक्ट्रिक/ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में अपग्रेड किया गया है। 9 जोनल रेलवे अब मैकेनिकल सिग्नल मुक्त हो गए हैं।

**कवच** - स्वदेशी रूप से विकसित इस ट्रेन सुरक्षा प्रणाली में 1547 करोड़ रुपए का निवेश नवंबर 2024 तक किया गया है। इसके तकनीकी संस्करण 4.0 को 16 जुलाई 2024 को मंजूरी दी गई है।

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग** - वित्त वर्ष 2025 में 227 स्टेशनों पर ईआई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) प्रणाली लगाई गई है। जिसमें कुल 3576 स्टेशनों का कवरेज बढ़ गया है। पहले डायरेक्ट ड्राइव इंटरलॉकिंग प्रणाली नवंबर 2024 में ताजपुर स्टेशन पर शुरू की गई।

**ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग** - उच्च घनत्व वाले मार्गों पर क्षमता विस्तार के लिए ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली लगाई गई है। इस वित्तीय वर्ष में 720 रूट किलोमीटर पूरे हो गए हैं जिसे कवरेज बढ़कर कुल 4906 किलोमीटर हो गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए सिग्नल डिजाइन ऑटोमेशन** - यह टूल स्टेशन इंटरलॉकिंग के लिए रूट कंट्रोल चार्ट जनरेशन को स्वचालित करता है। इसका 5.0 संस्करण 19 सितंबर 2024 को जारी किया गया है।

**लॉजिस्टिक्स और फिजिकल कनेक्टिविटी आधारित सेवाओं में प्रगति :** भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। भारतीय रेलवे पर मूल यात्री यातायात में पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024 में मालभाड़ा राजस्व आय में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बढ़ते यात्री यातायात को देखते हुए सरकार यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। नवंबर 2024 तक देश भर के कुल 7325 स्टेशनों में से 1351 स्टेशनों पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, 886 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम, 5605 स्टेशनों पर डिजिटल घड़ियां और 6071 स्टेशनों पर जन उद्घोषणा प्रणाली लगाई गई है। 6,112 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई है। 2023 में मोबाइल कैटरिंग सेवाओं के प्रबंधन के लिए एक नई नीति पेश की गई है। अब तक 468 जोड़ी ट्रेनों के लिए 557 बेस किचन चालू किया जा चुके हैं। भारतीय रेलवे पर डिजिटलीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों के परिणाम स्वरूप अक्टूबर 2024 तक आरक्षित क्षेत्र में ई-टिकटिंग 86 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अनारक्षित क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों से ली जाने वाली टिकटों में वृद्धि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में 28 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर 2024 तक 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रेलवे ने रिफंड प्रक्रिया को भी बदला है जिससे 98 प्रतिशत मामलों में 24 घंटे के भीतर रिफंड संभव हो गया है। सभी काउंटरों पर डायनेमिक क्यू आर कोड आधारित भुगतान सक्षम किया गया है। क्लाउड नेटिव प्रौद्योगिकियों के उपयोग से यात्री आरक्षण प्रणाली का पुनर्विकास किया जा रहा है।

**पर्यटन** - पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव रेल गाड़ियां को थीम आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेनों के रूप में पेश किया गया है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थानों को प्रदर्शित करती है। इस योजना के तहत सेवा प्रदाता को भोजन, आवास परिवहन, दर्शनीय स्थल, टूर गाइड इत्यादि सेवाएं प्रदान की जाती हैं। आज तक भारत गौरव ट्रेन के कुल 325 फेरों से विभिन्न यात्री गंतव्यों के लिए 1,91, 033 पर्यटकों को सेवा प्रदान की गई है।

## गायत्री विद्या मंदिर स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**रीवा।** गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल नेहरू नगर का 33 वां वार्षिक उत्सव समारोह कृष्णा राजकुमार ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनार्दन मिश्रा सांसद एवं विशिष्ट अतिथि अजय मिश्रा (बाबा) महापौर, वरिष्ठ अतिथि सत्यनारायण चतुर्वेदी पूर्व विधानसभा सचिव और जानेमाने पत्रकार जयराम शुक्ला रहे। छात्र छात्राओं ने नाटक,लोकगीत ,नृत्य और प्रहसन प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के डायरेक्टर राकेश प्रभाकर पाण्डेय द्वारा माउथ आर्गन की प्रस्तुति आकर्षक का केन्द्र रही। कार्यक्रम के दौरान स्कूल जर्नी एवं पूर्व छात्राओं की क्लिपिंग भी दिखाई गई। संपूर्ण कार्यक्रम की गाइड लाइन एवं संचालन विद्यालय के समन्वयक सुमित पाण्डेय ने किया । स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ल एवं अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के डायरेक्टर राकेश प्रभाकर पाण्डेय ने किया। विद्यालय के समन्वयक उत्कर्ष शुक्ल ने आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत वंदन किया।

# पाक चीन देश का गुलाब ले गया, ताशकंद में वतन का लाल सो गया

## मॉडल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस




**रीवा।** मॉडल स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार तिवारी द्वारा किये गये ध्वजारोहरण और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये राष्ट्रगान से हुआ,तत्पश्चात् एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड कर तिरंगे को सलामी दी गयी, साथ ही विशेष करतब दिखाये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पुरा छात्र एवं मण्डल कार्यकारिणी के सदस्य नीरज खरे रहे,जबकि अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार तिवारी ने की। आयोजन दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत संगीत एवं भाषण प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र सिंह, कम्प्यूटर शिक्षक अभिनंदन द्विवेदी ने प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किये। विद्यालय प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि छात्र संस्कारित व संगठित होकर अपने समर्पण,कर्तव्य निष्ठा से देश को पूर्णतया सुरक्षित,सुविकसित, शक्ति संपन्न,समरस राष्ट्र बनायें। उन्होंने पाकिस्तान और चीन के साथ हुये युद्ध में भारतीय सैनिकों की दशा और सरकार की कार्यपद्धति को बया करते एक गीत प्रस्तुत किया जिसके बोल थे 'पाक चीन देश का गुलाब ले गया,ताशकंद में वतन का लाल सो गया,हम सुलह की शक्ल ही संवारते रहे,जीतने के बाद बाजी हारते रहे...'। वीर,शोक और वात्सल्य रस से पूर्ण स्वरचलित इस गीत ने वहॉ मौजूद लोगों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि नीरज खरे ने अपने सारगर्भित भाषण से उपस्थित लोगों के दिलों को स्पर्श किया। कार्यक्रम का संचालन विमलेश द्विवेदी ने किया जबकि आभार वंदना सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

# अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन



**रीवा।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा माय भारत रीवा के तत्वाधान में 5 दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हरदा जिले के 25 युवाओं का आगमन रीवा में गत 27 जनवरी को हुआ था जिसका आज समापन हुआ । कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अखंडता बनाने हेतु एक जिले से दूसरे जिले युवा का आगमन एवं स्थानीय संस्कृति आदि की जानकारी हो सके। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों जिलों के युवा एक दूसरे जिले में आते जाते हैं। युवाओं द्वारा जिले आगमन के पश्चात उनको रीवा की कला संस्कृति एवं भाषा से इनका परिचय कराया गया। इसके अतिरिक्त इनका क्षेत्रीय भ्रमण के अंतर्गत मुकुंदपुर टाइगर सफारी, बीहर रीवा फ्रंट, पंचमठ मंदिर, सैनिक स्कूल, चिरहुला मंदिर, बड़ी हरदी गांव, क्योटी प्रपात , क्योटी किला आदि का भ्रमण कराया गया। इसके अतिरिक्त समस्त स्थानीय मास्टर ट्रेनर द्वारा आए प्रतिभागियों को ट्रेनिंग भी दी गई। कार्यक्रम में दैनिक स्तर पर युवाओं को योगाभ्यास एवं विभिन्न खेल भी खिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुकेश मंडल क्षेत्रीय प्रचार सहायक सूचना प्रसारण मंत्रालय, विकास सोनी ब्लॉक कॉर्डिनेटर खेल विभाग, मुकेश एंगल रिएक्ट संस्था, दिनेश परिहार, राजलाल दाहायत, निखिल, काव्या, शुभम आदि का आभार महेश प्रसाद द्विवेदी लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र रीवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया।

# सराफा दुकान में चोरी का मास्टरमाइंड टैक्सी ड्राइवर समेत चार गिरफ्तार

**रीवा/सतना।** सराफा दुकान का शटर तोड़कर तकरीबन 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग अपचारी हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से सराफा दुकान से चुराए गए जेवर व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 22- 23 जनवरी की दरमियानी रात सिटी कोतवाली अंतर्गत सुभाष चौक स्थित अंशू गुप्ता की रचना गोल्ड ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने तकरीबन 5 लाख रुपए कीमत के जेवर पार कर दिए थे। दुकान संचालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

**बड़ा आदमी बनने की चाहत में बन गया अपराधी :** सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि रचना गोल्ड ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी किशन कुशवाहा पिता राजेन्द्र कुशवाहा 21 वर्ष निवासी पगार थाना सभापुर के अलावा संजीत रजक पिता नत्थूलाल रजक 21 वर्ष निवासी बेरमा थाना मैहर और दो नाबालिग अपचारियों को पकड़ा गया। पूछताछ में चारों ने सराफा दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकारा। नाबालिग अपचारियों के अलावा मास्टर माइंड किशन और उसके साथी का पूर्व का कोई आपराधिक बैकग्राउंड नहीं है। पूछताछ में आरोपी किशन और संजीत ने बताया कि वे शार्टकट अपनाकर बड़ा आदमी बनना चाह रहे थे।

**दूसरी सराफा दुकान का नहीं तोड़ पाए ताला :** चोर गिरोह का मास्टर माइंड किशन है जो पेशे से टैक्सी ड्राइवर है। इस प्लान में उसने अपने परिचित संजीत के अलावा दो नाबालिगों को मिलाया। पूछताछ में इन आरोपियों ने बताया कि मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात कोलगवां थाना अंतर्गत कृष्णनगर स्थित अलंकार ज्वेलर्स में चोरी की नियति से दुकान का शटर और ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन पड़ोस के लोगों के आने पर भागना पड़ा।



## रीवा का सराफा कारोबारी भी धराया

चोर गिरोह के सदस्यों से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात खरीदने वाले रीवा के सराफा कारोबारी संदीप सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी का खरीदने वाले संदीप से पूछताछ कर चोरी के खरीदे गए जेवरातों को बरामद करने का प्रयास पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। सिटी कोतवाली टीआई श्री द्विवेदी ने बताया कि चोरी के जेवर खरीदने वाला संदीप पहले सतना शहर के डालीबाबा में रहता था। संदीप की पहचान चोरी करने वाले आरोपियों से पहले से थी।

### अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने

# नरौरा स्थित कंपनी की खदान में पकड़ा विस्फोटक से भरा वाहन



**नौवस्ता, नि प्र ।** रीवा जिले के नौवस्ता सर्किल में अवैध खनिज पत्थर उत्खनन व निकासी पर प्रशासन रोक नहीं लगा पा रहा। इस अंचल में लगभग आधा सैकड़ा स्टोन क्रेशर संचालित है जिनकी स्वयं की खनिज पत्थर की लीज खदान कुछ नाम के गिने-चुने स्टोन क्रेशर संचालकों की है अधिकांश स्टोन क्रेशर संचालक राजनैतिक रसूग वाले हैं जो अपने दम पर अवैध खनिज पत्थर की निकासी अवैध खदानों से उत्खनन कराकर कराते हैं। खनिज विभाग के अधिकारी कभी कभार अंचल में निरीक्षण में निकलते हैं तब उन्हें मौके पर कोई नहीं मिलते सब नदारत रहते हैं जिससे यह लगता है कि उड़न दस्ता टीम के क्षेत्र में दौड़ा करने की जानकारी उन खनिज माफियाओं को पहले ही हो जाती है । प्रदूषण विभाग के अधिकारी या जिला प्रशासन के एसडीएम बगैरह जिम्मेदार अधिकारी कभी क्षेत्र का दौडा नहीं करते।

### पहले भी पकड़ी जा चुकी है विस्फोटक सामग्री

पिछले दिनों अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों ने विस्फोटक सामग्री से भरा एक वाहन अपने खदान क्षेत्र में पकड़ा था जिसे वहां से नौवस्ता पुलिस चौकी ले गए थे लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में वह विस्फोटक सामग्री अवैध नहीं थी उस वाहन की अनुज्ञप्ति विस्फोटक सहित थी जिससे पुलिस प्रशासन भी कुछ दंडात्मक कार्यवाही नहीं कर सका।

### इनका कहना है

सीमेंट कंपनी के खदान क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री से लदा वाहन मिला जो विस्फोट करने के लिए कंपनी के खदान क्षेत्र में होल कर रहा था जिसे मौके से पकड़ कर नौवस्ता पुलिस चौकी ले आकर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

**अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सुरक्षा प्रमुख राहुल सिंह**

इस संबंध में नौवस्ता पुलिस चौकी प्रभारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि विस्फोटक सामग्री से लदा वाहन विस्फोटक सामग्री के लिए पंजीबद्ध था साथ ही जो विस्फोटक सामग्री लोड थी उसके अनुज्ञप्ति के कागजात वाहन चालक के पास उपलब्ध थे इसलिए उसे हिदायत देकर छोड़ दिया गया निम्नानुसार उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही नहीं की जा सकती थी।

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप-टेन में आने वाले

## विद्यार्थियों को मिलेगा एक लाख रुपये पुरस्कार : डॉ. बी.एल. मिश्रा



**गोविंदगढ़ ब्यूरो।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़, में 76 वें गणतंत्र दिवस के अति भव्य आयोजन का प्रारंभ मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त क्षेत्रीय संचालक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी रीवा संभाग रीवा एवं समाज सेवी नेता डॉ. बीएल मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं भारत माता के पूजन वंदन से किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों के राष्ट्र भक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत गीत, भाषण प्रस्तुत किए।

### मुख्य अतिथि ने किया संबोधित

मुख्य अतिथि डॉ बीएल मिश्रा अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़ जैसे शिक्षण संस्थाओं में ही भारतीय संस्कृति से संस्कारित कर्तव्यनिष्ठ, देश भक्त युवकों का निर्माण होना संभव है। वे कार्यक्रम से अत्याधिक प्रभावित व प्रफुल्लित होकर विद्यालय के भैया बहनों को उत्साहित करते हुए घोषणा किया कि आगामी 12 वीं बोर्ड परीक्षा जो प्रदेश में टाप-टेन में आएगा उसे एक लाख रुपये पुरस्कार देकर सम्मनित करेंगे। उनके इस घोषणा का सभी भैया बहन विद्यालय परिवार व उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। साथ ही उन्होने भैया बहनों को सूर्यनमस्कार नियमित करना भी आवश्यक बतलाया। विशिष्ट अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा एडवोकेट हाकोर्ट म.प्र. जबलपुर नीलिमा गुप्ता अपने सारगर्भित भाषण व गीत ष्स्वयं अब जागकर, हमको जगाना देश है अपनाष् के माध्यम से सभी को उत्तिष्ठ, जागृत एवं चरयवेति का अमर संदेश देते हुए देश के लिए समर्पण भाव से कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

### सर्वोच्च अंक लाने किया प्रेरित

संस्था के व्यवस्थापक जगदीश गुप्ता एडवोकेट ने सभी को गणतंत्र दिवस के अमृत महोत्सव की हार्दिक बधाई देते हुए विद्यालय के सभी भैया बहनों को आगामी वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्च व अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने के लिए प्रोत्साहित किया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर व्यवस्थापक ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में टाप-टेन में आकर उत्तीर्ण होने वाले प्रति छात्रों को ग्यारह हजार रुपये, कक्षा में शत प्रतिशत अंक आने पर कक्षाचार्य को भी ग्यारह हजार रुपये तथा सभी बोर्ड परीक्षाओं में शतप्रतिशत परिणाम आने पर प्राचार्य महोदय को भी इक्कीस हजार रुपये विद्यालय तरफ से देने का उत्साह वर्धक घोषणा किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के आचार्य रामरहीश पाण्डेय द्वारा एवं आभार प्रदर्शन तथा प्रतिवेदन वाचन प्राचार्य श्री सुरेश प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार व सभी भैया बहनों, अभिभावकों के अतिरिक्त प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मकसूदन गुप्त, नरेन्द्र तिवारी, संतोष गुप्त, केशव सोंधिया, श्रवण कुमार तिवारी, समाजसेवी एवं पत्रकार शेषमणि शुक्ला, दिनेश सिंह तिवारी, जितेन्द्र शेखर गुप्ता, शेलेन्द्र सिंह आमिन, अजय वर्मा, विश्वनाथ गुप्ता, शिवनारायण सोनी, विस्तारक प्रशांत तिवारी पूर्व पार्षद ओमशंकर गुप्ता, पंकज पाण्डेय पार्षद, चण्डिकेश्वर सिंह तिवारी, रामचरण सोनी, विजय गुप्ता उर्फ बिज्जू भैया, मृत्युंजय द्विवेदी, पूर्व संरपंच आनंदगढ़, मुकुल किशोर यादव, आदि अनेक गणमान्य नागरिक सहित हजारों लोगो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

## जेपी सीमेंट कंपनी के सेवानिवृत अधिकारियों की दी भावभीनी विदाई



**आंचलिक डेस्क।** जेपी सीमेंट कंपनी जेपी नगर रीवा में कार्यरत माइंस सीनियर मैनेजर धीरेंद्र सिंह फोरमैन रामभुवन शर्मा एवं शौखीलाल एक दिन ही सेवानिवृत हुए, जिनकी विदाई सीमेंट कंपनी के स्टाफ सहयोगी साथियों द्वारा सादे समारोह में की गई इस अवसर पर सर्वप्रथम गुलाल लगाकर माल्यार्पण द्वारा साथियों ने स्वागत अभिनंदन किये उसके बाद श्रीफल एवं अंग वस्त्रम से सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी साथियों ने सेवानिवृत्ति साथियों के शुखमय व आनंद से जीवन व्यतीत हो इस हेतु शुभकामना दी गई। विदाई समारोह का वातावरण बड़ा ही गमगीन हो गया जब अपने बीच से साथियों के सेवानिवृत हो जाने पर अलग हो जाने की भावनाएं मनोभाव में पैदा हो गई। इस अवसर पर माइंस मैनेजर ओम नारायण मिश्रा रुक्मणी द्विवेदी वीरभान त्रिपाठी ओ पी मिश्रा प्रणब छत्रपति दिलीप त्रिपाठी शाह आलम अंसारी यस पी गोस्वामी गिरजानंदन प्रसाद तपन तिवारी शशिकांत मिश्रा उपेंद्र शर्मा रामफल आनंद मिश्रा के साथ ही अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क श्वान एंटीरेबीज वैक्सीनेशन शिविर 2 फरवरी को

### पशु विशेषज्ञ डॉ. बृहस्पति भारती तथा उनकी टीम देगी सेवाएं




**आंचलिक डेस्क।** ज्योतिर्मय फाउण्डेशन द्वारा श्वानों का नि:शुल्क एंटीरेबीज वैक्सीनेशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सतना में 2 फरवरी को आयोजित किया गया है। इस शिविर में सभी पालतु एवं आवारा श्वानों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। शिविर में पशु विशेषज्ञ डॉ. बृहस्पति भारती तथा उनकी टीम सेवाएं देंगी जिसका लाभ क्षेत्रवासी ले सकते हैं। शिविर आयोजन का पता सैनिक कॉलोनी सेंट जोस स्कूल के सामने का मैदान गणेश नगर नई बस्ती सतना है। ज्योतिर्मय फाउण्डेशन का यह अभियान विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाता है, इसी कड़ी में यह आयोजन सतना शहर में किया जा रहा है। फाउण्डेशन के संचालक आलोक तिवारी द्वारा बताया गया है कि उनका यह फाउण्डेशन श्वान के अलावा अन्य जानवरों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा पशुओं को ठंड से बचाने, सड़क दुर्घटना से रक्षा हेतु रेडियम प्लेट बांधने तथा घायल जानवरों का उपचार एवं अन्य पशु कल्याण कार्यक्रम आयोजित करता है। उनका यह महाअभियान जानवरों का टीकाकरण करने के लिए जागरुकता फैलाने में भी मदद करेगा, जिससे पशुपालक टीकाकरण के प्रति जागरूक होकर श्वानों का टीकाकरण के लिए आगे आएंगे तथा समाज रेबीज मुक्त हो सकता है। फाउंडेशन का यह अभियान कई वर्षों से अयोजित हो रहा है जिसमें सैकड़ों श्वान लाभांन्वित हो चुके हैं। फाउंडेशन के संचालक ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह अपने पालतू श्वान एवं गली में घूमने वाले श्वानों को शिविर में लाकर टीकाकरण कराएं एवं श्वानों को बीमारी मुक्त बनाने के अभियान में शामिल होकर समाज को रेबीज मुक्त बनाने में मदद करें।

## शासकीय कन्या हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

### सैकड़ों सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत



**गुढ़ (नि.प्र)।** शासकीय कन्या हाईस्कूल गुढ़ में वार्षिकोत्सव,सांस्कृतिक और चश्मा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा के.पी.तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ के प्राचार्य डॉ.विनय कुमार मिश्र ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गुढ़ एड अनंत कुमार गुप्ता,आई टी सेल प्रभारी डॉ.जनार्दन मिश्र,सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रवीण द्विवेदी, शासकीय कन्या हाईस्कूल गुढ़ के प्राचार्य राघवेंद्र सोहगौरा और पूर्व प्राचार्य पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ डॉ राजेश मिश्रा रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के दीप प्रज्वलन माल्यार्पण, सरस्वती वंदना उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### सोशल मीडिया और उसके दुष्प्रभाव पर नाटक मंचन

अतिथि स्वागत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही बच्चियों द्वारा सोशल मीडिया से संबंधित जीवन में उसके दुष्प्रभाव को नाट्य मंचन का प्रस्तुतीकरण किया गया जो बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक टीम के प्रभारी किरण द्विवेदी और उनके सहयोगी अर्चना सिंह, संगीता पटेल, साधना पाण्डेय को अच्छे कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण के लिए सराहा गया। कार्यक्रम की व्यवस्था में विद्यालयीन परिवार के सदस्य प्रवीण गुप्ता, प्रदीप दुबे का योगदान सराहनीय रहा।

### नेत्र परीक्षण कर बांटे चश्में

इंडिया विजन इंस्टीट्यूट ऑफ चेन्नई और एल आई सी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सौजन्य से नेत्र परीक्षण किया जाकर छात्राओं को भेजे गए चश्मे का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया साथ विगत वर्षों में उत्कृष्ट अंक लाने और प्रतियोगिताओं में विजई छात्राओं को एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा जो गायत्री शक्ति पीठ रीवा द्वारा आयोजित किया गया था उसमें उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण पत्र और अतिथियों द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

उपस्थित अतिथियों को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महसाव के प्राचार्य राज कुमार सिंह,वीणा पटेल, रविशंकर मिश्र,हेमलाल चौरसिया,जीतेंद्र कुमार मिश्र, सुशील कुमार शर्मा,संतोष सिंह, विनोद तिवारी,राजबहोर कुशवाहा, सेवा निवृत्त क्रीड़ा अधिकारी राजरूप पटेल सहित पांच सौ की संख्या में विद्यालयीन छात्राएं, उनके अभिभावक गण और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज से भटकी महिला को कलेक्टर ने पहुंचवाया घर

**मऊगंज ब्यूरो।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में यूपी के जिला श्रावस्ती ग्राम नारायणपुर थाना बैरिहा राजरानी पति राम बच्चन उम्र 55 वर्ष भटक कर पहुंची मऊगंज ग्राम पंचायत भाटी सेंगर पहुंची बीती रात में ग्राम निवासी दिव्यांग कृष्ण कुमार केवट द्वारा रात भर घर में आश्रय देकर सुबह कलेक्टर कार्यालय लाकर कलेक्टर को जानकारी दी वही कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा संबंधित पाते में दूरभाष से संपर्क कर परिजनों को बुलाया गया उक्त महिला को भोजन पानी की व्यवस्था की गई महिला को परिजनों को सौंप दिया गया कलेक्टर द्वारा संदेश के माध्यम से बताया गया कि जो भी व्यक्ति परिजनों के साथ गंगा स्नान करने जा रहे हैं सभी लोग अपना पता पास में रखें और संबंधित व्यक्तियों के साथ में ही रहे हेल्पलाइन सुविधा का प्रयोग करें और सुरक्षा के साथ यात्रा करें प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

## गढ़ थाना में सहायक उप निरीक्षक गंगा सिंह का भव्य विदाई समारोह

### 46 वर्षों की सेवा उपरांत पुलिस विभाग से हुए सेवानिवृत्त



**गढ़।** गढ़ थाना के सहायक उप निरीक्षक गंगा सिंह के 46 वर्षों की अनुकरणीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर गढ़ थाना परिसर में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, जवानों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जहां गंगा सिंह ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए और गढ़ थाना स्टाफ व क्षेत्रवासियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

### 46 वर्षों की समर्पित सेवा, पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्रोत

सहायक उप निरीक्षक गंगा सिंह मात्र 19 वर्ष की उम्र में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे। उन्होंने अपना संपूर्ण कार्यकाल रीवा जिले में ही विभिन्न थानों, पुलिस लाइन और एसपी ऑफिस में निभाया। उन्होंने अपने सेवाकाल में कई चुनौतियों का सामना करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सेवा भाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण वे गढ़ थाना स्टाफ और क्षेत्रवासियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे।

### अपनी विदाई पर गंगा सिंह ने किया संबोधित

गंगा सिंह ने कहा कि मैंने पुलिस सेवा को केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि अपना कर्तव्य और जिम्मेदारी माना। गढ़ थाना में कार्य करते हुए मुझे यहां के स्टाफ और नागरिकों से जो स्नेह और सहयोग मिला, वह अविस्मरणीय रहेगा। विदाई की इस घड़ी में जहां एक ओर खुशी है कि अब मैं अपने परिवार को अधिक समय दे पाऊंगा, वहीं दूसरी ओर गढ़ थाना और यहां के लोगों से बिछड़ने का दुख भी है।

### गढ़ थाना पुलिस और क्षेत्रवासियों ने दी भावभीनी विदाई

इस मौके पर उप निरीक्षक के.एल. बागरी, सहायक उप निरीक्षक याच.डी. वर्मा, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र द्विवेदी, विजय मिश्रा, राहुल बरसेंना,आरक्षक अभिषेक पाण्डेय, बलराम यादव, सुहेल खान एवं डायल-100 के चालक अनूप विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गढ़ थाना स्टाफ द्वारा गंगा सिंह को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं सभी पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने उन्हें फूलमालाओं से लादकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। विदाई समारोह के दौरान कई पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उनके साथ बिताए गए यादगार लम्हों को साझा किया और उनके योगदान की सराहना की।

### सेवानिवृत्ति के बाद परिवार के साथ बिताएंगे समय

अब सेवानिवृत्त होने के बाद गंगा सिंह अपने परिवार को अधिक समय देने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में रहते हुए परिवार के साथ अधिक समय नहीं बिता पाए, लेकिन अब वे अपने जीवन के इस नए चरण में परिवार के साथ खुशहाल समय बिताने के लिए तत्पर हैं।

## वरिष्ठ प्राचार्य तीर्थराज यादव हुए सेवानिवृत्त

**जागरण, रीवा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनगवां में पदस्थ वरिष्ठ प्राचार्य तीर्थराज यादव अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। श्री यादव की गिनती ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ प्राचार्यों में की जाती है। वे कई वर्षों तक अंग्रेजी विषय के लोकप्रिय व्याख्याता रहे हैं। श्री यादव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा में एडीपीसी भी रह चुके हैं। श्री यादव कई वर्षों तक अंग्रेजी विषय के मास्टर ट्रेनर और मूल्यांकन में हेड वैल्यूअर भी रहे हैं। उनके सेवानिवृत होने पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अंग्रेजी विषय के शिक्षकों उनके शुभ चिंतकों ने उनके निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल और भगवत्गीता देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। शुभकामना देने वालों में डॉ सुनील तिवारी, रमसा में व्यावसायिक शिक्षा के नोडल अधिकारी रामजीत चतुर्वेदी, शशिभूषण मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, दीप नारायण तिवारी, प्रभा नंद पटेल आदि हैं।

## रामनरेश साकेत के सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान

### माध्यमिक शाला टेहरा मे हुआ विदाई समारोह



**लालगांव, नि.प्र.।** माध्यमिक शाला टेहरा के प्रधानाध्यापक रामनरेश साकेत शुक्रवार को अपनी अर्द्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनकी विदाई समारोह पर एक सादे कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पताई के प्राचार्य दिलीप कुमार तिवारी ने अपने संस्मरण ताजा करते हुए बताया कि रामनरेश साकेत और हम दोनों लोगो ने इसी विद्यालय मे एक साथ कक्षा पाँच तक की पढाई पूरी की है। औरइसी विद्यालय से रामनरेश साकेत जी का सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त होना हम सबके लिए खुशी और गौरव की बात है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर छोटेलाल साकेत, रामायण प्रसाद पटेल, संतोष कुमार गौतम, कृष्णनारायण दुबे और रामदयाल शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक राकेश कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। आज के विदाई समारोह कार्यक्रम मे विद्यालयीन छात्र, छात्राओ के अलावा गणमान्य नागरिक और शिक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय, मीना मिश्रा, ब्रह्मदत्त पाण्डेय, विश्वनाथ पाण्डेय, दिनेश गौतम, अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय परिवार द्वारा पताई विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार तिवारी, जनशिक्षक राकेश कुमार शर्मा, छोटेलाल साकेत, संतोष कुमार श्रीवास्तव मिश्र सहित राकेश कुमार द्विवेदी को भी सन्मानित किया गया।

## टीपीएस पब्लिक स्कूल हिनौता में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




**हिनौता।** ग्राम हिनौता में संचालित टीपीएस पब्लिक स्कूल का 9 वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज इंदुलकर रहे। अध्यक्षता प्रणव प्रताप सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि संजय द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह, ममता राजा कुशवाहा रहे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। छात्राओं ने सामूहिक नृत्य करके दर्शको का मन मोहा। कई छात्र छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत कर के समाज में जागरुकता का प्रयास किया। अपने संबोधन में डॉ इंदुलकर ने कहा कि बच्चों को बेहतर संभ्रांत नागरिक बनाने में विद्यालय और अभिभावकों का सबसे बड़ा योगदान होता है। यह क्षेत्र में सबसे बेहतर अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय है और जिस लगन से बच्चे मेहनत कर रहे हैं और मैनेजमेंट ध्यान दे रहा है, निश्चित ही आने वाले वर्षों में यहाँ से निकले हुए बच्चे प्रदेश और देश में अपनी छाप छोड़ेंगे। प्रणव प्रताप सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी विशेष महत्व है साथ ही साथ अपने अनुभवों को बच्चो से साझा किया तथा शिक्षकों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। संजय द्विवेदी ने भी शिक्षा संस्कार के महत्व को बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के योगदान और विकास पर बात की। कार्यक्रम में बड़ी तादात में लोग और अभिभावक बंधु तथा माताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के संचालक योगेन्द्र सिंह सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत रीवा ने अथितियों और समस्त अभिभावकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में गिरिजा प्रसाद मिश्रा, सरपंच रितेश चतुर्वेदी, राम सिंह, डॉ विनीत सिंह, डॉ कुलदीप सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## सीएम राइज स्कूल में किया गया सरस्वती पूजन



**हनुमना।** सीएम राइज शास. आरआर उच्च माध्यमिक विद्यालय गौरी में सरस्वती पूजन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती जी का पूजन बच्चों ने धूमधाम से किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण के अंतर्गत 2024-25 में विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

**पुरस्कार वितरण कर किया प्रोत्साहित :** पुरस्कार वितरण समारोह में हनुमना विकासखंड के शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र मिश्रा, पूर्व प्राचार्य श्रीनिवास सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीधर पयासी, विद्यालय के पूर्व छात्र मनोज पाण्डेय नायब तहसीलदार उज्जैन तथा अन्य वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा के हाथों विद्यालय से राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हुए चार छात्र-छात्राओं कोमल, अजय, विनीत, रिशु को पुरस्कार दिया गया। छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने हेतु प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार पटेल द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

## कंचनपुर में चल रही अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा का श्रोताओं ने किया रसपान



**आंचलिक, डेस्क।** रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत कंचनपुर (उक्ठा) गांव में चल रही अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित राधा चरण शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान पंडित हनुमान प्रसाद मिश्र, शौखीलाल मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। भागवत आरती में समस्त कंचनपुर ग्रामवासी व श्रोता आदि मौजूद रहे।

# भारत ने जीती टी-20 सीरीज, इंग्लैंड को दी शिकस्त

## हार्दिक और शिवम ने जड़े अर्धशतक, स्पिनरों ने दिखाया कमाल, हर्षित और बिश्नोई ने लिए तीन-तीन विकेट

**पुणे, जेएनएन।** भारत ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 में 15 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त भी ले ली। पुणे के एमसीए स्टेडियम में इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 181 रन बनाए। इंग्लिश टीम 166 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। रवि बिश्नोई को भी 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। बैटिंग में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने 53-53 रन की पारी खेली। आखिरी टी-20 मैच 2 फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।

### इंग्लैंड 166 रन पर ऑलआउट

20वें ओवर में अर्शदीप सिंह भारत के लिए बॉलिंग करने उतरे। उन्हें 19 रन डिफेंड करने थे। शुरुआती 3 गेंदों पर 3 रन देने के बाद चौथी गेंद पर अर्शदीप ने साकिब महमूद को कैच आउट करा दिया। साकिब के विकेट के साथ इंग्लैंड की टीम ऑलआउट भी हो गई। टीम ने 19.4 ओवर में 166 रन बनाए। 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर हर्षित राणा ने अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने जैमी ओवर्टन को बोल्ड किया। ओवर्टन ने 15 गेंद पर 19 रन बनाए। हर्षित ने लियम लिविंगस्टन और जैकब बेथेल को भी पवेलियन भेजा था। 17वें ओवर में रवि बिश्नोई ने पांचवां विकेट लिया। उन्होंने ओवर की पांचवीं गेंद पर जोफ्रा आर्चर को बोल्ड किया। आर्चर खाता भी नहीं खोल सके। बिश्नोई ने जोस बटलर और बेन डकेट को भी पवेलियन भेजा था।


मैन ऑफ द मैच
शिवम दुबे 53 रन

# लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड पाने वाले सचिन 31वें क्रिकेटर

## बुमराह और स्मृति मंधाना 2024 के बेस्ट खिलाड़ी

**मुंबई, जेएनएन।** बीसीसीआई सचिन तेंदुलकर को लाइफ टाइम अवॉर्ड देने जा रहा है। तेंदुलकर को यह अवॉर्ड शनिवार, 1 फरवरी को बीसीसीआई के हेड ऑफिस में वार्षिक समारोह में दिया जाएगा। बोर्ड के एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टी की है। उसने कहा- हां, उन्हें (सचिन तेंदुलकर) सीके नाइडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा। 51 साल के तेंदुलकर यह अवॉर्ड हासिल करने वाले 31वें क्रिकेटर होंगे। उनके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2023-24 के बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर के लिए बीसीसीआई पॉली उमरीगर अवॉर्ड देगा। जबकि स्मृति मंधाना ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार जीता है। तेंदुलकर ने भारत के लिए 664 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उनके नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मैचों में 15,921 रन बनाए हैं, जबकि 463 वनडे में उनके नाम 18,426 रन हैं। सचिन ने एक टी-20 इंटरनेशनल मैच भी खेला है।

**बीसीसीआई अवार्ड**





**विमेंस** क्रिकेट में साल की सर्वश्रेष्ठ महिला आईसीसी क्रिकेटर का अवॉर्ड मंधाना को मिला। उन्होंने साल 2024 में 747 रन बनाए। मंधाना ने पिछले साल चार एकदिवसीय शतक बनाए जो महिलाओं के फॉर्मेट में एक साल में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल 95 चौके और 6 छक्के लगाए। मंधाना ने 2024 में वनडे में 57.86 की औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**बुमराह 2024 के बेस्ट प्लेयर :** बुमराह को बीसीसीआई से पहले आईसीसी ने टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक को अवॉर्ड की रेस में पीछे छोड़ा। ये सम्मान पाने वाले बुमराह पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने पिछले साल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश के खिलाफ भारत की डोमेस्टिक सीरीज जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैच में 32 विकेट चटकाए।



**खेल एक नजर**

## शार्दुल की बैकबोन हैं उनकी पत्नी मिताली केक बेचकर करती हैं करोड़ों की कमाई



शार्दुल ठाकुर इस वक्त क्रिकेट के हॉट टॉपिक बने हुए हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद वह रेड हॉट फॉर्म में चल रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में विरोधियों के छक्के छुड़ा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में जगह बनाने के लिए मेघालय के खिलाफ मैच जीतना जरूरी है, मैच से पहले सारा फोकस रोहित शर्मा, यशस्वी जयसवाल और श्रेयस अय्यर पर था, लेकिन महफिल शार्दुल ठाकुर लूट ले गए। शार्दुल का नेचर आपको हैरान करने वाला होता है। रणजी ट्रॉफी में जम्मू के खिलाफ छठे राउंड के मुकाबले में शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतक और शतक लगाया था। अब एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मेघालय के खिलाफ 30 जनवरी को हैट्रिक लेकर सनसनी मचा दी है। शार्दुल ठाकुर की पत्नी मिताली पारुलकर न सिर्फ उनकी अच्छी दोस्त हैं बल्कि पावर हाउस भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिताली की बेकरी महाराष्ट्र के ठाणे में सबसे मशहूर हैं, जिसका नाम ऑल जैज बेकरी है। मिताली ने इसे साल 2020 में शुरू किया था। बेकरी में वह कई तरह के केक, कुकीज, ब्रेड, बन्स बेचती हैं। इस कारोबार से मिताली ने 2-3 करोड़ रुपये की नेटवर्थ बनाई है। बिजनेस से पहले मिताली ने कॉर्पोरेट जॉब भी की थी। एक कंपनी में वह बतौर कंपनी सेक्रेटरी काम कर चुकी हैं। (जेएनएन)

# विराट की 13 साल में पहली रणजी ट्रॉफी पारी 15 गेंद 6 रन पर सिमटी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विराट कोहली करीब 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए गुरुवार (30 जनवरी) को उतरे। लेकिन उनकी बल्लेबाजी की बारी शुक्रवार (31 जनवरी) को आई। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में कोहली की पारी महज 15 गेंदों के अंदर सिमट गई। इस दौरान उन्होंने 6 रन बनाए। खास बात यह रही कि इस दौरान किंग कोहली की पारी सिर्फ 23 मिनट के अंदर सिमट गई। अब कोहली की दूसरी पारी की बल्लेबाजी का इंतजार रहेगा। रेलवे के खिलाफ दिल्ली की टीम से खेलने उतरे कोहली का खराब फॉर्म जारी रहा। वो दिल्ली की पहली पारी के 28वें ओवर में रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान की गेंद पर आउट हुए, जिन्होंने उनका ऑफ स्टंप उखाड़ दिया। इसके बाद अरुण जेटली स्टेडियम से दर्शकों ने भी जाना शुरू कर दिया। कोहली के आउट होते ही आरसीबी, आरसीबी और कोहली-कोहली के नारे बंद हो गए। रणजी में रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है और दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकती है। दिल्ली के छह मैचों में 14 अंक है और तकनीकी तौर पर ही वह दौड़ में बनी हुई है। तमिलनाडु के छह मैचों में 25 और चंडीगढ़ के छह मैचों में 19, जबकि सौराष्ट्र के 18 अंक हैं. विराट कोहली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी फ्लॉप रहे थे।



| मैच : 23 | रन : 1553 | शतक : 5 | औसत : 50.77 |
|---|---|---|---|

### आखिरी रणजी 2012 में खेला था

इससे पहले विराट कोहली ने आखिरी बार नवंबर 2012 में गाजियाबाद में वीरेंद्र सहवाग की अगुवाई वाली दिल्ली टीम के लिए सुरेश रैना की अगुवाई वाली उत्तर प्रदेश टीम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और विराट कोहली ने पहली पारी में 14 रन बनाए। कोहली को पहली पारी में भुवनेश्वर कुमार ने आउट किया था। दूसरी पारी में कोहली 43 रन बनाकर फिर से भुवनेश्वर की गेंद पर आउट हो गए थे।

# मार्श पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बोर्ड का सिलेक्शन पैनल जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा करेगा। 33 साल के मार्श ने हाल ही में भारत के खिलाफ खत्म हुई टेस्ट सीरीज के दौरान पीठ में तकलीफ की शिकायत की थी। उस सीरीज में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और आखिरी मैच जो सिडनी में खेला गया था उससे उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था। उस मैच में ब्यू वेबस्टर को उनकी जगह मौका मिला था। आईसीसी ने सभी टीमों के ऐलान की आखिरी तारीख 12 जनवरी रखी थी। हालांकि, स्क्वॉड में 12 फरवरी तक बदलाव किए जा सकते हैं, यह आईसीसी की डेडलाइन है। इससे पहले ही ऑस्ट्रेलिया को मार्श के रिप्लेसमेंट की घोषणा करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप स्टेज के सभी मैच लाहौर और रावलपिंडी में खेलेगा। उसे ग्रुप बी में रखा गया है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका शामिल हैं। टीम की कप्तानी पैट कमिंस को ही सौंपी गई है, हालांकि उनके टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संशय है। कमिंस को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टखने में चोट लग गई थी।

## याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर आर वैशाली से माफी मांगी

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली से यहां टाटा स्टील मास्टर से शतरंज टूर्नामेंट के दौरान 'धार्मिक कारणों' से हाथ नहीं मिलाने के बाद विवादों से घिरे उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी नोदिरबेक याकुबोएव ने फूल और चॉकलेट देकर भारतीय खिलाड़ी से माफी मांगी। याकुबोएव ने यहां चल रही प्रतियोगिता से इतर वैशाली से मुलाकात की और उनसे माफी मांगी। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच के बाद उनके वैशाली के साथ हाथ नहीं मिलाने के कारण पैदा हुए विवाद पर उन्हें पछतावा है। इस अवसर पर वैशाली के छोटे भाई और प्रतियोगिता में भाग ले रहे ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और उनकी मां नागलक्ष्मी भी उपस्थित थी। याकुबोएव ने 'चेसबेस इंडिया' द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो में वैशाली से कहा जो कुछ हुआ, उसके लिए मुझे खेद है। वैशाली ने उनकी माफी स्वीकार कर ली और आश्वासन दिया कि वह नहीं चाहती कि जो कुछ हुआ उसके बारे में उन्हें बुरा लगे। भारतीय खिलाड़ी ने कहा मैं चीजों को अच्छी तरह से समझती हूं। मुझे किसी बात का भी बुरा नहीं लगा और आपको भी बुरा महसूस करने की जरूरत नहीं है। याकुबोएव ने स्पष्ट किया कि उनका भारतीय खिलाड़ी का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा हम दोनों के लिए यह अजीब स्थिति थी। मैं उस दिन जल्दी में था और सचमुच भूल गया। मैं आप दोनों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।




## भारत से मैदान पर दोस्ती ना दिखाएं पाक खिलाड़ी :मोईन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को दुबई में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का मैच होने वाला है। इस बीच में पूर्व कप्तान मोईन खान ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि होने वाले मैच में वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं करें। चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तानी टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान करेंगे। हालांकि पाकिस्तानी टीम की घोषणा अब तक नहीं हुई है। मोईन ने अभिनेता उशना शाह से एक पॉडकास्ट में कहा, जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है कि जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते हैं, हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं और दोस्ताना बातचीत करते हैं।



# अंडर 19 महिला वर्ल्ड कप : फाइनल तक पहुंचा टीम इंडिया का विजय रथ

**कुआलालम्पुर, जेएनएन।** महिला अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का विजय रथ अब फाइनल तक पहुंच गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को बड़ी ही आसानी से 9 विकेट से मात दे दी। इसी के साथ पिछली बार की चैंपियन भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में भारतीय टीम का सामना अब साउथ अफ्रीका से होगा। सेमीफाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करने आई थी। लेकिन उनका ये फैसला पूरी तरह से बेकार साबित हुआ। इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 113 रन बोर्ड पर लगाए। भारतीय टीम के लिए वैष्णवी शर्मा और परुणिका सिसोदिया ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं आयुषी शुक्ला को दो विकेट मिले। इंग्लैंड के लिए डेविना पेरिन ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैड के 114 रन के टारगेट को टीम इंडिया ने सिर्फ 1 विकेट खोकर 15 ओवर में ही चेज कर लिया। इस मैच में टीम इंडिया के लिए जी कामिनी ने 56 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं सानिका चलके 11 रन पर नाबाद रहीं। इसके अलावा जी त्रिषा ने 29 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। अब टीम इंडिया फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। ये मैच 2 फरवरी को खेला जाना है।

**एक भी मैच नहीं हारी टीम इंडिया :** इस साल अंडर 19 टी20 वर्ल्ड में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं हारी है। पहले ग्रुप स्टेज के मुकाबलों में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज, मलेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड को हराया। इसके बाद टीम इंडिया सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ जीतने में भी कामयाब रही।



### फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से सामना

फाइनल में भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला 2 फरवरी (रविवार) को इसी मैदान पर भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। बता दें कि साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की जीत में स्पिन गेंदबाजों परुणिका सिसोदिया और वैष्णवी शर्मा की अहम भूमिका रही। बाद में जी कमलिनी ने शानदार अर्धशतक बनाकर भारत की राह आसान कर दी।

## अहलावत संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर

**बहरीन, जेएनएन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने अंतिम तीन होल में दो बोगी के बाद यहां बेप्को एनर्जीस बहरीन चैंपियनशिप के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया। पिछले हफ्ते रास अल खमैया में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अहलावत पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय अहलावत ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन चार बोगी भी कर गए। इंग्लैंड के ब्रेंडन रोबिनसन थॉम्पसन 11 अंडर 61 के कोर्स के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने तीन शॉट की बढ़त बना रखी है।



# भारतीयों के पास रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की क्षमता : विजय अमृतराज

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व महान टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज का मानना है कि भारतीय खिलाड़ी अगर 'सब कुछ झोंकने' के साथ असाधारण प्रतिबद्धता दिखाने को तैयार रहे तो वे विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान के करीब पहुंच सकते हैं। भारतीय टीम डेविस कप के विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ में शनिवार को कम रैंकिंग वाले टोगो का सामना करेगी। अमृतराज ने कहा कि भारतीय टीम इस टाई की जीत की दावेदार होगी लेकिन यह आसान नहीं होगा। भारत के महानतम एकल खिलाड़ियों में शामिल अमृतराज ने शुक्रवार को एक वीडियो में कहा प्रतिस्पर्धा कठिन है (अंतरराष्ट्रीय टेनिस में)। कोई भी यह नहीं कह रहा कि चीजें आसान है। यहां यह बात अहम है कि आप कितनी मजबूत प्रतिबद्धता दिखाते हैं। यह प्रतिबद्धता खेल के प्रति पूर्ण समर्पण और सब कुछ झोंकने को तैयार रहने जैसी होनी चाहिये। यह ऐसा खेल है जिसमें कोई गारंटी नहीं है। भारत के सिर्फ एक खिलाड़ी सुमित नागल इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल के मुख्य दौर में पहुंचने में सफल रहे लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम में वह शुरुआती दौर से बाहर हो गये। अमृतराज ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को सफलता हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार रहना होगा।



## भारत के लिए खेलने से इनकार करना हास्यास्पद : आनंद अमृतराज

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के डेविस कप में खेलने से इनकार करने को पूर्व कप्तान आनंद अमृतराज ने 'हास्यास्पद' करार देते हुए कहा कि जब देश के लिए खेलने की बात आती है तो पैसा या कोई अन्य कारण कोई बाधा नहीं होना चाहिए। भारत शनिवार से डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में टोगो के खिलाफ खेलेगा लेकिन देश के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल और युकी भांबरी (अब देश के सर्वश्रेष्ठ युगल खिलाड़ी भी हैं) ने इस टाई के लिए खुद को उपलब्ध नहीं कराया। आनंद ने कहा कि उनकी पीढ़ी के लिए राष्ट्रीय ध्वज के लिए खेलना पूरी तरह से एक अलग भावना थी।

## बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**देहरादून, जेएनएन।** मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक एस बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रीय खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग के स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मीराबाई का पसंदीदा वजन वर्ग हालांकि 49 किग्रा है और उन्होंने कुछ समय के लिए 55 किग्रा में भाग लिया था। बिंद्यारानी का दबदबा क्लीन एवं जर्क में भी जारी रहा, जहां उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 113 किग्रा वजन उठाकर वापसी की। इस तरह से उन्होंने कुल 201 किग्रा वजन उठाया जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 202 किग्रा से सिर्फ एक किलोग्राम कम है। बिंद्यारानी के नाम पर अब महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में तीनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल योग दर्ज हैं। बंगाल की शरबानी दास ने रजत पदक जबकि मणिपुर की नीलम देवी ने कांस्य पदक जीता।



**सिटी स्पोर्ट्स**

## वीरेंद्र ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** विगत-15 से 17 जनवरी 2025 तक 46-वीं अखिल भारतीय विद्युत मंडल कुश्ती प्रतियोगिता मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा जबलपुर मध्य प्रदेश में आयोजित की गई, जिसमें अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल के वीरेंद्र कुमार दुबे ने 61-किलोग्राम में भाग लेते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## नीलांग की नाबाद पारी, जीती एमकेसीसी

**भोपाल।** नीलांग मिश्रा की 47 रन की नाबाद पारी के बूते पर टीम एमकेसीसी ने आईसीसी टीम को सात विकेट से हराकर इंदौर के अटल परिसर खेल मैदान पर खेली जा रही इंदौर डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएसन की स्वर्गीय सतीश चंद्र गोठी अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर ली है। प्रतियोगिता के मुकाबले में टास जीतकर एमकेसीसी ने आईसीसी टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। जिसमें आईसीसी टीम ने 35.5 ओवर में 153 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अर्नव कुशवाहा ने 36, ओजस यादव ने 34 और अर्नव सिंधू ने 24 रन की उल्लेखनीय पारी खेली।



# दैनिक जागरण

रीवा, 01 फरवरी 2025 | रीवा शहर | www.dainikjagranmpcg.com


## आकस्मिकता योजनान्तर्गत राशि स्वीकृत

**रीवा।** आकस्मिकता योजनान्तर्गत दो हितग्राहियों को तीन लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अत्याचार से पीड़ित दो हितग्राहियों को तीन लाख रूपये की सहायता राशि आकस्मिकता योजनान्तर्गत मंजूर की गई है।




Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है।
मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
Dr. Ortho Oil — 20% EXTRA
Clinically Tested*
पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज,
यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि हैं
घुटना दर्द | गर्दन दर्द | कलाई दर्द | कमर दर्द
Helpline : 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores


## हत्या के मामले में फरारी काट रहा आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** शहर की विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में 03 वर्ष से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। विश्वविद्यालय पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी रोहित जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल 24 वर्ष निवासी रज्हऊ थाना नईगढ़ी हाल मुकाम पीएम आवास बिछिया के खिलाफ धारा 302, 201, 394 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध था। आरोपी पिछले 03 वर्ष से फरार था, जिसकी पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। फरार आरोपी को पकड़ने में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेन्द्र नाथ शर्मा, प्रआरक्षक रामराज चौबे, अरुण कुमार चौबे सहित पुलिस टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल — ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311


## करोड़ों की धान खरीदी किए बगैर ही राशि हड़पने वाले गिरफ्तार

### रिमांड में लेकर सेमरिया पुलिस कर रही पूछताछ

**जागरण, रीवा।** किसानों के साथ धोखाधड़ी कर शासकीय राशि गबन करने वाले आरोपियों को सेमरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर दो आरोपियों को तीन दिन की रिमांड में लिया है। किसानों के साथ धोखाधड़ी कर शासकीय राशि गबन करने वाले आरोपियों की शिकायत समिति प्रबंधक विपुल सिंह पिता बालकृष्ण प्रताप सिंह 48 वर्ष निवासी बीड़ा ने की थी। बताया गया था कि विजय वेयर हाउस हिनौता नंबर 02 के खरीदी प्रभारी राकेश शुक्ला उर्फ राजा निवासी बेलवा सुरसरी सिंह तहसील सिरमौर तथा सर्वेयर गजेन्द्र सिंह उर्फ गज्जू के द्वारा बिना धान का उपार्जन किये ही उपार्जन की फीडिंग हेतु तौल पर्ची बनाकर फीडिंग कराई गई, जबकि भौतिक रूप से धान केन्द्र पर नहीं आई और ना ही कृषक धान लेकर उपस्थित हुआ। इस प्रकार लगभग 5839.6 क्विंटल धान जिसकी बाजारू कीमती 1.33 करोड़ रुपये है, धोखाधड़ी कर शासकीय राशि का गबन करना पाया गया। जिसके बाद राकेश शुक्ला उर्फ राजा निवासी बेलवा सुरसरी सिंह तहसील सिरमौर तथा सर्वेयर गजेन्द्र सिंह के विरुद्ध थाना सेमरिया में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी गजेन्द्र सिंह उर्फ गज्जू पिता समरजीत सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी झलवार थाना सेमरिया व सत्यार्थ प्रकाश पाठक उर्फ अंकुर पिता ऋषिकेश पाठक उम्र 31 वर्ष निवासी झलवार थाना सेमरिया को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की , जिसमे आरोपियों ने बताया कि वो राकेश शुक्ला उर्फ राजा के साथ मिलकर शासकीय राशि का गबन किए हैं। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया एवं प्रकरण में आरोपियों से धनार्जन किये गये बैंक खाता व स्वयं उपयोग में खरीदी गई संपत्ति व अन्य आर्थिक आय व्यय के ब्योरे की जानकारी मामले में शेष होने से दोनों आरोपियों का 03 दिवस की पुलिस रिमांड के साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### डाढ़ी में किशोरी हत्याकांड का सामने आया पहलू

# पहले कुल्हाड़ी से गला काटा फिर मदद का करता रहा ढोंग

### फोन कर मिलने बुलाया, फिर कर दी थी हत्या

### किशोरी के फोन के कॉल डिटेल ने खोला राज



**जागरण, रीवा**

चोरहटा थाना अंतर्गत डाढ़ी में हुई किशोरी की हत्या का चोरहटा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया। हत्या करने वाला ही परिजनों की मदद का ढोंग कराता रहा। मृतका की मां ने उसी युवक से मदद मांगी, जिसने हत्या की थी। आरोपी पे किशोरी को खून से लथपथ हालत में अस्पताल भी पहुंचाया। जब पुलिस ने युवक को पकड़ा तो परिजनों के होश उड़ गए। उन्हें विश्वास ही नहीं था कि युवक ऐसा कर सकता है।

चोरहटा थाना अंतर्गत डाढ़ी निवासी सतानंद मिश्रा पिता राममिलन मिश्रा उम्र 55 वर्ष की नाबालिग पुत्री की हत्या कर दी गई थी। घर से सुबह 6.30 बजे किशोरी निकली थी। रास्ते में वह खून से लथपथ मिली थी। मां ने बेटी को घायल हालत में देखा तो शुभम यादव को मदद के लिए बुलाया। शुभम यादव की मदद से ही किशोरी को संजय गांधी अस्पताल तक पहुंचाया गया। अस्पताल में किशोरी को मृत घोषित कर दिया गया। किशोरी के शरीर पर गहरे चोट के निशान थे। पुलिस ने किशोरी की मौत के बाद जांच पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल में किशोरी के मोबाइल ने कई अहम राज उगले। जिससे पुलिस हत्यारे तक पहुंच पाई। हत्यारे का खुलासा होने के बाद परिजनों के होश ही उड़ गए हैं।

**हत्यारे का किशोरी के घर पहले से था आना जाना :** मृतक किशोरी का घर के पास ही रहने वाले सतना निवासी शुभम यादव पिता रमेश यादव उम्र 18 वर्ष निवासी देवमऊ दलदल थाना रामपुर बघेलान से कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। काफी लंबे समय से दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए थे। बीच में दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई थी। किशोरी किसी और से बात करने लगी थी। शुभम का इसी बात पर किशोरी से कहासुनी होने लगी थी। शुभम का किशोरी के घर पर ही आना जाना था। सभी उससे बेहतर तरीके से परिचित थे। शुभम मृतक किशोरी के घर से दो किमी की दूरी पर रहता था। दोनों के घरों के बीच में नदी थी। इस पार लड़की का घर तो उस पार लड़के का घर था। लड़की का घर खेत में सूनसान जगह पर बना हुआ है। पिता बाहर नौकरी करते हैं। शुभम यादव ने प्रेम में धोखा देने के कारण ही किशोरी की हत्या की थी।

#### हत्या करने के बाद घर पहुंच गया था

जिस दिन हत्या की गई, उस दिन शुभम ने किशोरी को फोन किया था। युवक के फोन आने पर ही किशोरी मिलने गई थी। युवक पहले से ही वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा था। किशोरी पर युवक ने कई वार किए थे। फिर वहां से भाग कर घर पहुंच गया था। हत्या के बाद भी युवक के चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। सभी के बीच अनजान ही बना हुआ था।

#### किशोरी को फोन करके फंस गया

हत्यारे को पकड़ने में चोरहटा थाना प्रभारी ने सायबर सेल की भी मदद ली। किशोरी के फोन कॉल की डिटेल निकाली। फोन कॉल में अंतिम कॉल शुभम यादव का ही था। इसी आधार पर लोकेशन भी ट्रैस की गई। शुभम यादव को पुलिस ने उठाया। पूछताछ की तो सारा राज खुल गया। युवक ने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली गई है। पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या के खुलासे में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह, उनकीटी, एफएसएल वैज्ञानिक डॉ महेन्द्र सिंह, चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा, चौकी प्रभारी नौवस्ता प्रशांत शुक्ला, उनि गौरव मिश्रा, बालकेश सिंह, प्रआर आशीष त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय, पंकज मिश्रा, अशोक वर्मा, नितिश सिंह, शिवमूर्ति मिश्रा की भूमिका अहम रही।

> किशोरी का हत्यारा पकड़ा गया है। शुभम यादव हत्या करने के बाद परिवार की मदद करता रहा। फोन कॉल के आधार पर ही शुभम तक पुलिस पहुंची। हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।
>
> **आशीष मिश्रा**
> **थाना प्रभारी, चोरहटा रीवा**

## नदी किनारे नाबालिग से रेप

**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहर नदी के पास एक नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाना में दर्ज करवाई है। घटना के संबंध में पीड़िता ने सिविल लाइन पुलिस को बताया कि वह आरोपी को पिछले 5 माह से जानती थी। आरोपी आरिफ खान उसे नदी किनारे घुमाने ले गया जहां गलत काम करने का प्रयास किया, जिसका वह विरोध की तो उसके साथ मारपीट कर जबरन दुष्कर्म किया साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। डर के चलते किशोरी ने यह बात किसी को नहीं बताई। जब वह दोबारा किशोरी से गलत काम करने का दबाव बनाने लगा तो उसने पूरी घटना की शिकायत शुक्रवार को परिजनों के साथ पहुंचकर सिविल लाइन थाना पुलिस से की है। पीड़िता की शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

> **सिविल लाइन थाना में पीड़िता ने दर्ज कराई शिकायत**

## अवैध हथियार से फायरिंग करने के मामले में दो और आरोपी पकड़ाए

**रीवा।** गणतंत्र दिवस के दिन बिना अनुमति के जुलूस रैली निकालकर अवैध हथियार से फायर करने वाले आरोपी युवकों का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर पूर्व में दो आरोपियों को पकड़ा था, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी राज तिवारी पिता दशरथ तिवारी 20 वर्ष निवासी पहड़िया थाना रायपुर कर्चुलियान व सचिन वर्मा पिता सुरेश वर्मा 19 वर्ष निवासी जरा थाना नंदीगांव (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।


DnD Marriage Garen
For Booking Contact: 6260806864
पताः कोष्टा जिवला, रतहरा, रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज | सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा — स्त्री एवं प्रसूति रोग — निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ — MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) — फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

हृदय रोग OPD सीधी में
डॉ. शिरीष मिश्रा — M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेंट, मैक्स हास्पिटल एवं बी एल कपूर, हॉस्पिटल नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनिर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार 01 फरवरी को
परामर्श- • हार्ट अटैक • सीने का दर्द • ब्लड प्रेशर • डायबिटीज • सांस फूलना • दिल की धड़कन अनियमित होना • चक्कर आना • स्टेंट • पेसमेकर • वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग
हृदय रोग संबंधी लक्षण • हृदय एवं सीने में दर्द का अनुभव होना • आकस्मात हृदयघात (हार्ट अटैक) • सीने में जलन, जकड़न एवं भारीपन • सांस का अध्याधिक फूलना • धड़कन का अत्याधिक तेज होना
एंजियोग्राफी, पेसमेकर, एंजियोप्लास्टी, वाल्व प्रक्रिया
DK हॉस्पिटल — LIC ऑफिस के सामने, कलेक्ट्रेट रोड, सीधी — समयः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक
न्यू मिश्रा हॉस्पिटल — LIC ऑफिस के बगल में, सीधी — समयः 12:00 बजे से 02:00 बजे तक
पंजीयन हेतु संपर्क करेंः टोल फ्री नं.-18008892250
Mob.: 8870288324, 9893516364

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा — M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल , नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श: हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर — समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल


## महिलाओं के एक करोड़ से अधिक रुपए लेकर चंपत महिला के मां-भाई पकड़ाए

### भाई और मां जाली तोड़कर घर में किया प्रवेश, मोहल्लेवासियों ने दी पुलिस को सूचना



**जागरण, रीवा।** समूह के नाम से महिलाओं से करीब एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि लेकर चंपत होने वाली बांसघाट निवासी महिला का भाई और उसकी मां शुक्रवार रात समूह की महिलाओं के हत्थे चढ़ गए, जिन्हें महिलाओं और उनके परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर पुलिस के हवाले किया, जो महिला समूह की महिलाओं की राशि लेकर चंपत हुई थी। फिलहाल उसका भाई और मां उसके बारे में कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। पुलिस पूछताछ के लिए दोनों को थाने लेकर गई। हालांकि भाई और उसकी मां ने आरोपियां की जानकारी के संबध में अनभिज्ञता जताई। कहा नहीं पता की मंजू कहां है।

**पचास से अधिक महिलाओं को जोड़ा समूह में :** प्राप्त जानकारी के अनुसार बांसघाट निवासी मंजू सिंह संतोष सिंह और प्रीती सिंह करीब दो-ढाई माह पूर्व मोहल्ले में बने महिला समूह की करीब एक करोड़ 7 लाख से अधिक राशि लेकर चंपत हो गईं। महिला समूह से जुड़ी सुनीता नामदेव, दिव्या नामदेव, पूर्णिमा सिंह, अदा श्रीवास्तव, सपना दाहिया, कुमकुम श्रीवास्तव, शशि भुजवा, रिंकी चौरसिया, शांति रजक, रामवति नामदेव, अंजली गुप्ता, सविता नामदेव, सीमा लुनिया, सुधा नामदेव, विमला कोल आदि ने बताया कि उनके द्वारा प्रयवेट कंपनी से ऋण लिया गया था, किसी का चार लाख, किसी का तीन लाख, किसी का ढाई लाख, किसी का डेढ़ लाख, किसी का लाख रुपए है। लगभग पचास से अधिक महिलाओं को समूह में जोड़ा गया था। जिन्हें प्रायवेट कंपनी से ऋण दिलवाकर मंजू और उसका पति नदारद हो गए। उक्त राशि लेकर मंजू सिंह, संतोष सिंह और प्रीती सिंह नदारद हो गए। जिसकी उनके द्वारा पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है। जिस कंपनी से ऋण लिया गया था। उस कंपनी के लोग रोजना ऋण अदा करने के लिए उन्हें परेशान कर रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक लोग सुबह उठने से पहले उनके घर ऋण वसूलने पहुंच जाते हैं।


विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल — MBBS, MD (Dermatology & STD) — चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

अपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल द्वारा पेट, आँत एवं लिवर रोग विशेषज्ञ OPD
डॉ. सौरभ दुबे — MBBS, MS, DrNB (सर्जिकल गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी) मेदांता द मेडिसिटी गुड़गांव नई दिल्ली
पेट, आँत एवं लिवर रोग एवं सर्जिकल गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी सुपर स्पेशलिस्ट
02 फरवरी, 2025 प्रत्येक माह के दूसरे रविवार | समय सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे
विशेषज्ञ • पेट के सभी तरह के कैंसर • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • मोटापा • पेट दर्द और जलन • खाना निगलने में समस्या • पीलिया • मल में खून आना • कब्ज • पित्त की नली का फलना • पित्त की थैली व नली में कैंसर • आंतो में कैंसर • आंतों में छेद व रूकावट • आंतो में अल्सर एवं टीबी • लीवर में मवाद व सूजन • लीवर में कैंसर • पैंक्रियाज में सूजन • पैंक्रियाज में कैंसर • हर्निया • अपेंडिक्स • पाईल्स • फिसर • फिस्टुला • साईनस • सभी प्रकार की गठान • तिल्ली का बढ़ना • खून की उल्टी होना • हायटस हर्निया
कामता मेडिकल — ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311

भोपाल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ रीवा में
02 फरवरी रविवार, रीवा में — नियमित OPD प्रत्येक रविवार को — समयः सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक
डॉ. पवन कुमार मिश्रा — एमबीबीएस, डीएनबी (आर्थोपेडिक) आर्थोपेडिक सर्जन, चिरायु मेडिकल कालेज भोपाल
ट्रामा, आर्थोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
• घुटने, कूल्हे, कंधे, कमर, गर्दन एवं पीठ का दर्द • सर्वाइकल स्पोंडोलाइटिस • गठियाबात • जोड़ों के घिसने एवं टेढ़ेपन का ईलाज • घुटने व कूल्हे का अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण • घुटने के लिगामेंट इंजुरी का अत्याधुनिक ईलाज • ट्रामा एवं फ्रेक्चर • अर्थराइटिस, हड्डियों की कमजोरी
कामता मेडिकल — ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311

मान. उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश दिनांक 31.01.2025 के पालन मे
नर्सिंग पाठ्यक्रमो ( GNM, B.Sc. (नर्सिंग) ) Post B.sc (N) एवं Msc (N) में ऑनलाइन काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सम्पर्क करें
विंध्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग — सतना / शहडोल (म.प्र.)
7869553564, 8305973221, 9285181997, 9039076216
नोटः आवेदक छात्र/छात्रा का PNST एवं GNMST प्रवेश परीक्षा क्वालिफाई होना आवश्यक है



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com